


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

### कांग्रेस का आरोप : जवाब न देकर सरकार ने साफ किए इरादे, उन्होंने पेगासस के इस्तेमाल किया

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार ने अपनी कार्रवाई से यह स्पष्ट कर दिया है कि उसने लोकतंत्र को कमजोर करने क लिए इस्राइल के स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा, हर कोई जानता है कि इस हथियार का इस्तेमाल किया गया था और इसने लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया। यह डथियार कानून और संविधान के खिलाफ है। वे (सरकार) जवाब कैसे दे सकते हैं। कभी-कभी जवाब न देना भी एक जवाब होता है। सरकार ने इससे (जवाब न देकर) स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने लोकतंत्र के खिलाफ पेगासस का इस्तेमाल किया।

वर्ष-27 अंक : 163 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.14 2079 शुक्रवार, 26 अगस्त 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

# राजा सिंह फिर गिरफ्तार

## विवादित टिप्पणी पर दो दिन पहले कोर्ट ने दी थी जमानत



चेर्लापल्ली जेल जाते हुए राजा सिंह लोध।

हैदराबाद, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में बीजेपी से निलंबित विधायक टी राजा सिंह को गुरुवार को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले उन्हें 23 अगस्त को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। तब शाम को लोकल कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पुलिस ने राजा सिंह को 41 (ए) सीआरपीसी के तहत दो अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में दर्ज मामलों में गिरफ्तार किया है। ये मामले फरवरी और अप्रैल 2022 में दर्ज किए गए थे। पुलिस ने बताया कि भाजपा विधायक राजा सिंह लोध को पीडी एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया है। रिकॉर्ड बताते हैं कि उनके खिलाफ दर्ज 101 आपराधिक मामलों में से वह 18 सांप्रदायिक अपराधों में शामिल हैं। मंगलहाट पुलिस ने बताया कि राजा को चेर्लापल्ली सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। दूसरी तरफ सर तन से जुदा नारेबाजी मामले में इनफ्लुएंसर सैयद अब्दुहु कशफ को गिरफ्तारी के एक घंटे बाद ही बेल मिल गई। उसे गुरुवार गिरफ्तार किया गया था।

**गिरफ्तारी से पहले वीडियो जारी**

गुरुवार को गिरफ्तार होने से पहले राजा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें कहा- मुझे आज या कल गिरफ्तार किया जा सकता है। मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि अगर कोई मेरे देश, मेरे धर्म को बुरा कहेगा तो मैं उसे उसी की भाषा मे जवाब दूंगा, चाहे इसकी सजा जो भी हो अब हिन्दू पीछे हटने वाला नहीं। आशा करता हूं कि इस धर्मयुद्ध में हर हिन्दू मेरा साथ देगा।

बता दें कि इसके पहले 23 अगस्त को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद राजा को नामपल्ली कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने पहले उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था, लेकिन बाद में ऑर्डर वापस लेते हुए राजा को चेतावनी देते हुए बेल दे दी थी। दूसरी तरफ भाजपा ने राजा को सस्पेंड करते हुए उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किया था। जवाब देने के लिए 14 दिन दिए गए हैं।

**तीसरे दिन भी राजा के खिलाफ प्रदर्शन जारी**

राजा के बयान के बाद 23 अगस्त से हैदराबाद में विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। प्रदर्शनकारी राजा की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। गिरफ्तारी के समय राजा के घर के बाहर समर्थकों की भीड़ जुट गई। भीड़ ने भी जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाए।

**प्रदर्शनकारियों ने फिर लगाए सिर तन से जुदा के नारे**

राजा के खिलाफ हैदराबाद में विरोध प्रदर्शन जारी है। नाराज भीड़ ने 'गुस्ताखे नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा' के नारे लगाते हुए राजा की गिरफ्तारी की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने टी राजा के बयान की तुलना पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान से की थी।

**मुनव्वर फारुकी के खिलाफ जारी किया था वीडियो**

राजा ने मंगलवार यानी 23 अगस्त को कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया था। इस वीडियो में पैगंबर मोहम्मद के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया था। इसके पहले राजा सिंह के वकील को यूएई से धमकी मिली है। सूत्रों के मुताबिक उनके वकील के पास धमकी वाले 3 कॉल आए थे।

(संबंधित खबरें पृष्ठ-3 पर भी)

### राजा सिंह लोध पर 101 मामले दर्ज हैं : सीपी

एक आधिकारिक बयान में, शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने कहा कि राजा सिंह भी मंगलहट के थाना क्षेत्र के राउडी शीटर है। उन्होंने कहा राजा सिंह लोध आदतन भड़काऊ भाषण देते रहे हैं और राज्य की राजधानी और राज्य के अन्य हिस्सों में समुदायों के बीच दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजा सिंह ने पैगंबर और उनके जीवन के खिलाफ बहुत निंदनीय टिप्पणी की।

आनंद ने कहा कि आरोपी ने 23 अगस्त को हिरासत में लिए जाने के दौरान अपने आवास पर एकत्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए एक बार फिर दोहराया कि पुलिस यूट्यूब से उनके भाषण को हटाने के लिए प्रयास कर रही है। सीपी ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी अभद्र भाषा, हिंसा और आतंकवाद के कृत्यों से लोगों के जीवन पर वास्तविक और विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। सुरक्षा के अलावा भाईचारे, व्यक्तियों की गरिमा, राष्ट्रीय एकता को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि जब राजा सिंह का नफरत भरा वीडियो वायरल हुआ, तो हैदराबाद शहर के विभिन्न हिस्सों और तेलंगाना राज्य के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और समुदायों के बीच एक दरार पैदा हो गई। हैदराबाद और तेलंगाना राज्य की शांतिपूर्ण वातावरण को भंग कर दिया। सीपी ने कहा कि वर्ष 2004 से अब तक राजा सिंह लोध के खिलाफ कुल 101 आपराधिक मामले दर्ज किए गए है।

### अमृत काल के हमारे सपनों को पूरा करने में भारत की श्रम शक्ति अहम : मोदी

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों के एक राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमृत काल के हमारे सपनों को पूरा करने में भारत की श्रम शक्ति अहम भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। देश संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिक साथियों के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में हमने देश में गुलामी के दौर के और गुलामी की मानसिकता वाले कानूनों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है।

# पीएम सुरक्षा में पंजाब पुलिस की लापरवाही

## 2 घंटे पहले बताने पर भी रूट क्लियर नहीं किया था, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को रिपोर्ट सौंपी

चंडीगढ़, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में 5 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा चूक में फिरोजपुर के एसएसपी हरमनदीप हंस ने सही ढंग से कदम नहीं उठाए। उन्होंने पीएम की सुरक्षा में तैनात केंद्र के अफसरों को सहयोग नहीं किया।

एसएसपी को पीएम के सड़क मार्ग से जाने के बारे में 2 घंटे पहले सूचना दी जा चुकी थी। इसके बावजूद उन्होंने रूट क्लियर नहीं कराया। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में पीएम सिक्योरिटी चूक पर हुई सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आए। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई जस्टिस इंदू मल्होत्रा की रिपोर्ट में बताया गया है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को बेहतर ट्रेनिंग देने की जरूरत पर जोर दिया। इसके बाद पूरा मामला केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है। वहीं इसको लेकर एक कमेटी बनाने के लिए भी कहा है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद अब पंजाब पुलिस के कई अफसरों पर गाज गिर सकती है। खास कर उस वक्त फिरोजपुर के एसएसपी और पीएम सिक्योरिटी का जिम्मा संभालने वाले अफसरों पर कार्रवाई होनी तय है।




# सीएम की कुर्सी पर फैसला कभी भी : सियासी हलचल तेज

## राज्यपाल दिल्ली से रांची पहुंचे



रांची, 25 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, चुनाव आयोग ने राज्यपाल को हेमंत सोरेन की सदस्यता रद्द करने से संबंधित अपनी राय भेज दी है। चुनाव आयोग ने लाभ के पद पर होने के आरोपों पर भी अपनी राय भेजी है। इस बीच राज्यपाल रमेश बैस दिल्ली से रांची पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली एम्स में इलाज करवाने के लिए गया था। राजभवन पहुंचकर इसकी जानकारी लूंगा।जरूरत पड़ी तो विशेषज्ञों से राय लेकर आगे कदम उठाया जाएगा।

**भाजपा नेताओं ने तैयार की है रिपोर्ट**

इस बात की जानकारी मिलने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री ने कहा है कि ऐसा लगता है कि भाजपा के नेताओं सहित उनके सांसद और उनके कठपुतली पत्रकारों ने खुद चुनाव आयोग की रिपोर्ट का मसौदा तैयार किया है, जिसे अन्यथा सील कर दिया गया है। संवैधानिक प्राधिकरणों और सार्वजनिक एजेंसियों का घोर दुरूपयोग और शर्मनाक तरीके से भाजपा मुख्यालय द्वारा इसका अधिग्रहण भारतीय लोकतंत्र में अनदेखी है।

**क्या हैं आरोप**

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने इस साल फरवरी में दावा किया था कि सोरेन ने अपने पद का दुरुपयोग किया और खुद को खनन पट्टा आवंटित किया, यह एक ऐसा मुद्दा है जिसमें हितों के टकराव और भ्रष्टाचार दोनों शामिल हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया। विवाद का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग ने मई में सोरेन को एक नोटिस भेजकर खनन पट्टे पर उनका पक्ष मांगा था। चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा था कि पट्टे का स्वामित्व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 9ए का उल्लंघन करता है, जो सरकारी अनुबंधों आदि के लिए अयोग्यता से संबंधित है। यह मामला अभी भी चुनाव आयोग के पास लंबित है।

झारखंड हाई कोर्ट के समक्ष याचिका में खनन पट्टा देने में कथित अनियमितताओं और मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से कथित रूप से जुड़ी कुछ मुखौटा कंपनियों के लेनदेन की जांच की मांग की गई थी।

### अल जवाहिरी की मौत पर सस्पेंस

# डेडबॉडी नहीं मिली : तालिबान

*यूएस ने कहा अलकायदा सरगना की मौत पर कोई शक नहीं*



काबुल, 25 अगस्त (एजेंसियां)। अल-कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी की मौत पर नए सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने वाले तालिबान का कहना है कि उन्हें अब तक जवाहिरी का शव नहीं मिला है। दूसरी तरफ, अमेरिका कई बार दावा कर चुका है कि जवाहिरी की मौत के बारे में उसे किसी तरह का शक नहीं है। 10 साल पहले जब ओसामा बिन लादेन मारा गया था, तो अमेरिका ने उसकी मौत की पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट कराया था। जवाहिरी के मामले में ऐसा नहीं किया गया। जवाहिरी 1 अगस्त को काबुल में अमेरिकी ड्रोन स्ट्राइक में मारा गया था। व्हाइट हाउस का कहना है कि यूएस के पास ऐसे कई सोर्स और सबूत हैं, जो जवाहिरी के मारे जाने की पुष्टि करते हैं। सवाल यह है कि अगर जवाहिरी मारा गया और उसका शव उसी बिल्डिंग में था तो वो तालिबान को क्यों नहीं मिला? क्या तालिबान झूठ बोल रहा है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने खुद दुनिया को जवाहिरी के मारे जाने की जानकारी दी थी।

**अफगानिस्तान ने क्या कहा?**

तालिबान हुकूमत का कहना है कि जिस घर पर अमेरिका ने ड्रोन स्टाइक की, वो खाली था। वहां कोई नहीं रहता था। इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि हमले के दौरान जवाहिरी उसी घर में था।

एक अमेरिकी अफसर के मुताबिक जवाहिरी सेफ हाउस में परिवार के साथ रहता था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में परिवार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अमेरिका ने इस हमले के बारे में तालिबान को कोई जानकारी भी नहीं दी थी।

## पेगासस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई : कमेटी ने रिपोर्ट में कहा

# जासूसी की जांच में केंद्र नहीं कर रहा सहयोग

### सीजेआई बोले रिपोर्ट देखनी पड़ेगी




नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एनवी रमण की बेंच में गुरुवार को पेगासस जासूसी केस में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की बनाई हुई कमेटी ने बताया कि उन्हें जासूसी के शक में 29 फोन दिए गए थे, जिनमें से 5 फोन में मालवेयर मिला, लेकिन वो पेगासस था, ये कन्फर्म नहीं कहा जा सकता। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि केस में केंद्र सरकार की ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि रिपोर्ट बड़ी है और इसे पढ़ने में वक्त लगेगा, इसलिए अगली सुनवाई सितंबर के आखिरी हफ्ते में होगी।

भारत सरकार ने 2017 में इजराइली कंपनी एनएसओ ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था। इस सॉफ्टवेयर को पांच साल पहले की गई 2 अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपये) की डिफेंस डील में खरीदा गया था। इसी डिफेंस डील में भारत ने एक मिसाइल सिस्टम और कुछ हथियार भी खरीदे थे। इस बात का खुलासा अमेरिकी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में किया था। जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 27 अक्टूबर 2021 को एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया था। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आर वी रवींद्रन इसके अध्यक्ष बनाए गए थे। कमेटी गठित करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हर किसी की प्राइवेसी की रक्षा होनी चाहिए। कमेटी में अध्यक्ष जस्टिस रवींद्रन के साथ पूर्व आईपीएस अफसर आलोक जोशी और डॉक्टर संदीप ओबेरॉय शामिल हैं। डॉक्टर ओबेरॉय इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टैंडर्डाइजेशन से जुड़े हैं। इस मामले में कई पत्रकारों और एक्टिविस्ट्स ने अर्जियां दायर की थीं। इनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट के जजों की निगरानी में जांच करवाई जाए।

### केंद्र सरकार ने दायर किया था हलफनामा

केंद्र सरकार ने इस मामले पर कोर्ट में हलफनामा दायर किया और कहा कि वह कथित पेगासस जासूसी की जांच के लिए एक्सपर्ट की कमेटी बनाएगी। वहीं, कोर्ट ने सरकार को ट्रिब्यूनल में नियुक्ति के लिए 10 दिन का समय दिया। केंद्र ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेगासस को लेकर सरकार पर लगाए आरोपों को निराधार बताया था। याचिका में कहा गया था कि पत्रकारों, नेताओं पर स्टाफ की स्पाइवेयर से जासूसी का दावा अनुमानों पर आधारित है। इलेक्ट्रॉनिक्स और इंफॉर्मेशन मिनिस्ट्री के एडिशनल सेक्रेटरी ने दो पन्नों का एफिडेविट दायर किया था। इसमें कहा था कि इस मामले में फैलाई गई गलत धारणाओं को दूर करने के लिए जांच कराने का फैसला हुआ।

# पीएमएलए के दो नियमों का रिव्यू करेगी सुप्रीम कोर्ट

### केंद्र को नोटिस भेज कहा मनी लॉन्ड्रिंग बर्दाश्त नहीं दोबारा विचार की जरूरत



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) पर दिए गए अपने फैसले का रिव्यू करेगी। रिव्यू पिटीशन की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम काला धन और मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के समर्थन में हैं, लेकिन हमें लगता है कि कुछ मुद्दों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने इस एक्ट के दो नियमों को लेकर केंद्र को नोटिस भेजा है।

मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने मामले की सुनवाई की। यह सुनवाई ओपन कोर्ट में हुई, यानी इसमें मीडिया और आम लोगों को कोर्ट की कार्यवाही में देखने के लिए शामिल होने दिया गया। कोर्ट ने 27 जुलाई को पीएमएलए के विभिन्न प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 241 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए इस एक्ट के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिले गिरफ्तारी के अधिकार को बरकरार रखा था।

तब कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तारी मनमानी नहीं है। इसे लेकर सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी, जिस पर आज सुनवाई हुई। 27 जुलाई को जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने विजय मदनलाल चौधरी v/s यूनियन ऑफ इंडिया केस और 240 याचिकाओं पर फैसला सुनाया था।

# केजरीवाल की मीटिंग में नहीं पहुंचे 9 विधायक

## सरकार गिराने के लिए भाजपा 800 करोड़ खर्च करने की तैयारी में : आप




नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में 'ऑपरेशन लोटस' के मुद्दे पर गुरुवार को भी सियासी बवाल जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 9 विधायक नहीं पहुंचे। हालांकि सिसोदिया को लेकर पार्टी ने कहा कि वे हिमाचल दौरे पर गए हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक कुछ विधायकों से पार्टी हाईकमान का संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

मीटिंग के बाद केजरीवाल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, भाजपा हमारे 40 विधायकों को खरीदना चाह रही है। सभी विधायकों को 20-20 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है। भाजपा 800 करोड़ रुपये खर्च कर दिल्ली सरकार गिराना चाहती है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में आप के पास 62 और भाजपा के पास 8 सीटें हैं।

**भाजपा ने दिल्ली में सिसोदिया का पुतला जलाया :**

शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मनीष सिसोदिया का पुतला भी जलाया। वहीं 'गली-गली में शोर है, सिसोदिया चोर है' के पोस्टर भी लगाए। बुधवार को आप नेता संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन लोटस को लेकर खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों को भाजपा ने ऑफर दिया। ऑफर यह था कि आप छोड़ने पर 20 करोड़ देंगे और दूसरों को साथ लाए तो 25 करोड़।

संजय सिंह ने कहा, हमारे विधायक संजीव झा, सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार और एक अन्य विधायक को भाजपा ने पार्टी छोड़ने के बदले 20 करोड़ रुपये देने का ऑफर दिया है। संजय सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोमनाथ भारती भी थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने मुझे कहा कि आप के 20 और विधायक हमारे संपर्क में हैं।

आबकारी नीति को लेकर दिल्ली में पहली बार 19 अगस्त को मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीआई ने छापेमारी की थी। यह छापेमारी करीब 14 घंटे तक चली थी, जिसके बाद सीबीआई ने इस मामले में पीएमएलए कानून के तहत केस दर्ज कर लिया था।

इसके बाद से ही आप केंद्र में सत्ताधारी दल भाजपा के खिलाफ मुखर है। सिसोदिया ने छापे के बाद कहा था कि भाजपा ने उन्हें आप छोड़ने और सीएम बनाने का ऑफर दिया था।

# गुनहगारों की रिहाई पर गुजरात सरकार को नोटिस

## सीजेआई का निर्देश दोषियों को भी पार्टी बनाओ

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस बानो रेप के आरोपियों की रिहाई के खिलाफ गुरुवार को सुनवाई की गई। सीजेआई एनवी रमण के सामने दोषियों के वकील ने जब यह दलील दी कि हम इस मामले में पार्टी नहीं हैं। याचिका हमारे खिलाफ लगाई गई। इस पर सीजेआई रमण ने सवाल किया कि इन्हें पार्टी क्यों नहीं बनाया गया। अदालत ने इन लोगों को भी पार्टी बनाने का निर्देश दिया।

**कोर्ट रूम में किसने क्या कहा :**

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल : दंगों में बहुत लोगों की जान गई, दाहोद में भी ऐसा ही हुआ। बिलकिस और शमीम भागने की कोशिश में थीं। शमीम ने बच्चे को जन्म दिया। लोगों ने जब इन दोनों को देखा तो कहा कि इन्हें मारो। 3 साल के बच्चे का सिर जमीन पर पटक दिया गया। गर्भवती का रेप किया। रिहाई के संदर्भ में क्या यह ज्युडिशियल रिव्यू का आधार नहीं है।




18 साल से जेल में बंद 11 दोषियों को माफी योजना में मिली रिहाई।

**सुप्रीम कोर्ट :** क्या आप यह कह रहे हैं कि राहत नहीं दी जा सकती? गुजरात सरकार के नियमों के तहत सवाल यह है कि दोषी राहत पाने के काबिल थे या नहीं?

सीजेआई एनवी रमण : मैं पहले के फैसले में पार्टी नहीं था। मैंने कहीं देखा कि कोर्ट ने इन लोगों की रिहाई के आदेश दिए।

**दोषियों के वकील :** मेरे मुवक्किलों को दोबारा गिरफ्तार किया जा सकता है। हम लोग तो इस केस में पार्टी भी नहीं हैं। हमारे खिलाफ याचिका है।

**सीजेआई एनवी रमण :** आप लोगों ने इन्हें पार्टी क्यों नहीं बनाया?

**याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल :** हम राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ लड़ रहे थे। हम अब इसे लागू करेंगे।

**सीजेआई एनवी रमण :** गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर रहे हैं। अपना जवाब दीजिए। निर्देश देते हैं कि 11 दोषियों को भी पार्टी बनाया जाए।

**15 अगस्त को 18 साल की सजा काटकर रिहा हुए 11 दोषी :**

मामले की सुनवाई में सीजेआई रमण के अलावा जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच करेगी। गुजरात सरकार के फैसले के खिलाफ माकपा सांसद सुभासिनी अली, पत्रकार रेवती लाल और प्रोफेसर रूप रेखा वर्मा ने याचिका लगाई थी। बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप और परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे 11 दोषियों को रिहा कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में बेंच के अन्य दो सदस्य, जस्टिस रस्तोगी और जस्टिस विक्रम नाथ उस बेंच का हिस्सा थे, जिसने मई 2022 में फैसला सुनाया था कि गुजरात सरकार के पास दोषियों को सजा में राहत देने का अधिकार है।

# बयानों को तोड़ मरोड़कर प्रचारित करने पर भड़के गडकरी, कानूनी कार्रवाई के संकेत



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री ने गुरुवार को कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए नापाक और मनगढ़ंत अभियान चलाया जा रहा है। गडकरी को पिछले सप्ताह भाजपा संसदीय बोर्ड से हटा दिया गया था। इसके बाद उनके कुछ बयानों को लेकर तरह-तरह की बातें कही जा रही थीं। यह जताया जा रहा था कि उनकी सरकार व पार्टी से अनबन चल रही है। इन सब अटकलों को उन्होंने खारिज कर दिया।

गडकरी ने ट्वीट कर अटकलभरी खबरों को लेकर संकेत दिया कि वे नापाक व मनगढंत खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सरकार और पार्टी के व्यापक हित में कानूनी कार्रवाई का सहारा ले सकते हैं।

**मेरे भाषणों को गढ़ा गया**

उन्होंने ट्वीट किया, 'आज एक बार फिर, मुख्यधारा के मीडिया, सोशल मीडिया के कुछ वर्गों और विशेष रूप से कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ नापाक और मनगढ़ंत अभियान जारी रखने का प्रयास किया। बिना संदर्भ के मेरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिए गए भाषणों को गढ़ा गया।'

**भाषण की यूट्यूब लिंक साझा की**

इसके साथ ही उन्होंने मंगलवार को एक पुस्तक के विमोचन समारोह में दिए गए अपने भाषण की एक यूट्यूब लिंक भी ट्वीट के साथ साझा की। इस भाषण का सोशल मीडिया में चुनिंदा ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कही गई बातों को कांटछांट कर इस तरह कहा गया था जैसे कि गडकरी कह रहे हों कि उन्हें संसदीय बोर्ड से हटाए जाने या अपना पद खोने की कोई परवाह नहीं है।

**साफ शब्दों में दी चेतावनी**

अपनी स्पष्टवादिता व अनूठी कार्यशैली के कारण लोकप्रिय नितिन गडकरी ने कहा कि वे ऐसे दुर्भावनापूर्ण हथकंडों से कभी प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी शरारतें जारी रहीं तो वे सरकार, पार्टी व लाखों मेहनती कार्यकर्ताओं के व्यापक हित में ऐसे तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। गडकरी ने आज किए गए ट्वीट को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भी टैग किया है।

**संजय सिंह ने ट्वीट किया था- 'भाजपा में बहुत बड़ी गड़बड़ चल रही'**

गडकरी के पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में दिए गए बयान को लेकर आप नेता संजय सिंह ने कांटछांट किए गए वीडियो को ट्वीट किया था। सिंह ने सवाल किया था कि गडकरी ऐसा क्यों कह रहे हैं? इसके बाद उन्होंने गुरुवार सुबह ट्वीट किया, 'बीजेपी में बहुत बड़ी गड़बड़ चल रही है।'

गडकरी ने गुरुवार को यह सफाई ऐसे समय दी है, जब एक प्रमुख अखबार ने भाजपा के कई वरिष्ठ सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट छापी। इसमें कहा गया है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष को 'आउट ऑफ टर्न' और बेबाक टिप्पणी करने की प्रवृत्ति के कारण भाजपा संसदीय बोर्ड से हटाया गया। इस पर गडकरी ने अपने ट्वीट में कहा कि वे पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में दिए गए अपने असल भाषण की लिंक साझा कर रहे हैं, ताकि स्थिति व पूरी बात स्पष्ट हो सके।

# सीएम केजरीवाल ने राजघाट पर कहा- पिछले जन्म में अच्छे काम किए जो सिसोदिया जैसा साथी मिला



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर आप विधायकों की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक के बाद आप के सभी विधायक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुआई में महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंच गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की प्रशंसा करते हुए कहा, "मैंने पिछले जन्म में जरूर अच्छे काम किए होंगे जो मुझे मनीष सिसोदिया जैसा साथी मिला। उन्होंने उनका (भाजपा का) प्रस्ताव ठुकरा दिया। अब वे पैसे देकर हमारे विधायकों को भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दे रहे हैं। मुझे खबर मिली है कि भाजपा 'आप' के प्रत्येक विधायक को 20 करोड़ रुपये में शामिल होने का प्रस्ताव दे रही है।"

उन्होंने आगे कहा, "मैं खुश हूं जो मेरे एक भी विधायक ने उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। मैं दिल्ली की जनता को बताना चाहता हूं कि आपने एक ईमानदार पार्टी को वोट दिया है। हम मर जाएंगे लेकिन कभी देश की जनता को धोखा नहीं देंगे।"

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक के बाद आप के सभी विधायक सीएम केजरीवाल के साथ राजघाट पहुंच गए हैं।

ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी के 40 विधायकों को खरीदने के लिए प्रत्येक विधायक को 20-20 करोड़ का प्रस्ताव दिया गया था। सीबीआई और ईडी को जांच करनी चाहिए कि 40 विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा के पास 800 करोड़ रुपये कहां से आए। केजरीवाल के आवास पर चल रही बैठक में आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि सिसोदिया के आवास पर सीबीआई को कुछ नहीं मिला। बैठक में 54 विधायक मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप विधायकों को 20-20 करोड़ रुपये का लालच दिया गया। जो विधायक विभिन्न कारणों से बैठक में मौजूद नहीं रहे, उनसे संपर्क किया गया तो सभी ने कहा है कि वे अंतिम सांस तक अरविंद केजरीवाल के साथ हैं। अब सभी विधायक राजघाट जाएंगे। आम आदमी पार्टी का उसके सभी विधायकों से संपर्क हो गया है। उसके 54 विधायक बैठक के लिए सीएम आवास पहुंच चुके हैं जबकि एक विधायक रास्ते में हैं। एक विधायक सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं। सात विधायक इस समय दिल्ली से बाहर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। इनमें मनीष सिसोदिया हिमाचल प्रदेश में चुनावी दौरे पर हैं जबकि राम निवास गोयल अमेरिका में हैं।

आम आदमी पार्टी के मंत्रियों पर सीबीआई और ईडी की जांचों, छापेमारी के मुद्दे पर पार्टी ने आज दिल्ली विधानसभा में विशेष सत्र भी बुलाया है।

आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि सीएम अरविंद केजरीवाल को मिलाकर पार्टी के 62 में से 52 विधायक सीएम आवास पर प्रस्तावित बैठक के लिए पहुंच चुके हैं। बैठक 11 बजे शुरू होनी थी लेकिन उसमें अब देर हो रही है। आम आदमी पार्टी के विधायकों की सीएम केजरीवाल के आवास पर बैठक से पहले दिल्ली सरकार पर संकट मंडराने लगा है। आम आदमी पार्टी के कम से कम 12 विधायकों का संपर्क पार्टी से नहीं हो रहा है।

# बारामुला के उड़ी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकी मार गिराए



श्रीनगर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बारामुला जिले के उड़ी इलाके में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। सूत्रों के मुताबिक आतंकियों के एक ग्रुप ने कमालकोट से भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश की। सीमापार से हो रही घुसपैठ को देखते हुए इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। इससे पहले राजोरी में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर नौशेरा सेक्टर में सोमवार देर रात सेना ने घुसपैठ कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया।

दोनों के शवों को बरामद कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नौशेरा में लाम क्षेत्र के पुखरनी गांव में सोमवार देर रात आतंकियों के एक समूह ने घुसपैठ की कोशिश की थी। इस बीच एक आतंकी का पांव बारूदी सुरंग पर पड़ने से धमाका हुआ। जवान आतंकियों की इस मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए थे। आतंकियों को दूर से चेतावनी दी गई लेकिन वे भागने लगे। इसी दौरान दो आतंकियों को मार गिराया गया।

**सेर मकड़ी से पकड़ा गया था तबारक**

नौशेरा सेक्टर के ही सेर मकड़ी इलाके से लश्कर-ए-ताइबा का प्रशिक्षित गाइड और फिदायीन आतंकी तबारक को सेना ने रविवार पकड़ा था। तबारक का फिलहाल राजोरी स्थित सैन्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। पाकिस्तानी सेना की इंटेलिजेंस यूनिट के लिए काम कर चुका 32 वर्षीय तबारक हुसैन पिछले छह वर्षों में दूसरी बार घुसपैठ करते पकड़ा गया है। इस बार उसका हुलिया फिदायीन आतंकी की तरह मिला है।

**राजोरी-पुंछ में बढ़ीं आतंकी गतिविधियां**

पीर पंजाल पर्वतीय श्रृंखला से सटे राजोरी और पुंछ जिलों में आतंकी गतिविधियां हाल के समय में बढ़ गई हैं। टेरर फंडिंग, आतंकियों के स्लीपर सेल नेटवर्क से लेकर आतंकी मॉड्यूल के तार दोनों जिलों से जुड़े मिल रहे हैं। हाल ही में राजोरी के लश्कर कमांडर तालिब हुसैन को पकड़ने के बाद पुलिस ने ड्रोन से ड्रग्स, हथियार और हवाला राशि का नेटवर्क चलाने वाले तीन आतंकी मॉड्यूल ध्वस्त किए। यह नेटवर्क कठुआ, सांबा, जम्मू जिलों से लेकर राजोरी तक ऑपरेट कर रहा था।

**एलओसी पार हलचल तेज सुरक्षा ग्रिड किया मजबूत**

राजोरी और पुंछ जिलों में एलओसी के पार आतंकी घुसपैठ के लिए हलचल तेज हो गई है। घुसपैठ को रोकने के लिए सुरक्षा ग्रिड की लगातार समीक्षा करते हुए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस माह के पहले सप्ताह सेना प्रमुख मनोज पांडे अग्रिम इलाकों का दौरा कर चुके हैं। वहीं तीन दिन पहले ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर सुरक्षा ग्रिड मजबूती पर जोर दिया।

# धोनी के निवेश वाली कंपनी भारतीय सेना को मुहैया कराएगी ड्रोन सेवाएं



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, जो भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक रखते हैं, कम लागत वाली ड्रोन सोल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस में ब्रांड एम्बेस्डर और निवेशक हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के निवेश वाली ड्रोन कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस भारतीय सेना को अपनी विशेषज्ञ सेवा मुहैया कराने के लिए तैयार है। कंपनी सेना को यह सेवा अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क का पता लगाने, उन्हें रोकने और बाधित करने करने के लिए चलाए जा रहे विशेष मिशनों को पूरा करने के लिए देगी।

बता दें कि पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, जो भारतीय प्रादेशिक सेना के पैराशूट रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक रखते हैं, कम लागत वाली ड्रोन सोल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस में ब्रांड एम्बेस्डर और निवेशक हैं।

उधर, भारतीय सेना ने भी आधुनिक युद्ध में ड्रोन का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गरुड़ एयरोस्पेस की विशेषज्ञता और तकनीकी ज्ञान का उपयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की है। कंपनी ने हाल ही में 250 मिलियन अमरीकी डालर के मूल्यांकन पर अपनी 30 मिलियन अमरीकी डॉलर की सीरीज ए फंडिंग हासिल की है।

कंपनी के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा है कि गरुड़ एयरोस्पेस ने भारतीय सेना की मदद करने के उद्देश्य से अद्वितीय अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण उत्पाद तैयार किए हैं। अपनी रणनीतिक और सामरिक सेवाओं के दौरान कंपनी बहुउद्देशीय ड्रोन का उपयोग करेगी।

# दोस्त के अंगूठे की चमड़ी उतार खुद के लगवाई

## ताकि परीक्षा में पकड़ा न जाए, लेकिन आधार ने बिगाड़ा खेल




नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे की नौकरी पाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते हैं। इसकी एक बानगी देखने को मिली है गुजरात में, जहां अपने दोस्त की जगह परीक्षा देने पहुंचे डमी कैंडिडेट ने अपने अंगूठे की चमड़ी तक बदलवा ली। उसने असली परीक्षार्थी यानी अपने मित्र के अंगूठे की चमड़ी उतारकर अपने अंगूठे पर लगवा ली है, ताकि बायोमेट्रिक हाजिरी प्रक्रिया में पकड़ा न जा सके। इतना ही नहीं, ऐसा करने के बाद डमी कैंडिडेट अपने मित्र की जगह परीक्षा देने भी पहुंच गया। लेकिन परीक्षा केंद्र पर उसकी इस कारस्तानी का पर्दाफाश तुरंत हो गया। इसके बाद, दोनों दोस्तों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि रेलवे की नौकरी पाने के लिए एक हताश प्रयास में, एक उम्मीदवार ने गर्म तवे का उपयोग करके अपने अंगूठे की त्वचा को हटा दिया और अपने दोस्त के अंगूठे पर इस उम्मीद के साथ चिपका दिया कि इससे वह बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया को क्लीयर कर लेगा और दोस्त के स्थान पर भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकेगा। लेकिन, उनके इन अरमानों पर पानी फिर गया।

डमी अभ्यर्थी अपने मित्र की जगह 22 अगस्त को गुजरात के वडोदरा शहर में आयोजित रेलवे भर्ती परीक्षा देने पहुंचा था। परीक्षा से पहले आधार के बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान पर्यवेक्षक ने उसके हाथ पर सैनिटाइजर छिड़का, तो हाथ पर चिपका हुआ प्रॉक्सी अंगूठे का थंब इंप्रेशन निकल कर गिर गया।

वडोदरा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एसएम वरोतारिया ने कहा कि पुलिस ने बुधवार को बिहार के मुंगेर जिले के मूल निवासी उम्मीदवार मनीष कुमार और उनके प्रॉक्सी राज्यगुरु गुप्ता को धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि दोनों की उम्र 20 के आसपास है और वे 12वीं की परीक्षा पास कर चुके हैं। वडोदरा के लक्ष्मीपुरा पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 22 अगस्त को रेलवे ग्रुप डी की रिक्तियों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से उम्मीदवारों उनके आधार डेटा से मिलान किया गया था। उस समय, डिवाइस पर उम्मीदवार के अंगूठे के निशान पर मनीष कुमार का नाम नहीं आ रहा था और उम्मीदवार अपना बायां हाथ जेब में डालकर छिपाने की कोशिश कर रहा था। इस पर पर्यवेक्षक को संदेह हुआ और जब बाएं अंगूठे पर सैनिटाइजर का छिड़काव किया, तो उस पर लगी असली उम्मीदवार की त्वचा गिर गई। इसके बाद पर्यवेक्षक ने पुलिस को बुलाया और भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी), 419 (प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत शिकायत दर्ज कराई। पकड़े गए व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसका असली नाम राज्यगुरु गुप्ता था और वह अपने दोस्त मनीष कुमार के रूप में परीक्षा देने आया था।

# 5 दिन से बेतवा नदी में फंसे 4 युवक एयरलिफ्ट

## झांसी में आर्मी ने किया रेस्क्यू; बोले- जिंदा लौटने की उम्मीद छोड़ दी थी

झांसी, 25 अगस्त (एजेंसियां)। झांसी में बेतवा नदी के बीच 2 टापुओं पर फंसे चार लोगों को आर्मी ने सुरक्षित एयर लिफ्ट कर लिया है। चारों बीते 5 दिनों से नदी के बीच फंसे थे। चारों 19 अगस्त को मछली मारने नदी में गए थे। तभी अचानक मध्य प्रदेश से पानी छोड़ दिया गया। इससे टापू के चारों तरफ पानी भर गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि वे निकल नहीं पाए। परिवार से संपर्क भी टूट गया था।

बुधवार को परिवार वालों की सूचना पर प्रशासन ने चित्रकूट से SDRF बुलाया। लेकिन जवाब रेस्क्यू में नाकाम हो गए तो आर्मी को बुलाया गया। गुरुवार सुबह आर्मी की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू के लिए मैपिंग की। इसके बाद सेना के 2 हेलिकॉप्टर पहुंचे। जवानों ने पहले छोटे टापू से भूरे और अशोक को एयर लिफ्ट किया। इसके करीब एक घंटे बाद दो अन्य मनीराम और हरि को भी एयर लिफ्ट कर लिया गया। परिवार ने राहत की सांस ली है।

**19 अगस्त से टापू पर फंसे थे चारों लोग**



खड़ेसर गांव से सटी बेतवा नदी पर 2 टापू बने हैं। बड़े टापू पर गांव के किसानों की 8 एकड़ जमीन है। 19 अगस्त को मनीराम और हरि खेत गए थे। जबकि फूल सिंह उर्फ भूरे और अशोक मछली मारने गए थे। भूरे के पिता जमुना ने बताया, ₹19 अगस्त को नदी का जलस्तर कम था। इसलिए बेटा भूरे और अशोक मछली पकड़ने के लिए छोटू टापू पर गए थे। खाने के लिए ढाई किलो आटा ले गए। शाम को नदी का जलस्तर एकदम बढ़ गया और दोनों टापू पर फंस गए।" अशोक के पास मोबाइल नहीं था। भूरे के पास मोबाइल है, लेकिन बारिश होने के कारण वह घर पर ही छोड़ गया था। इसलिए दोनों से 5 दिन से कोई संपर्क नहीं हो पाया। बुधवार को नदी का जलस्तर एकदम और बढ़ गया। इससे परिजन घबरा गए। भूरे भी नदी में कूदने वाला था, लेकिन ग्रामीणों ने नदी किनारे से तौलिया हिलाकर उसे मना किया।

बुधवार को गांववालों की सूचना पर प्रशासन की टीम एक्टिव हुई। एसडीआरएफ बुलाई गई, लेकिन रेस्क्यू नहीं कर सकी। अफसरों का कहना था कि नदी में बड़े-बड़े पत्थर है, इसलिए स्टीमर नहीं चल सकती। अगर स्टीमर नदी में उतारी तो फैन क्षतिग्रस्त हो सकता है। इसलिए स्टीमर का टापू तक जा पाना मुश्किल है। इसके बाद गुरुवार को सेना की टीम ने मोर्चा संभाला।

**हेलिकॉप्टर देखकर झाड़ियों में छिप गए थे मनीराम और हरि**

सेना और एनडीआरएफ की टीम ने हेलीपैड के लिए जगह देखी। दोपहर 12 बजे हेलीपैड बनकर तैयार हो गया। इसके बाद सेना के दो हेलिकॉप्टर मौके पर पहुंचे। छोटे टापू पर फंसे भूरे और अशोक को एयर लिफ्ट कर लिया गया। जबकि बड़े टापू पर मनीराम और हरि फंसे हुए थे। दोनों सेना के हेलिकॉप्टर देखकर छुप गए। कुछ देर आसमान में मंडराने के बाद हेलिकॉप्टर वापस हो गए।

# सोनाली फोगाट की मौत में हत्या का केस दर्ज

## पोस्टमॉर्टम में चोट के कई निशान मिले, पीए सुधीर और सुखविंदर गिरफ्तार

हिसार, 25 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा बीजेपी की नेता और टिक-टॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को गोवा पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। सोनाली के भाई रिंकू ढाका की शिकायत पर सोनाली के पीए सुधीर सांगवान और उसके साथी सुखविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सोनाली के शव का गुरुवार दोपहर गोवा में पोस्टमॉर्टम किया गया। वह 23 अगस्त की सुबह गोवा के एक रिसॉर्ट में मृत मिली थीं। सोनाली के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। जीजा अमन पूनिया ने बताया कि पोस्टमॉर्टम होने के बाद सुधीर और सुखविंदर के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

सोनाली का पोस्टमॉर्टम दोपहर पौने 12 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सोनाली के शरीर पर कई 'ब्लंट कट' होने का जिक्र किया गया है। आसान भाषा में इसे 'गुम चोट' कह सकते हैं।

मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार, ये चोट किसी लाठी-डंडे से मारी गईं या घूंसों से यह पता करना बेहद मुश्किल होता है। सोनाली के शरीर पर ये चोट मारने वाला कोई एक्सपर्ट रहा होगा।



**पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी, बॉडी परिवार को सौंपी**

इससे पहले गुरुवार सुबह सोनाली के परिवार ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने पर सहमति दी। 3 डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया जिसकी पूरी वीडियोग्राफी की गई। इस दौरान सोनाली का भाई रिंकू ढाका और जीजा अमन पूनिया अस्पताल में ही मौजूद रहे। पोस्टमॉर्टम पूरा होने के बाद सोनाली की बॉडी उसके भाई और जीजा को हैंडओवर कर दी गई। दोनों बॉडी लेकर एयरपोर्ट पहुंच गए। वह रात में ही सोनाली की बॉडी लेकर हिसार लौटेंगे जहां शुक्रवार को उसका संस्कार किया जाएगा।

**ड्रग्स दी गई या नहीं, ये जांच का विषय**

गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह ने भास्कर को बताया कि सोनाली के भाई और जीजा की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम हो चुका है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोनाली को 'कर्लीज' रेस्टोरेंट में ड्रग्स दी गई थी या नहीं? तबीयत बिगड़ने पर उसे 'कर्लीज' रेस्टोरेंट के लेडीज वॉशरूम में ले जाया गया या नहीं? यह सब जांच का विषय है। तफ्तीश चल रही है। परिजन के FIR दर्ज न करने संबंधी आरोपों पर डीजीपी ने कहा कि पहले शिकायत को वेरिफाई किया गया। उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर के अनुसार आगे की जांच की जाएगी।

**सुधीर और सुखविंदर से पूछताछ**

गोवा पुलिस ने सोनाली फोगाट की मौत की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला कि सोनाली जब से गोवा पहुंची थीं, तब से उसी रिजॉर्ट में खाना खा रही थीं जहां ठहरी थीं। 22 अगस्त की रात ही उन्होंने 'कर्लीज' रेस्टोरेंट में पहली बार डिनर किया जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: कर्म-फल की प्राप्ति तेरा लक्ष्य न हो, अकर्मण्यता में तेरी आसक्ति न हो।



## भाजपा केसीआर परिवार के सदस्यों के खिलाफ चला रही है अभियान : कोप्पुला

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। समाज कल्याण मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के परिवार के सदस्यों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है।

मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने राज्यसभा सदस्य दामोदर राव और पुलिस आवास निगम के अध्यक्ष कोलेटी दामोदर गुप्ता के साथ शुक्रवार को एमएलसी कविता से उने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में कविता के खिलाफ भाजपा के आरोपों के बाद उनके साथ एकजुटता व्यक्त की। इस अवसर पर बोलते हुए, कोप्पुला ईश्वर ने कविता के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले की निंदा की और शांतिपूर्ण राज्य तेलंगाना में अशांति पैदा करने के लिए भगवा पार्टी की आलोचना की।

## तेलंगाना के दौरे पर पहुंचे कई राज्यों के किसान

### कहा, तेलंगाना के सीएम की कृषि योजनाओं से वे प्रभावित हैं



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अपनी दूरदर्शिता से तेलंगाना राज्य में निष्फल माननेवाली खेती को कम समय में एक उत्सव के रूप में बदल दिया हैं। इस पृष्ठभूमि में तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा कृषि और इसके संबंधित क्षेत्रों में अमल किए जा रहे योजनाओं को अपने राज्यों में भी अमल में लाने की देश के अन्य राज्यों के किसानों की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। स्वतंत्र भारत के 75 साल के इतिहास में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी गतिविधियों को लागू करने वाले तेलंगाना राज्य की ओर किसान जगत विस्मय से देख रही है। रैतुबंधु के माध्यम से आर्थिक सहायता, किसान परिवारों को आश्वासन देने वाली रैतु बीमा, 24 घंटे गुणवत्ता वाली मुफ्त बिजली, सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से दो फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई के साथ कई विकास कल्याण कार्यक्रमों को अमल करनेवाली तेलंगाना राज्य सरकार के प्रति देश की किसान समाज रुचि दिखा रही हैं। इस पृष्ठभूमि में, देश के 25 राज्यों के किसान संघों के नेता और प्रतिनिधि तेलंगाना में कृषि और सिंचाई क्षेत्र के विकास का क्षेत्र स्तर पर परीक्षण करने के लिए हैदराबाद पहुंचे। फील्ड स्तरीय दौरे के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से बात की। इस मौके पर किसान संघों के नेताओं ने कहा कि 'हम तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर द्वारा किसान रक्षक के रूप में चलाए जा रहे कार्यक्रमों का अवलोकन करने तेलंगाना आए हैं। इस अवलोकन के माध्यम से, हम अपनी सरकारों से तेलंगाना द्वारा लागू किए गए किसान कल्याण और कृषि विकास नीतियों को हमारे राज्यों में भी लागू करने की मांग करेंगे। हमें भी तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर जैसा मुख्यमंत्री होता तो बेहतर होता।' उन्होंने विस्मय जताते हुए कहा कि तेलंगाना के किसानों ने बिना नुकसान के एक लाभदायक व्यापार के रूप में खेती कर रहे हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के एक किसान नेता हिमांश ने कहा कि सीएम केसीआर रैतुबंधु सहायता के रूप में प्रति एकड़ 10,000 रुपये, किसानों के लिए 5 लाख रुपये की रैतु बीमा सहायता का प्रावधान देश के कृषि क्षेत्र के इतिहास में एक महान परिवर्तन है। यह सराहनीय है कि सीएम केसीआर ने देश भर में किसान आंदोलन में भाग लेने वाले किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। उन्होंने न केवल तेलंगाना में बल्कि देश में भी किसान रक्षक के रूप में सीएम केसीआर की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, कर्नाटक तथा 25 राज्यों के लगभग 100 किसान भाग ले रहे है। वे तेलंगाना में कृषि और सिंचाई क्षेत्र के विकास का अवलोकन करने के लिए क्षेत्र स्तरीय दौरे पर गए।

## जगतियाल में व्यक्ति की हत्या

जगतियाल, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मेडीपल्ली मंडल के कोंडापुर के बाहरी इलाके में गुरुवार रात 58 वर्षीय पेंडेम लक्ष्मण की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह खेत में शव मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी होने पर सीआई राजशेखर राजू, एसआई सुधीर राव ने मौके का दौरा किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हालांकि सटीक कारण अभी तक ज्ञात नहीं है, भूमि विवाद लक्ष्मण की मृत्यु की ओर ले जाता है।

आज शनिवार, 27-8-2022 को शनि एवं सति अमावस्या है।
जय गौमाता
गौमाता की परिक्रमा करने मात्र से सभी ग्रहों की कृपा प्राप्त होती है, एवं व्यक्ति दीर्घायु ऐश्वर्यवान बनकर पुण्य को प्राप्त करता है।
निवेदक : कार्यसमिति
शिव मंदिर गौशाला
शमशेरगंज, हैदराबाद, फोन : 7842048773, 9959271866
ॐ शिव मंदिर गौशाला
पालमाकुल, शमशाबाद फोन : 7842048773, 9849666304
पुरानापुल, बहादुरपुरा, जू पार्क से होते हुए ताड़बन चौरस्ता से बाएं ओर सिर्फ 5 मिनट में गौशाला पहुंच सकते है ।
किसी भी पारिवारिक शुभकार्य पर गौमाता का स्मरण अवश्य करें।
गाय के गोबर से निर्मित लकड़ी एवं उपली गौशाला में उपलब्ध है।
पंचगव्य मल्टी थेरेपी क्लिनिक
सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार सुबह 9 से 12 बजे तक गौशाला में
डॉ. कुलकेश कावले द्वारा फोन : 9949488300

आज शनिवार 27 अगस्त 2022
शनि अमावस्या के अवसर पर पधारे
श्री आईजी गौशाला
[रजि.नं. 72/2008]
संपर्क करे: 9573599190, 9246108583
: शुभस्थल : 118 मल्कारास, जवाहरनगर (चेनापुर-बालाजी नगर) शामीरपेट मंडल
आज भोजन-प्रसाद की व्यवस्था चोलाराम हाम्बड़, तुलसाराम सोलंकी, डायाराम गेहलोत, चन्दाराम चोयल, हरिराम वर्फा, रुगाराम गेहलोत, नेनाराम परिहार, मोहनलाल सोनपरा, पेमाराम सोनपरा, नेमाराम आगलेचा, राजुराम सैंणचा, खुमाराम हाम्बड़, गोपाल पंवार, पुराराम राठौड़, लादुराम सोलंकी, मोतीलाल वर्फा, ओगड़राम पंवार, दिनेश पंवार, अचलाराम परिहार, श्रवणकुमार कुमावत, अशोककुमार मेवाड़ा, नेमाराम वर्फा, लुणाराम पालीवाले, नथाराम सोलंकी, चेनाराम भायल, राजाराम राठौड़, भेराराम परिहार, पुखाराम वर्फा, मदनलाल पंवार, सीए जसाराम वर्फा, रामलाल वर्फा(एल.टी.), हेमाराम हाम्बड़, सुजाराम सोलंकी, चम्पालाल देवड़ा, पेमाराम चोयल, राजुराम सोलंकी, चुन्नीलाल लचेटा, उत्तमचन्द काग, खुमाराम सोलंकी, कालुसिंह पुरोहित, दोलाराम कुमार, सुजाराम चोयल, भंवरलाल मुलैवा, रामलाल चोयल, सुरेश वर्फा, ओमप्रकाश वर्फा, भंवरलाल भायल, गणेशराम हाम्बड़, दुदाराम देवड़ा, स्वरुपराम वर्फा, सुजाराम मुलैवा, रोनित आगलेचा की तरफ से रहेगी
सभी गौभक्त सपरिवार पधारकर, दान-पुण्यकर गौसेवा का लाभ लेवे।
निवेदक: श्री आईजी गौशाला के पदाधिकारी व सदस्यगण।
अध्यक्ष: जे.सी.प्रकाश चोलाराम हाम्बड़ सचिव: मंगलाराम पंवार
P.Solankey

PUBLIC NOTICE
General Public is hereby informed that I, Keerthi Mehta, S/o. Late Sri Moolchand Mehta, aged about 67 years, Occ : Business, am the proprietor of M/s Electric World, having business at 5-4-71/3, Vyas Complex, Opp. Sundaram Motors, M.G. Road, Ranigunj, Secunderabad - 500003. I established the said business and it have been my exclusive business.
From 28-11-2021, my son Sri Rishi Mehta, is not staying with me and is doing business independently. Recently it has come to my knowledge that my son is purchasing material in the name of my firm, M/s Electric World, claiming to be its owner, which is not correct and he has no concern with the said business. I am neither responsible nor liable for any such transactions.
General Public is hereby warned that in the event of any one dealing with my son, the under signed will not be held responsible and the seller shall be doing so on their own risk.
Sd/- Keerthi Mehta
(Proprietor) Electric World.

CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I,Nimisha Hemanth Tolwala D/o Hemanth Gopaldas Tolwala, R/o.H.No:4-2-553 To 557. FT No,404 Badi Chowdi,Sultan Bazar,Nampally, Hyd-500001,T.S, Changed my mother's name,Bharati to *BHARATHI HEMANTH TOLWALA* in the ICSE record her name is mentioned as BHARATI

सावधान
पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवालन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## शांति कायम करने में जनसहयोग सराहनीय : सीवी आनंद

### दुकानों के बंद करने के समय में ढील में फैसला जल्द

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नगर पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने शुक्रवार को लोगों को कानून तोड़ने और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दिनों से हो रहे घटनाक्रम के दौरान शांति कायम रखने में जनता का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने चारमीनार में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी ने देखा है कि पुलिस ने हाल के मामले में कैसे कार्रवाई की है। हम पर भरोसा रखें, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि जो कोई भी दूसरों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पुलिस आयुक्त ने शहर की पुलिस में विश्वास जताने और पुराने शहर में शांति बहाल करने में मदद करने के लिए सभी वर्गों के लोगों को धन्यवाद दिया। सीपी अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुराने शहर में जुमे की नमाज के बाद घटनाक्रम पर नजर रखने के लिए चारमीनार में थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शहर की पुलिस जल्द ही दुकानों को बंद करने के समय में ढील देने पर फैसला लेगी। एक अनौपचारिक अनुरोध के बाद, पिछले दो दिनों से शहर के पुराने हिस्सों में रात 8 बजे दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद हो रहे है।

#### कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई नमाज

कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच पुराने शहर खासकर मक्का मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हैदराबाद के ओल्ड सिटी इलाके के ज्यादातर हिस्सों में बीजेपी के निलंबित विधायक राजा सिंह की पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी को लेकर अशांति के बाद से शांति है। हैदराबाद की मक्का मस्जिद और भाग्यलक्ष्मी मंदिर क्षेत्र कथित तौर पर शांतिपूर्ण है। चल रहे विरोध के कारण पहले बंद किए जाने के बाद शालीबंडा इलाके में सभी दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों ने काम करना शुरू कर दिया। शांति लौटने के बाद भक्तों ने भी पूजा स्थलों पर जाना शुरू कर दिया। गोशामहल, टप्पाचबूतरा, हबीबनगर, मंगलहट और जुम्मरत बाजार में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। हालांकि, इलाके में पुलिस कर्मियों, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों



को तैनात किया गया है। इससे पहले गुरुवार को, ओवैसी ने नागरिकों से शांतिपूर्ण जुमे की नमाज सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि पैगंबर मोहम्मद पर उनकी टिप्पणी पर भाजपा नेता टी राजा सिंह को हिरासत में लेने और निलंबित करने की उनकी "सबसे बड़ी मांग" पूरी हो गई है। निलंबित भाजपा नेता की कथित टिप्पणी के बाद तेलंगाना में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हैदराबाद पुलिस ने गुरुवार को कहा कि सिंह को प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया है और सेंट्रल जेल, चेर्लापल्ली में बंद किया जा रहा है। इस बीच, भाजपा ने विधायक को भी निलंबित कर दिया और कहा कि उनकी टिप्पणी पार्टी की लाइन के खिलाफ है।

## एजेंट के झांसे में आकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

मेदक, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आर्थिक तंगी से परेशान हवेलीघनपुर के लंबाड़ा आदिवासी गोपी नायक ने शुक्रवार को मेदक जिले के स्कूल थांडा में कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने कहा कि गोपी नायक ने दुबई में काम खोजने के लिए एक एजेंट से संपर्क किया था। एजेंट को अच्छी खासी रकम देने के बाद भी गोपी को दुबई में मनचाहा काम नहीं मिला। वह कुछ दिन पहले दुबई से लौटा था। चूंकि उसने एक बड़ी राशि खर्च कर दी थी, नायक ने अपने द्वारा लिए गए ऋण का भुगतान करने में असमर्थ होने के कारण यह चरम कदम उठाया। हवेलीपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एजेंट का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## डिलीवरी एग्जीक्यूटिव बनकर महिला को लूटने का प्रयास

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके पेटबशीराबाद में गुरुवार की देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के रूप में एक महिला को चाकू की नोक पर धमकाया और उसे लूटने का प्रयास किया। जीडीमेटला वुड्स कॉलोनी में 35 वर्षीय महिला के पास संदिग्ध ने पार्सल लेकर संपर्क किया और कहा कि वह इसे देने आया है। पुलिस ने कहा कि जब पीड़िता ने दावा किया कि उसने कोई आदेश नहीं दिया है। इसके बाद उसने चाकू निकालकर महिला से गहने और अन्य कीमती सामान की मांग की। महिला ने गुहार लगाई कि उसके पास घर में कोई कीमती सामान नहीं है और उसने शोर मचाया। इसके बाद उसने महिला मुंह पर टेप चिपकार अवाज बंद करा दिया और मौके से भाग गया। पेटबशीराबाद पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है और जांच कर रही है।

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज शनिवार 27 अगस्त 2022 प्रातः 11 बजे से
भाद्रपद शनैश्चरी अमावस्या
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
इस पावन अवसर पर सभी गौ-भक्तों से निवेदन है कि नीम एवं पीपल के पौधे लाकर गौशाला प्रांगण में लगाएँ
भोजन प्रसादी लाभार्थी : भंवरसिंह राठौड़, खेताराम सीरवी, प्रभुराम सुथार
विशेष सूचना : कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए सभी गौ-प्रेमी भक्तजनों से निवेदन है कि मास्क अवश्य लगाकर आएँ एवं सामाजिक दूरी बनाए रखें तथा सरकारी नियमों का पालन कर गौ-माता की सेवा का लाभ प्राप्त करें।
* भजन प्रस्तुति * महिला मित्र मण्डली
दूरभाष : 9866405649, 9989627581, 9949317083, 9395393462
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

आज शनिअमावस्या है।
दक्षिण भारत के सबसे बड़े जीवदया/गौसेवा केन्द्र
सत्यम् शिवम् सुन्दम् गौनिवास पर आपका हार्दिक स्वागत है।
संक्षिप्त परिचय
स्थापना - वर्ष 2001 : गौ संख्या 200 से * वर्तमान गौ संख्या 5700 गौवंश
सेवा कर्मचारी - 115 * चिकित्सा के लिए - पशु-चिकित्सक -2
प्रतिदिन चारे मे खर्च - 2,10,000/- * प्रतिदिन कबूतरों को दाना खर्च - 8,000/-
वर्षाकाल मे त्रयनगर मे हो रहे अनेक धार्मिक अनुष्ठानों पर हार्दिक बधाई।
विराजीत अनेक ज्ञानी संत महात्माओं के चरणों मे हार्दिक वंदन।
गौनिवास मे नवजीवन यापन कर रही 5700 से अधिक गौवंश की चारा व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था मे हो रहा खर्च अनेक जीवदया प्रेमी, गौमाता मे विश्वास रखने वाले करुणामयी सज्जनो एवं अनेक जीवदया प्रेमी संस्थाओ के कारण ही संभव हो पाता है। सादर प्रार्थना एवं विनंती करते हैं कि अपना अधिक से अधिक सहयोग प्रदान कर अनुग्रहित करे।
जहाँ पर अनेक गौ प्रेमी परिवारों द्वारा गौमाता की सुविधा के लिए अनेक शेड बनवाये, वहीं बढ़ती गौ संख्या को देखकर शहर के ही एक करुणामयी - गौप्रेमी परिवार ने गौसेवा केन्द्र मे 4,200 sqft. का (RCC SHED) निर्माण करवाया। इस मंगल कार्य के लिए गौनिवास की पूर्ण कार्यसमिति उनकी ह्रदय से आभारी है।
सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौनिवास
Regd. No. 664/2010
गगन पहाड़, राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट रोड़ सिटीज़न कांटे के पीछे, हैदराबाद
फोन : 9985385399, 9989403635, 9440437618, 9912142260, 9246522435 9347211966, 9441210591, 9490941319, 9848031111
Bankers : BANK OF BARODA, Nallakunta Branch, Hyderabad, T. S.
A/c. : 75450200001071 IFSC CODE : BARBOVJNAKU
Paytm/Google Pay Number : KARAN CHALLANI - 94909 41319
TO AVAIL 80G KINDLY DONATE- AKSHYA PASHU PAKSHI TRUST
CANARA BANK - BASHEERBAGH BRANCH, HYDERABAD, A/C : 0878132000033 IFSC CODE : CNRB0000878
NAVKAR

गावो विश्वस्य मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज शनिवार, 27-8-2022 को शनि एवं सति अमावस्या
के उपलक्ष्य में सभी प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बने और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है। प्रसाद की व्यवस्था रहेगी
SRI GOPAL GOSHALA TRUST
STATE BANK OF INDIA, VANASTHLIPURAM BRANCH,
S/A NO. 62127047988 IFSC CODE : SBIN0020564
SRI GOPAL GOSHALA TRUST
MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH,
S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)
सम्पर्क सूत्र : तुलसीराम बंसल - 9247262215, सतवीर गर्ग - 9346098880, महावीरप्रसाद अग्रवाल - 9246340476, विपुल गोयल - 9391006820, अर्जुन गोयल - 9246565555, विनोद गर्ग (ट्रस्टी-लेखा जोखा) - 9885237833
गोशाला व्यवस्थापक : राजूराम सेपटा - 8019106318, रमेश काबरा - 9290434314 एवं समस्त ट्रस्टीगण
MEENAKSHI

जय श्री राम : श्री गणेशाय नम : (स्थापना: दि. 13.01.2010) जय श्री राम
आज शनिवार दिनांक 27-08-2022
शनि अमावस्या
के अवसर पर पधारे
या देवी श्री आईजी एस वी एस टी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44,मेडचल रोड, कल्लाकल।
भजन व भोजन महाप्रसादी 27 अगस्त 2022, सुबह 11 से 6 बजे तक
भजन व किर्तन गायक संत श्री सीयारामजी महाराज, जोधपुर
शनि अमावस्या के अवसर पर भव्य सत्संग का आयोजन रखा गया है समस्त गौसेवको से निवेदन है कि अपना अमूल्य समय निकालकर सत्संग में अवश्य पधारें।
सम्पर्क : नारायणलाल :8712311785 , सिरवि वी ताराराम पंवार :9246368842
:: शुभकामनाओं सहित ::
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES
PRAJAPATI

श्री हनुमानचालीसा सामूहिक पाठ
बोंदिली कान्यकुब्ज समाज, हैदराबाद
दिनांक : 27-8-22 (शनिवार)
समय : सायं 6 बजे से
स्थान : श्री राम मंदिर मठ संगम बापूघाट, लंगर हौज, हैदराबाद
भक्तों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग ले।
निवेदक
शोभा पाण्डेय



मुख्य अतिथि
गोपाल-मंजू बल्दवा
cont: 9248555506
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेड रोड नं. 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. मोबाइल : 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP

# भूपेंद्र सिंह बनाए गए यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

## योगी सरकार में हैं पंचायती राज मंत्री

लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह को यूपी भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी घोषणा गुरुवार को की गई। स्वतंत्र देव सिंह के इस्तीफे के बाद यह जगह खाली थी। भूपेंद्र सिंह योगी सरकार में पंचायती राज मंत्री हैं। इसके अलावा जेपी नड्डा ने त्रिपुरा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा भी की है। राजीव भट्टाचार्य को त्रिपुरा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

भूपेंद्र सिंह को बुधवार को दिल्ली बुलाया गया था, जिसके बाद उनके यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। उन्होंने जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि आजमगढ़ से आनन-फानन में दिल्ली आकर भूपेंद्र सिंह ने नड्डा से मुलाकात की थी।



पश्चिमी यूपी के जाट समुदाय से आने वाले भूपेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपकर भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश कर सकती है। जानकारों का कहना है कि इसके जरिए भाजपा ने क्षेत्रीय और जातीय समीकरण साधने की कोशिश की है। जाट वोट बैंक को साधने के लिए भूपेंद्र सिंह सबसे मजबूत चेहरा माने जा रहे हैं।

दूसरी तरफ, सीएम योगी की पूर्वांचल की राजनीति पर मजबूत पकड़ है और इस लिहाज से संगठन की कमान पश्चिमी यूपी के जाट नेता को देने को भी पार्टी की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। इसके अलावा, भूपेंद्र सिंह पुराने स्वयंसेवक हैं और सीएम योगी आदित्यनाथ के भी करीबी माने जाते हैं।

स्वतंत्र देव सिंह के इस्तीफे के बाद यूपी भाजपा के अगले अध्यक्ष को लेकर कयासों का दौर लगातार जारी रहा। इस रेस में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी शामिल था। उनके 'संगठन सरकार से बड़ा' वाले ट्वीट के बाद इन अटकलों को और भी बल मिला था। दूसरी तरफ, पार्टी ने कई ब्राह्मण और दलित चेहरों पर भी मंथन किया था। इनमें सांसद सतीश गौतम, दिनेश शर्मा और श्रीकांत शर्मा भी रेस में बताए जा रहे थे।

# देवेश चंद्र ठाकुर विधान परिषद के सभापति निर्वाचित

## ग्रहण किया पदभार, नीतीश कुमार ने किया अभिनंदन

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार विधान परिषद के सभापति के तौर पर देवेश चंद्र ठाकुर ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। बुधवार को देवेश चंद्र ठाकुर ने इस पद के लिए नामांकन किया था। आज उन्हें निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। देवेशचंद्र ठाकुर विधान परिषद के 12वें स्थायी सभापति बने हैं। विधान परिषद के 85 साल के इतिहास में अब तक केवल 11 ऐसे सभापति हुए हैं, जो स्थायी रहे हों, इसके अलावे सदन की जिम्मेदारी कार्यकारी सभापतियों के जिम्मे रही है। आज देवेश चंद्र ठाकुर स्थायी सभापति के तौर पर आज कामकाज संभाल लिया। सदन की तरफ से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनिर्वाचित सभापति देवेश चंद्र ठाकुर का अभिनंदन किया। देवेश चंद्र ठाकुर के निर्वाचन को लेकर आज विधान परिषद की विशेष बैठक बुलायी गयी है। इस अवसर पर सीएम ने नवनिर्वाचित सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को शुभकामनाएं दी। सीएम नीतीश कुमार ने सदन



में कहा कि आज नये सभापति ने आसन ग्रहण कर लिया, लेकिन पुराने सभापति अवधेश नायारण सिंह को कभी नहीं भूलेंगे, वे सभी का ध्यान रखते थे। नये सभापति से भी सभी को उम्मीद है कि सभी काम अच्छे ढंग से होंगे और सदन अच्छी तरह से चलेगा। मुख्यमंत्री ने पूरे सदन की तरफ से उनका अभिनंदन किया। वहीं सदन में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मौजूद सम्राट चौधरी ने भी सभापति चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी। विपक्ष की तरफ ने सम्राट चौधरी ने सभापति को आश्वस्त किया कि उन्हें विपक्ष की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। लोकतंत्र बचाने के लिए जब भी जरूरत होगी तो पूरा विपक्ष उनके साथ खड़ा होगा।

# भाजपा पर बरसे पप्पू यादव ने कहा- क्या ये लोकतंत्र है

## 33 हजार करोड़ से महाराष्ट्र, एक लाख से कर्नाटक, मणिपुर में सिर्फ दो सीट से बना ली सरकार

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में भाजपा-जदयू की सरकार के गिरने और नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजद – जदयू सरकार के बनने के बाद राजद के कई नेताओं के घरों में सीबीआई और ईडी के छापे को लेकर विपक्षी नेता केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना है कि जहां भाजपा की सरकार नहीं होती है, वहां वह सीबीआई और ईडी को भेजकर विपक्षी नेताओं को परेशान करने लगती है। जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी, कहा कि अब बिहार के लोग चुप नहीं बैठेंगे।

पूर्व सांसद पप्पू यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला और कहा, "33 हजार करोड़ रुपये से आपने महाराष्ट्र सरकार बदली, एक लाख करोड़ रुपये से आपने कर्नाटक सरकार तोड़ दी, 65 हजार करोड़ से आपने मध्य प्रदेश सरकार तोड़ दिया। गोवा में आपने 30 हजार करोड़ में कांग्रेस की सरकार खरीद ली। मणिपुर में मात्र दो सीट पर आप एमएलए बने हैं और सरकार बना ली। क्या



यह डेमोक्रेसी है? आप इतने दिन से कहां थे?" उन्होंने कहा, "क्या सोचते हैं आप, एक-एक बिहारी बदला लेगा। हम गलत चीज के पक्ष में नहीं हैं। मैं नीतीश कुमार जी से कहना चाहता हूं। नीतीश जी बिहार हमेशा मर्द होता है। हमेशा चैलेंज स्वीकार करता है। बीजेपी के जितने मंत्री और वो फाइल चोरी की है, आर्थिक अपराध के द्वारा जेल में बंद करिए। अब वक्त आ गया है चुप नहीं बैठने का, आरपार लड़ाई लड़ने का इन सबको जेल में ठूंसने की जगह है।"

पप्पू यादव ने कहा, "अगर आज भी नीतीश कुमार जी चुप बैठ गए तो नीतीश कुमार जी आपकी सरकार को और आपके लोगों को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी। आप हिम्मत दिखाइए और जितने लोगों ने जनधन योजना और अन्य योजना से आर्थिक घोटाला किया है, बिहार के मंत्री और विधायक पर आर्थिक अपराध बैठा करके कार्रवाई करिए।" उन्होंने कहा, "यदि आज बिना पुलिस के वो रेड कर रहा है सीआरपीएफ के बदौलत और एक में भी बिहार पुलिस नहीं सबको अलग कर दिया गया तो आप भी बिहार पुलिस और बीएमपी के द्वारा इन चोरों के घर पर रेड करके इनको जेल में ठूंसिए।"

## 'मैंने बेटे की सगाई के लिए कैश रखा था' सीबीआई छापे पर बोले आरजेडी एमएलसी, सुशील मोदी ने किया पलटवार



पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में सीबीआई छापेमारी के बाद से सियासत गरमा गई है। इस मामले में जहां आरजेडी की ओर से सफाई दी जा रही है वहीं विपक्षी पार्टी भाजपा हमलावर हो गई है। इनसब के बीच घर से कैश बरामद होने के बाद आरजेडी एमएलसी और लालू यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले नेता सुनील सिंह का बयान सामने आया है। सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा हमारे गठबंधन से खुश नहीं है। उनका एकमात्र लक्ष्य तेजस्वी यादव को फंसाना है। सीबीआई को जो नकद राशि मिली है वह मेरे बेटे की सगाई से जुड़ी हुई है। इसके अलावा मेरी पत्नी की उसके क्रेट प्लांट से कमाई की धनराशि है।

# पुलिस पर भारी अंसारी: 42 दिन, आठ राज्य और 12 टीमें

## 135 से ज्यादा ठिकानों पर छापे, पर हाथ न लगा विधायक

लखनऊ, 25 अगस्त (एजेंसियां)। मऊ की सदर सीट से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी पुलिस पर भारी पड़ गया है। पुलिस की 12 विशेष टीमें डेढ़ महीने में 135 से अधिक ठिकानों पर छापा मार चुकी हैं, लेकिन अब्बास का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। गिरफ्तारी से बचने के लिए विधायक ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान तक नहीं किया था। उधर, सूत्रों की माने तो अब्बास ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर कर दी है। पुलिस के लिए बृहस्पतिवार तक की मोहलत है। इसके बाद पुलिस कोर्ट में फिर से अर्जी डालेगी।

बांदा जेल में बंद माफिया व पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की तलाश में पुलिस ने बुधवार को भी कई जगह दबिश दी। मेट्रो सिटी स्थित विधायक के फ्लैट पर पूछताछ की। वजीरगंज और विधायक आवास भी गईं, लेकिन टीमें खाली हाथ रहीं। डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी के मुताबिक, पुलिस टीमें मऊ,



वाराणसी, गाजीपुर, पंजाब और दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं।

कई जगह दबिश भी दी है। इसके अलावा राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद, उत्तराखंड, पंजाब व छत्तीसगढ़ में भी अब्बास की तलाश की जा रही है। बृहस्पतिवार तक का समय कोर्ट से मिला है। इसके बाद भगोड़ा घोषित करने की अर्जी कोर्ट में डाली जाएगी। कानूनी औपचारिकता पूरी होते ही संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।

**पंजाब में लोकेशन तो मिली, पर अब्बास नहीं**

महानगर थाने में 2019 में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग का मुकदमा दर्ज किया गया था। पेशी से गायब रहने पर कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए सात टीमें बनाई थीं। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी, पर विधायक हाथ नहीं लगा। इसी बीच सर्विलांस से उसकी लोकेशन पंजाब में मिली। तत्काल टीम भेजी गई, पर खाली हाथ रही। एक टीम को उसके संभावित ठिकानों की निगरानी के लिए वहीं रोक दिया गया। अब्बास को भगोड़ा घोषित करने के लिए पुलिस ने 11 अगस्त को अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने खारिज करते हुए 25 अगस्त तक गिरफ्तार करने का समय दिया था। इसके बाद 12 अगस्त से पुलिस ने लखनऊ में ताबड़तोड़ छापे मारने शुरू किए। मेट्रो सिटी स्थित विधायक के फ्लैट, चचेरे विधायक भाई मन्नू अंसारी के फ्लैट और दारुलशफा स्थित सरकारी आवास पर छापा मारा था, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

**मुख्तार के करीबी छह गैंगस्टरों की संपत्ति खंगाल रही पुलिस**

मुख्तार अंसारी के गिरोह पर और शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने छह गैंगस्टरों की संपत्ति खंगालनी शुरू कर दी हैं। दो गैंगस्टर मुख्तार के करीबी सुरेंद्र कालिया से जुड़े हैं, जबकि चार गैंगस्टर लखनऊ, वाराणसी और बांदा जेल में बंद हैं। मुख्तार के करीबी जुगनू वालिया की संपत्ति भी पुलिस ने खंगाली है। इस पर इनाम भी घोषित है। रेस्टोरेंट संचालक हत्याकांड में जुगनू फरार है। जुगनू की आलमबाग के अलावा कई जगह संपत्तियां हैं। एसीपी के नेतृत्व में बनी तीन टीमें जुगनू की संपत्ति तलाशने में जुटी हैं। वहीं, वजीरगंज में रहने वाले मुख्तार के एक करीबी की सिटी स्टेशन के पास संपत्ति है।

# सीबीआई के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो रहे भोला यादव

**लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ीं**

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सीबीआई ने कथित लैंड फॉर जॉब स्कैम में बिहार समेत देशभर में हुई आरजेडी नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के पूर्व ओएसडी भोला यादव की गिरफ्तारी के बाद हुई है। ऐसे लालू प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भोला यादव न सिर्फ लालू प्रसाद के करीबी हैं बल्कि उनके राजदार भी माने जाते हैं। भोला यादव की जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में अहम भूमिका मानी जा रही है। सीबीआई के लिए वही अब तुरुप का पत्ता साबित हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक रिमांड अवधि में उनसे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर ही सीबीआई ने यह पूरी कार्रवाई की है। भोला यादव से सीबीआई को कई ऐसे राज पता चले हैं जिससे वह अबतक दूर थी। लालू यादव के साल 2004 से 2009 तक के रेल मंत्री के कार्यकाल में बगैर किसी विज्ञापन के कई लोगों को रेलवे में चतुर्थवर्गीय पद पर नौकरी दी गई। आरोप है कि नौकरी देने



के बदले उनके या परिवार के सदस्यों से जमीन लिखवाई गई। ये जमीन राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और दिल्ली की एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर 5 सेल डीड और 2 गिफ्ट डीड के जरिए हस्तांतरित की गई। जमीन का कुल रकबा 1,05,292 वर्गफुट है। सर्किल रेट के हिसाब से अभी इसकी कीमत 4,39,80,650 रुपये है। इस मामले में केस दर्ज करने के बाद सीबीआई की बुधवार को तीसरी बार छापेमारी हुई। इससे पहले 20 मई को राबड़ी देवी व मीसा भारती के आवास समेत 16 ठिकानों की तलाशी ली गई थी। वहीं दूसरी बार भोला यादव को गिरफ्तार करने के बाद पटना-दरभंगा के उनके ठिकानों को खंगाला गया था। रेलवे भर्ती घोटाले में लालू-राबड़ी समेत परिवार के चार सदस्य नामजद हैं। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी उनकी दो बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव को नामजद किया गया है। इसके अलावा नौकरी पाने वाले राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, अजय कुमार, संजय राय, धर्मेन्द्र राय, विकास कुमार, पिंटू कुमार, दिलचंद कुमार, प्रेम चंद कुमार, लाल चंद कुमार, हृदयानंद चौधरी (इटवा, मीरगंज, गोपालगंज) और अभिषेक कुमार के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई।

## बदमाशों ने की पति-पत्नी की हत्या

सुपौल, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुपौल के सदर थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द वार्ड 05 में दंपत्ति की पीटकर हत्या के मामले का पुलिस ने 10 घंटे के भीतर उद्भेदन कर लिया। अति संवेदनशील मामला होने के कारण दिनभर पुलिस जांच में जुटी रही। मामले को लेकर एसपी डी अमरेश ने बताया की 04 अपराधियों को मामले में गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि रात के करीब 02 बजे 4-5 की संख्या में अपराधी ई-रिक्शा की बैट्री चोरी करने गए थे। इसी बीच दंपति की नींद खुली इस पर जब दंपित ने हंगामा करना शुरू किया तो पहचान छिपाने के लिए लकड़ी से पीटकर हत्या कर दी। जांच के लिए गठित टीम द्वारा सूचना संकलन, वैज्ञानिक अनुसंधान के सहयोग से मामले में सबसे पहले पिपरा खुर्द निवासी लड्डू लाल को हिरासत में लिया गया।

# महिला सिपाही बनी डीएसपी बोली रंग लाई मेहनत

बेगूसराय, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बेगूसराय में कार्यरत एक महिला सिपाही अपनी कठिन लगन और मेहनत से डीएसपी बन गई है। पति, सास-ससुर, छोटे बच्चे की जिम्मेदारी और अपनी ड्यूटी के साथ सिपाही बबली कुमारी ने खुद को साबित किया है। बेगूसराय जिला बल की सिपाही बबली का जीवन संघर्ष से भरा हुआ है। उन्होंने तीसरे प्रयास में बीपीएससी क्रेक कर डीएसपी बनने में सफलता पाई है। जो बिहार पुलिस और बेगूसराय पुलिस लाइन के अन्य सिपाहियों और अधिकारियों के लिए भी नजीर है। बबली ने कहा- प्रण कर लेने से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। बबली ने कामकाजी महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जब मैं कर सकती हूं तो कोई भी कर सकता है। राजगीर प्रशिक्षण केंद्र के लिए विरमित करने के पूर्व एसपी योगेंद्र कुमार ने बबली को

## बेगूसराय में तीसरे अटेम्प्ट में मारी बाजी प्रेग्नेंसी में दिया था मेंस का पेपर




सम्मानित किया। बोधगया के भागलपुर निवासी रोहित कुमार की पत्नी बबली ने 2015 में खगड़िया में बतौर कांस्टेबल सेवा की शुरुआत की थी। वर्तमान में वह पुलिस लाइन बेगूसराय में पदस्थापित हैं।

बबली ने कहा- मन में आना चाहिए कि कुछ करना है तो लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है। बबली को 7 माह की पुत्री आरवी है। उनकी शादी साल 2013 में रोहित कुमार से हुई थी।

# बिहार के 16 जिलों में 27 अगस्त तक कमजोर मॉनसून

पटना, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में मौसम विभाग ने 16 जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 24 घंटे के भीतर उत्तर और दक्षिण बिहार में कुछ जगहों पर एक हल्की से मध्यम दर्जे की बरसात हो सकती है। इस दौरान वज्रपात के आसार नहीं हैं। हालांकि इसके बाद मॉनसून की गति फिर से धीमी पड़ने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 अगस्त तक राज्य में बारिश संबंधी गतिविधियों में कमी आएगी। उसके बाद फिर से भारी बारिश का दौर शुरू होगा। पटना मौसम केंद्र के मुताबिक मॉनसून की सक्रियता बढ़ते ही राजधानी समेत प्रदेश के दक्षिणी भागों के अलग-अलग स्थानों पर पिछले 24 घंटे में भारी बारिश हुई है। मंगलवार को मानसून ट्रफ लाइन पटना होकर गुजर रही थी। इसके प्रभाव से कई जगहों पर अच्छी वर्षा दर्ज की गई। अगले 24 घंटों में राजधानी



पटना समेत बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, जहानाबाद, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सारण, गोपालगंज जिले के एक या दो स्थानों पर मध्यम दर्जे की बारिश का अलर्ट है। प्रदेश के बाकी हिस्सों का मौसम शुष्क बना रहेगा। भागलपुर में भी बुधवार को दिन में तीन बार रह-रहकर बूंदाबांदी से लेकर हल्की फुहारों का दौर चला, लेकिन इससे गर्मी और उमस के तेवर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

# आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा

## मिर्जापुर के खलासी की मौत, घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला घायल

आजमगढ़, 25 अगस्त (एजेंसियां)। आजमगढ़ जौनपुर मार्ग पर अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक घर में घुस गया। यह हादसा सुबह उस वक्त हुआ, जब आजमगढ़ से जौनपुर की तरफ जा रहा खाली ट्रक सड़क किनारे बने घर में घुस गया। हादसे में ट्रक सवार 17 साल के खलासी नीरज की मौत हो गई। वह बारीपुर थाना लालगंज जिला मिर्जापुर का रहने वाला है।ट्रक पर ही सवार नीरज का 15 साल का साथी अर्जुन पुत्र बबलू जख्मी हो गया। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। बरदह थाना क्षेत्र के भीरा गांव की रहने वाली शमशेर के घर की महिला आतिया बाहर झाड़ू लगा रही थी। अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने की वजह से वह जख्मी हो गई। हालांकि, उसकी चोट मामूली बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने ट्रक को घर से बाहर निकाला। ट्रक का नंबर जौनपुर जिले का है। क्षतिग्रस्त ट्रक से बड़ी मुश्किल से शव को निकाला गया। गंभीर रूप से घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

## आर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट, 14 युवतियों समेत 24 गिरफ्तार

सीतामढ़ी, 25 अगस्त (एजेंसियां)। ऑर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सेक्स रैकेट में शामिल 14 युवतियों के साथ 10 अन्य युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार की गई युवतियां आर्केस्ट्रा में काम करती थीं और इसी की आड़ में देह व्यापार भी कर रही थीं। एक बर्थडे पार्टी में ये गलत काम करते हुए पकड़ी गईं। सीतामढ़ी एसपी हरकिशोर राय ने बताया कि अनैतिक देह व्यापार मामले में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें नेपाल की दो नाबालिग लड़कियां समेत बिहार के अलग-अलग जिले की युवतियां शामिल हैं।

# सिलेंडर से चल रही एंबुलेंस की शिकायत पर भड़की कमिश्नर

## मंडल की 108 और 102 एंबुलेंस की जांच कर सिलेंडर मिलने पर कार्रवाई के निर्देश

बरेली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बरेली मंडल की 108 और 102 एंबुलेंस को चलाने के लिए बड़ी संख्या में सिलेंडर का प्रयोग किया जा रहा है। मामले की शिकायत पर कमिश्नर सेल्वा कुमार जी का पारा चढ़ गया। उन्होंने मंडल के सभी अफसरों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने अपने जिलों में अभियान चलाकर सभी एंबुलेंस की जांच करें।

इस दौरान जो भी एंबुलेंस सिलेंडर से चलती मिले उससे सिलेंडर हटाया जाए और जिम्मेदार के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। मंडलायुक्त ने साफ कहा कि मरीजों के जीवन से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने



स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि बूस्टर डोज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहने के भी निर्देश दिए हैं। कमिश्नर सेल्वा कुमारी जी ने मंडल के सभी डीएम को निर्देश दिए हैं कि जिन गन्ना किसानों का गन्ना भुगतान अभी तक चीनी मीलों द्वारा नहीं किया गया है। उन गन्ना किसानों का शीघ्र भुगतान कराया जाए। इसके लिए अफसर तत्काल चीनी मील प्रबंधन से बात करे। इसी के साथ उन्होंने श्रम विभाग को भी निर्देश दिए हैं कि वह श्रमिकों के पंजीकरण में और तेजी लाए। इस दौरान उन्होंने पशुधन विभाग को निर्देश दिए हैं कि पशुओं में होने वाली लम्पी बीमारी फैलने की संभावना के मद्देनजर पशुओं के आइसोलेशन की व्यवस्था के साथ एंटीवायरस दवाओं से बचाव की पूरी तैयारी कर ली जाए। वहीं आईजीआरस शिकायत निस्तारण को लेकर भी कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे गंभीर दिखाई पड़ी। उन्होंने मंडल के सभी डीएम को साफ निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर तहसील स्तर पर अपडेट रहना चाहिए। उसकी मानीटरिंग संबंधित उप जिलाधिकारी स्वयं करें। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि आईजीआरएस की सुनवाई को लेकर भी अफसर सतर्क रहे।

# बैंक से 15 लाख लूटकर भागे खेत में पकड़ाए

## मोतिहारी में पीएनबी में हथियार के दम पर लूटपाट, 6 में से एक भीड़ के हत्थे चढ़ा

मोतिहारी, 25 अगस्त (एजेंसियां)। मोतिहारी में गुरुवार को बदमाशों ने हथियार के दम पर पंजाब नेशनल बैंक में 15 लाख की लूट की। अपराधी पैसे लेकर भाग ही रहे थे, कि बैंक के कर्मचारी ने उनका पीछा किया। ग्रामीणों ने भी उन्हें घेर लिया। वो गन्ने के खेत में जा छिपे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। अपराधियों को जब लगा कि बचने का कोई रास्ता नहीं है तो उन्होंने पैसे से भरा बैग आगे किया। फिर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपी के साथ मारपीट भी की।

**बैंक मैनेजर सहित अन्य बैंक कर्मियों ने दिखाई हिम्मत**

मामला पहाड़पुर थाना क्षेत्र के



संटहा चौक स्थित पीएनबी बैंक का है। बैंक आम दिनों की तरह गुरुवार को भी खुला था। खाताधारक पैसे की जमा-निकासी कर रहे थे। इसी बीच दो बाइक पर सवार हथियार बंद 6 अपराधी बैंक में घुसे। कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर बैंक लूटने लगे। कैशियर से पैसा लूट कर जैसे ही अपराधी बैंक से बाहर निकले। बैंक मैनेजर अभिषेक प्रियदर्शी, रत्न लाल, राजेश चौरसिया, मुकेश कुमार, रवि कुमार आदि बैंक कर्मी ने हिम्मत जुटा कर एक अपराधियों का पीछे किया।

इस दौरान एक लुटेरा पकड़ा गया। खुद को फंसता देख अन्य अपराधी वहां से भाग गए। घटना की सूचना अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों ने बताया कि एक अपराधी पास के ही गन्ने के खेत में छिपे हैं। इसके बाद एसडीपीओ ने पुलिस बल और ग्रामीणों के सहयोग से ईख के खेत से लूट के 15 लाख रुपये के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने अपराधियों की पिटाई भी कर दी। अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। इस दौरान बैंक कर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ रखा था। जबकि दूसरा अपराधी को पास के गन्ने की खेत में छिप गए। दूसरे अपराधी को लूट के 15 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पकड़े गए दोनों अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।

# बांग्लादेश नहीं बनना चाहता श्रीलंका जैसा

## फाइनेंस मिनिस्टर बोले- चीन के कर्ज जाल से बचें गरीब देश; अब बांग्लादेश-नेपाल के दिवालिया होने का खतरा

ढाका, 25 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के वित्त मंत्री मुस्तफा कमाल के एक बयान ने दुनिया को चीन की हकीकत बता दी। शेख हसीना सरकार में फाइनेंस मिनिस्टर मुस्तफा कमाल ने कहा- चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) अच्छा तो है, लेकिन इसके बहाने चीन गरीब देशों को जो कर्ज दे रहा है वो इन छोटे और विकासशील देशों को तबाह कर सकता है।

कमाल का बयान बेहद अहम है। इसकी वजह ये है कि पहली बार किसी सरकार और खासतौर पर वित्त मंत्री ने चीन के कर्ज जाल के खिलाफ इतनी सीधी वॉर्निंग गरीब देशों को दी है। सवाल ये कि बांग्लादेश के इस आरोप में कितनी सच्चाई है। यहां हम बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल के आर्थिक हालात की रोशनी में सच जानने की कोशिश करते हैं।




### बांग्लादेश में चीन का रोल

बांग्लादेश चीन की बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट यानी बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल है। बीआरआई के तहत रेल, सड़क और समुद्री मार्ग से एशिया, यूरोप, अफ्रीका के 70 देशों को जोड़ने का प्लान है। चीन हिंद महासागर या कहें भारत करीबी देशों में बंदरगाह, नौसेना के अड्डे और निगरानी पोस्ट बनाना चाहता है। BRI के जरिए चीन हमारे पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश और नेपाल में पैर पसार रहा है।

बांग्लादेश के फॉरेन रिजर्व 40 अरब डॉलर से कम

दो महीने में बांग्लादेश में महंगाई बढ़ी। फ्यूल यानी पेट्रोल और डीजल 52% तक महंगे हो गए। शेख हसीना की सरकार कहती है कि रूस-यूक्रेन जंग के चलते इंटरनेशनल मार्केट में फ्यूल की कीमतें बढ़ गईं, इसलिए दम बढ़ाए गए।

सबसे ज्यादा फिक्रमंदी की बात बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेन रिजर्व या फॉरेक्स रिजर्व) हैं। ये अब 40 अरब डॉलर से भी नीचे आ चुके हैं। खुद सरकार कहती है कि इस रिजर्व से सिर्फ पांच महीने ही इम्पोर्ट किया जा सकता है। इसके बाद क्या? यही अहम सवाल है।

बांग्लादेश एशिया के उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने खाली होते फॉरेन रिजर्व से निपटने के लिए इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड का दरवाजा खटखटाया है। बांग्लादेश नेइंटरनेशनल मॉनेटरी फंड से 4.5 अरब डॉलर का पैकेज मांगा है। हालांकि, अभी इस पर सिर्फ बातचीत ही चल रही है। इसके अलावा शेख हसीना सरकार ने वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक, एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर बैंक और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी से भी 4 अरब डॉलर कर्ज मांगा है।

बहुत सीधे तौर पर समझें तो श्रीलंका और पाकिस्तान की राह पर बढ़ रहे बांग्लादेश को दिवालिया होने से बचाने के लिए हसीना सरकार वर्ल्ड फाइनेंशियल बॉडीज, भारत और आईएमएफ से मदद की गुहार लगा रही है। अब सवाल ये कि भारत ही क्यों? चलिए इसे भी समझते हैं। दरअसल, चीन के बाद रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में बांग्लादेश दुनिया का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। लेकिन, सच ये है कि इसके लिए 90% कॉटन भारत ही देता है। अगर भारत हाथ खींच ले तो बांग्लादेश चंद महीनों में दिवालिया हो जाएगा। यही वजह है कि पिछले दिनों शेख हसीना ने हमारी फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण से बातचीत की थी।

### चीन ने श्रीलंका में क्या किया?

अब फिर बांग्लादेश के फाइनेंस मिनिस्टर मुस्तफा कमाल की तरफ चलते हैं। उन्होंने कहा था- चीन अपनी परियोजनाओं को लेकर ईमानदार और ट्रांसपेरेंट नहीं है। कर्ज देने की उसकी शर्तें खराब और बेहद कड़ी हैं। लिहाजा, कई छोटे और गरीब देश मुश्किल में फंस रहे हैं। श्रीलंका इसका उदाहरण है।

दरअसल, चीन विकासशील देशों में कर्ज के रूप में तगड़ा इन्वेस्टमेंट करता है। श्रीलंका में भी उसने कई इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स शुरू किए थे। इनसे रेवेन्यू जनरेट तो नहीं हुआ, उल्टा श्रीलंका कर्जदार होता चला गया और आखिरकार दिवालिया हो गया।

### चीन के BRI में फंसा श्रीलंका

चीन के बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट (BRI) में श्रीलंका का अहम रोल रहा। राजपक्षे सरकार ने हम्बनटोटा पोर्ट के लिए 1.26 अरब डॉलर का कर्ज लिया था। उन्हें लगा इससे ट्रेड में फायदा होगा। इससे कर्ज चुका देंगे। लेकिन, हुआ उल्टा। श्रीलंका लोन नहीं चुका पाया और उसे लाचार होकर हम्बनटोटा पोर्ट चीन को 99 साल की लीज पर देना पड़ा। चीन भी तो यही चाहता था।

### बीआरआई के जरिए नेपाल की इकोनॉमी कंट्रोल करना चाहता है चीन

चीन और नेपाल के बीच मई 2017 में बीआरआई प्रोजेक्ट को लेकर एक समझौता हुआ था। इसके जरिए चीन फ्री ट्रेड कनेक्टिविटी के नाम पर नेपाल को अपनी शर्तों के जाल में फंसा रहा है।

चीन चाहता है कि नेपाल में भी चीनी करेंसी चले। हैरानी की बात यह है कि नेपाल में चीन का माल जीरो कस्टम ड्यूटी पर बेचा जाता है। यानी नेपाल को हर तरफ से घाटा।

नेपाल में सड़क, सिविल एविएशन, पावर ग्रिड, इन्फॉर्मेशन और कम्युनिकेशन मजबूत करने की बात कही गई। चीन की यही शर्तें श्रीलंका के साथ थीं। इसका नतीजा दुनिया देख रही है, कि वहां क्या हाल हो गया है।

# दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... | 05-26 बजे |
| चंद्र- | कर्क में | कन्या | 07-34 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - | 09-39 बजे |
| बुध- | कन्या में | वृश्चिक | 11-49 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- | 14-03 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- | 16-09 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - | 18-00 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... | 19-38 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 21-14 बजे |
| | | वृष-- | 22-59 बजे |
| | | मिथुन.. | 00-59 बजे |
| | | कर्क... | 03-11 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,** हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद, दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी- **12-24** तक उपरान्त, अमावस
मास - भाद्रपद कृष्ण पक्ष ,शुक्रवार, **26 August**
नक्षत्र -आश्लेषा - **18 -32** - तक उपरान्त, मघा
योग - परिघ - **02- 10** - तक उप- शिव
करण- शकुनि **-12 -24** - तक,उप- चतुष्पाद
विशेष:- पितृकार्य अमावस,अघोरा १४
व्रत -त्योहार - कुश्तोत्पाटिनी अमावस

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:44 से 12:18 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | **06:04 - 07:36** | शुभ | रोग.. | **18:33 - 19:59** | अशुभ |
| लाभ | **07:36 - 09:10** | शुभ | काल. | **19:59 - 21:26** | अशुभ |
| अमृत | **09:10 - 10:44** | शुभ | लाभ. | **21:26 - 22:52** | शुभ |
| काल. | **10:44 - 12:18** | अशुभ | उत्पात | **22:52 - 00:18** | अशुभ |
| शुभ | **12:18 - 13:52** | शुभ | शुभ. | **00:18 - 01:44** | शुभ |
| रोग | **13:52 - 15:26** | अशुभ | अमृत | **01:44 - 03:10** | शुभ |
| उत्पात | **15:26 - 16:59** | अशुभ | चंचल | **03:10 - 04:36** | शुभ |
| चंचल | **16:59 - 18:31** | शुभ | रोग | **04:36 - 06:04** | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — आपको पहले से सोच समझकर लिया गया एक फैसला बदलना पड़ सकता है। आपकी जीवन में आने वाली चीजों के प्रति अधिक जिम्मेदार रवैया अपनाना होगा।आप अपने पहले तय किये गया कार्यक्रम के अनुसार नही चल पायेंगे क्योंकि आपको कुछ अप्रत्याशित घटनाओं के कारण अपना कार्यक्रम बदलना पड़ सकता है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा।आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है। इसीलिए रोमांस का आनंद लें। रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है ,आपको संवेदनशील लोगो से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा।यह समय सामना करने और फैसले लेने के लिए भी उपयुक्त है।आप जिन अवांछित स्थितियों से बचना चाह्ते थे आपको उनमें खींचा जाएगा।कुछ कठोर निर्णय लेने होंगें।हालाँकि आप दबाव में भी सही फैसले ले पायेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आज आपके लिए बहुत सारा काम है ,व्यस्त रहेंगे। जल्दी के चक्कर में अपने किसी शुभचिन्तक को नाराज ना करें। नम्र बने रहें।आपकी सकारात्मकता के कारण नए अवसर मिलेंगे। धीरज रखें परिवर्तन ही शाश्वत नियम हैविसिलिये बदलाव तो आपके जीवन में भी होना ही है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — यह आपके लिए अपने आप से किये हुए वादों और अपनी योजनाओं को अमल में लाने का बहुत अच्छा समय है।नयी योजनायें भी जल्दी ही कामयाब होंगीं।हालाँकि, दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है।इसीलिए शाम को सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल होने की योजना बना सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आप आज किसी मनोरंजक व्यक्ति के साथ सम्बन्ध स्थापित करेंगे। उसके साथ मजेदार बातचीत से समय अच्छा गुजरेगा।इस आदमी से सीखने और प्रेरणा लेने की कोशिश करें। इससे आपको और लोगों की मन स्थिति समझने में भी मदद मिलेगी। परिवार की यात्रा में अगर अपनी मनपसंद जगह जाना है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आज आपकी किसी से कोई महत्वपूर्ण बातचीत होने के आसार हैं।टकराव की स्थिति भी बन सकती है या साधारण बातचीत भी हो सकती है।लेकिन यह जो भी हो,इससे आपको सोचने के लिए काफी कुछ मिलेगा और आप पूरे दिन इसी में व्यस्त रहेंगे।आप आज कोई विकर्षण सहन नही करेंगे फिर भी आपको यह महसूस होगा।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आपका कोई करीबी शायद आपके कारण भावनात्मक उथल-पुथल के दायरे में है।आप एकदम से निष्कर्ष पर पहुच जाते हैं और इस बार भी आपने सही से समझे बिना ही इस व्यक्ति पर वफादार न होने का आरोप लगा दिया है।आपके लिए अच्छा यही होगा कि आप पहले शांति से बैठकर सही समय तक का इन्तजार करें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी। इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है। आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — मेहनत से कांम करें और जमकर आनंद उठायें।आज आप पुरे दिन इसी सिद्धांत पर चलेंगे और यह उपयुक्त भी है।दिन की शुरुआत सामान्य होगी लेकिन अंत दोस्तों और परिवार के साथ जश्न से होगा।आपकी लोगों को हंसाने की क्षमता और खुशमिजाज स्वभाव बड़ी पार्टी की मेजबानी के लिए भी उपयुक्त है।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — यह सोचने और जानने के लिए कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं,कुछ देर एकांत में बैठें। पिछले कई दिन काफी व्यस्त रहे हैं।इसीलिए आपको अपने उद्देश्यों का फिर से मूल्यांकन करना है और यह भी देखना है की आपके काम किस प्रकार आपके जीवन और संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं।यात्रा संभावित है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी।यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगें। इससे आपको भविष्य में भी इसी प्रकार के लाभ उठाने का रास्ता दिखाई देगा।आप आज बहुत अच्छे मूड में हैं और आपकी आशावादिता और खुशमिजाजी से सभी प्रभावित होंगे।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# टेररिज्म केस में इमरान को 1 सितंबर तक बेल

## 21 अगस्त को जारी हुआ था वारंट, जज-पुलिस अधिकारियों को धमकाया था



इस्लामाबाद, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को टेररिज्म मामले में 1 सितंबर तक अंतरिम जमानत मिल गई है। यानी 1 सितंबर तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई है। एक रैली में महिला जज और पुलिस अधिकारियों को धमकी देने को लेकर खान के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद 21 अगस्त को एंटी टेररिज्म एक्ट के तहत वारंट जारी हुआ था।

### पहले ही कर दी थी जमानत याचिका दायर

इमरान की पार्टी पीटीआई की लीगल टीम ने वारंट जारी होती ही इस्लामाबाद हाईकोर्ट में खान की गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका दायर कर दी थी। जिसके बाद 24 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई। जियो न्यूज के मुताबिक, याचिका में कहा गया था कि इमरान खान का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं रहा है और न ही उन्हें कभी किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है।

### इमरान ने क्या कहा था?

इमरान ने 20 अगस्त को इस्लामाबाद के F9 पार्क में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था- पाकिस्तान की पुलिस किसी के निर्देश पर मेरे पार्टी लीडर्स को गिरफ्तार कर रही है।

जब मैंने पुलिस से पूछा कि शहबाज गिल को क्यों गिरफ्तार किया गया है, तो पुलिस का कहना था कि वे सिर्फ ऑर्डर्स फॉलो कर रहे हैं।

### महिला जज को भी धमकी

इतना ही नहीं, खान ने एक महिला जज पर अपनी पार्टी के खिलाफ पक्षपात वाला रवैया अपनाने का आरोप लगाया और उसे देख लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा- ज्यूडिशियरी को भी परिणामों के लिए खुद को तैयार कर लेना चाहिए। खान ने गिल को रिमांड पर लिए जाने का आदेश देने वाली महिला जज को भी धमकी देते हुआ कहा कि जज को खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए जज तैयार रहें।

### इमरान के करीबी दोस्त हैं शहबाज गिल

पुलिस ने शाहबाज गिल को 9 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के वक्त गिल लग्जरी कार से इमरान के घर बनीगाला जा रहे थे। उन्होंने पाकिस्तानी फौज और ज्यूडिशियरी के बारे में उन्होंने पिछले दिनों बेहद घटिया बयानबाजी की थी। इससे आर्मी और सरकार नाराज थी। इसलिए उनकी गिरफ्तारी हुई। उस वक्त भी माना जा रहा था कि पुलिस इमरान को भी गिरफ्तार कर सकती है।

# पाक में कट्टरपंथियों का अहमदियों की कब्र पर हमला

## अहमदी समुदाय के खिलाफ नफरत फैला रहे मौलवी; उनके साथ दोयम दर्जे का बर्ताव

पाकिस्तान में अहमदी समुदाय को मुस्लिम नहीं माना जाता



इस्लामाबाद, 25 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कट्टरपंथियों ने 22 अगस्त को अहमदिया समुदाय के कब्रिस्तान पर हमला किया। कट्टरपंथियों ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय की कब्रों पर पत्थरबाजी की। मौलवी अहमदियों के खिलाफ नफरत पैदा कर रहे हैं। इससे अहमदिया बहुत डर में हैं और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अहमदियों ने सरकार से न्याय की गुहार भी लगाई है। अहमदिया समुदाय के नेता आमिर महमूद ने बुधवार को बताया- 22 अगस्त को दो लोगों ने लाहौर से करीब 150 KM दूर फैसलाबाद जिले में कब्रिस्तान पर पत्थर फेंके। वहां मौजूद कब्रों को तोड़ दिया। अनजान लोगों ने हमारे समुदाय की 16 कब्रों के साथ बेअदबी की। क्रबिस्तान की कई कब्रों पर लगे पत्थरों पर कुछ लिखा भी।

### खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे अहमदिया

यह 75 साल पुराना कब्रिस्तान है। इसके पहले यहां इस तरह की कोई घटना नहीं हुई। मौलवी कट्टरपंथियों से कब्रों पर हमले करवा रहे हैं। इस तरह की घटनाओं से कई लोग आहत हुए हैं। उन्होंने सरकार से इंसाफ की गुहार भी लगाई है। अल्पसंख्यक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उनको डर है कि उन पर भी हमला हो सकता है।

### अहमदिया और गैर-मुस्लिम

पाकिस्तान में 22 करोड़ आबादी में करीब 1 करोड़ लोग गैर-मुस्लिम हैं। 1974 में पाकिस्तान की संसद ने अहमदिया समुदाय को गैर-मुस्लिम करार दे दिया था।

10 साल बाद उन्हें मुस्लिम कहने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। अहमदिया सऊदी अरब की यात्रा भी नहीं कर सकते। वे किसी भी तरह का उपदेश नहीं दे सकते हैं। हमदिया खुद को इस्लाम का अनुयायी मानते हैं, लेकिन पाकिस्तान में मुस्लिम उन्हें खुद से अलग मानते हैं। हिंदू, ईसाई और अन्य धर्म के लोग जिस तरह पाकिस्तान में भेदभाव का सामना कर रहे हैं, ऐसे ही कुछ हालात इस समुदाय की भी है।

# महामारी खत्म होने के फिलहाल संकेत नहीं

## डब्ल्यूएचओ की आने वाले वैरिएंट्स को लेकर बड़ी चेतावनी

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना महामारी पिछले दो साल से अधिक समय से वैश्विक स्तर पर गंभीर समस्याओं का कारण बनी हुई है। दुनियाभर में फिलहाल इसके ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स का संक्रमण जारी है। अध्ययनों में ओमिक्रॉन को भले ही कम गंभीर माना जाता रहा हो पर अन्य कोरोनावायरस की तुलना में ओमिक्रॉन वैरिएंट्स की संक्रामकता दर काफी अधिक बताई जा रही है।

इस साल दिसंबर में कोरोना महामारी के तीन साल पूरे हो रहे हैं। इतना समय बीत जाने के बाद भी अब तक वैज्ञानिक इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं खोज पाए हैं कि दुनिया को कब तक कोरोना का कहर झेलना पड़ सकता है, कोरोना महामारी कब खत्म होगी?

इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने आने वाले दिनों में संक्रमण को लेकर एक बड़ा दावा कर दिया है। कोविड मामलों और संक्रमण में होती वृद्धि को देखते हुए डब्ल्यूएचओ की कोविड तकनीकी प्रमुख, मारिया वान केरखोव कहती हैं कि फिलहाल कोरोना इतनी जल्दी खत्म होता नजर नहीं आ रहा है। भविष्य में कोरोना के अधिक संक्रमणीय रूप सामने आ सकते हैं, सभी लोगों को उससे सुरक्षित रहने का प्रयास करते रहने की आवश्यकता है।




महामारी विज्ञानी का कहना है कि भले ही हम अभी कोरोना को हल्के में लेने की गलती कर रहे हैं, पर यह भारी पड़ सकती है। इस वजह से कोरोना को नए म्यूटेशन करने का मौका मिल जा रहा है जो आने वाले समय में यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। आइए जानते हैं कि कोरोना के आने वाले वैरिएंट्स की प्रकृति को लेकर और क्या दावा किया गया है?

### कोरोना वायरस में हो चुके हैं कई म्यूटेशन

साल 2019 के आखिर में चीन से नोवेल कोरोना वायरस की शुरुआत हुई थी, तब से अब तक कोरोनावायरस में कई बार म्यूटेशन हो चुका है। हर म्यूटेशन के साथ वायरस कुछ नई प्रकृति लेकर संक्रमण बढ़ाने का कारण बनता जा रहा है। अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा और ओमिक्रोन जैसे अब तक कई वैरिएंट्स और इनके सब-वैरिएंट्स सामने आ चुके हैं। डेल्टा वैरिएंट्स का सबसे पहले भारत में पता चला था और यह अब तक का सबसे खतरनाक माना जा रहा था, वहीं मौजूदा समय में दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स के कारण संक्रमण जारी है। इसे अति संक्रामकता दर वाला बताया जा रहा है। डॉ केरखोव ने भविष्य में और अधिक गंभीर रूपों की चेतावनी दी है।

### ज्यादातर देशों में ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स के केस

इस साल की शुरुआत से ही ओमिक्रॉन वैरिएंट का ही असर देखा जा रहा है। इसे डब्ल्यूएचओ ने 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' के रूप में वर्गीकृत किया है। ओमिक्रॉन में अब तक कई म्यूटेशन हो चुके हैं। समय के साथ हो रहे म्यूटेशन इसे शरीर में वैक्सीनेशन और संक्रमण के कारण बनी प्रतिरक्षा को आसानी से चकमा देने वाला बनाते जा रहे हैं।मारिया वैन केरखोव द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, ओमिक्रोन वायरस दुनियाभर के कई देशों में प्रमुख खतरे के रूप में जारी है, जिनमें से बीए.5 संस्करण 121 देशों में प्रभावी है और बीए.4 को 103 देशों में संक्रमण का कारण माना जा रहा है। BA.4 और BA.5 को ओमिक्रॉन वैरिएंट के दो सबसे व्यापक सब-वैरिएंट्स हैं।

### अधिक संक्रामकता दर वाले होंगे आने वाले वैरिएंट्स

डॉ केरखोव ने सावधान करते हुए बताया है कि भविष्य के वैरिएंट्स अधिक संक्रामकता दर वाले होंगे और इनकी प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता भी अधिक हो सकती है। लेकिन यह कितने गंभीर रोगों का कारण बनेंगे इस बारे में स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है।

डॉ केरखोव कहती हैं, डब्ल्यूएचओ हमेशा टेस्टिंग पर जोर देता रहा है ताकि संक्रमण का जल्द पता लगाया जा सके और यदि कोई नया वैरिएंट लोगों के बीच आया हो तो समय रहते उसकी पहचान की जा सके। हमें भविष्य में कोरोना के संभावित संकट को लेकर हमेशा तैयार रहने की जरूरत है।

डॉ केरखोव कहती हैं, वैक्सीनेशन ही है जिसने न सिर्फ कोरोना को काफी हद तक कमजोर किया है साथ ही लोगों की जान भी बचाई है। कोविड-19 के टीके गंभीर बीमारी को रोकने में अविश्वसनीय रूप काम कर रहे हैं। सभी देश के सरकारों को वैक्सीनेशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# कांग्रेस की बैठक में कमलनाथ की नेताओं को नसीहत

## बोले - पार्टी, संगठन के लिए आपके पास समय नहीं तो अभी बता दो, तत्काल बदलाव करेंगे

भोपाल, 5 अगस्त (एजेंसियां)। आप से बेहतर तो बाल कांग्रेस काम कर रही है, उनमें ज्यादा उत्साह नजर आता है। यह बात पीसीसी चीफ कमलनाथ ने गुरुवार को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में कही। बैठक में विधायकों, विधानसभा, लोकसभा, मेयर के पूर्व प्रत्याशी, जिला प्रभारी, सह प्रभारी के अलावा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष भी शामिल हुए। कमलनाथ ने जिला प्रभारियों, सह प्रभारियों और जिलाध्याक्षों से स्पष्ट कहा कि यदि आपके पास पार्टी और संगठन के लिए समय नहीं है तो अभी बता दो। ऐसे पदों पर हम आने दूसरे मेहनती लोगों को मौका देंगे। बैठक में कमलनाथ ने कहा कि दो सौ गाडियों का काफिला लेकर भोपाल आने वाले नेताओं को जमीन पर संगठन को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। कारों के काफिले से नहीं जमीन पर काम करने से जीत मिलेगी। अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं ऐसे में हवाबाजी के बजाए जमीन पर काम करने से ही कामयाबी मिलेगी। बैठक में पीसीसी चीफ कमलनाथ ने विधायकों को भी संगठन के कामों पर ध्यान देने की नसीहत दी। इसके कुछ देर बाद दो विधायक बैठक से बाहर निकल गए। हालांकि जब जीतू पटवारी से मीटिंग में पीसीसी चीफ द्वारा फटकारने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि कोई फटकार नहीं लगाई।

### संगठन की होगी सर्जरी

मप्र में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने तैयारियां तेज कर दी हैं। हाल ही में हुए नगरीय निकाय के चुनाव में कांग्रेस को 5 नगर निगमों में मिली कामयाबी के बाद अब जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती के प्रयास तेज हो गए हैं। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस के संगठन को खड़ा करने की कमान अपने हाथ में ली है।

# कुश अमावस्या: इस दिन कुशा तोड़कर घर लाते हैं, सबसे पवित्र होती है ये घास



शनिवार, 27 अगस्त को भाद्रपद महीने की अमावस्या है। इसे कुशग्रहणी और कुशोत्पाटिनी अमावस्या भी कहते हैं। इस तिथि पर कुश यानी पवित्र घास इकट्ठा की जाती है। जिसका इस्तेमाल शादी, गृह प्रवेश, श्राद्ध और अन्य मांगलिक कामों में किया जाता है। कुश के बिना हर पूजा अधूरी होती है।

### किस तरह की घास सबसे अच्छी

जिस घास में पत्ती हो, आगे का भाग कटा हुआ न हो और हरा हो, वो देवताओं और पितरों की पूजा के लिए सबसे अच्छी मानी गई है। ग्रंथों के मुताबिक इस अमावस्या पर सूर्योदय के वक्त घास लानी चाहिए। इस वक्त न ला पाएं तो दिन में अभिजित या विजय मुहूर्त में लाएं। सूर्यास्त के बाद घास नहीं तोड़नी चाहिए। कचरे और गंदगी के पास उगी हुई कुशा नहीं लानी चाहिए।

### इस घास का आसन और अंगुठी सबसे पवित्र

ग्रंथों में बताया है कि कुशा घास से बना हुआ आसन सबसे ज्यादा अच्छा माना गया है। इस आसन पर बैठकर की गई पूजा से मिलने वाला पुण्य और बढ़ जाता है। हर तरह का अनुष्ठान और पूजा-पाठ कुश के आसन पर बैठकर की जा सकती है। ये आसन शरीर की ऊर्जा को जमीन में जाने से रोकता है। वहीं, मांगलिक कामों और पूजा-पाठ में इस घास को मोड़कर अंगुठी की तरह सीधे हाथ की रिंग फिंगर में पहना जाता है। ऐसा करने से पूजा में पवित्रता बनी रहती है।

### क्यों पवित्र है ये घास

वेदों और पुराणों के मुताबिक कुश घास पवित्र होती है। इसे कुशा, दर्भ या डाभ भी कहते हैं। मत्स्य पुराण का कहना है कि भगवान विष्णु के वराह अवतार के शरीर से कुशा बनी है। अनुष्ठान और पूजा-पाठ में कुशा का इस्तेमाल खासतौर से किया जाता है। पितृ पक्ष में श्राद्ध के दौरान कुशा का उपयोग जरूरी है। इसके बिना तर्पण अधूरा माना गया है। इस घास की अंगूठी बनाकर तीसरी उंगली में पहनी जाती है। जिसे पवित्री कहते हैं। ग्रंथों में बताया है कि इसके इस्तेमाल से मन और शरीर, दोनों पवित्र हो जाते हैं। पूजा-पाठ के लिए जगह पवित्र करने के लिए कुश से जल छिड़का जाता है। कुशा का उपयोग ग्रहण के समय भी किया जाता है। ग्रहण से पहले खाने-पीने की चीजों में कुशा डाली जाती है।

ग्रहण काल के दौरान खाना खराब न हो और पवित्र बना रहे, इसलिए ऐसा किया जाता है। इस बारे में तमिलनाडु की एसए एसटीआरए एकेडमी की रिसर्च में पता चला है कि कुश घास एक नेचुरल प्रिजर्वेटिव के रूप में काम करती है। इसका उपयोग दवाईयों में भी किया जाता है। कुश में प्यूरिफिकेशन एजेंट है।

# शनैश्चरी अमावस्या पर अपनी ही राशियों में रहेंगे चार ग्रह
## इससे और बढ़ जाएगा स्नान-दान का पुण्य



अभी भाद्रपद महीना चल रहा है। इस महीने की अमावस्या पर स्नान-दान और पितरों के लिए श्राद्ध करने की परंपरा है। ऐसा करने से पितृ एक साल के लिए तृप्त हो जाते हैं। साथ ही इस दिन स्नान-दान से हर तरह के पाप भी खत्म हो जाते हैं। ये अमावस्या पर्व 27 अगस्त, शनिवार को है। इसलिए इसे शनिश्चरी अमावस्या के रूप में मनाया जाएगा। इस अमावस्या पर भगवान विष्णु, शिवजी, शनिदेव और हनुमानजी की पूजा खासतौर से की जाएगी।

**ग्रहों का संयोग:** अपनी ही राशि में होंगे चार ग्रह

शनिवार को ग्रहों का विशेश संयोग बन रहा है। इस दिन सूर्य, सिंह राशि में, बुध कन्या, गुरु मीन और शनि मकर राशि में रहेगा। इन चार ग्रहों का अपनी-अपनी राशि में होना सुखद संयोग है। साथ ही ये इस साल की आखिरी शनैश्चरी अमावस्या भी है। जानकारों का कहना है कि ऐसे शुभ संयोग में किए गए दान का कई गुना पुण्य फल मिलता है।

### शिव और पद्म योग होने से खास रहेगा दिन

शनिश्चरी अमावस्या ऐसी तिथि है जिसमें देव आराधना के जरिए सभी परेशानियों का समाधान किया जा सकता है। 27 अगस्त को शनि के नक्षत्र में बृहस्पति मौजूद रहेगा। ऐसा होने से अमावस्या पर स्नान-दान और देव दर्शन का महत्व दुगना हो जाएगा। इसके अलावा शिव और पद्म नाम के दो शुभ योगों का भी संयोग बन रहा है। इस दिन शनि, शिवजी और हनुमान जी की पूजा करें तो कर्ज से मुक्ति, सेहत लाभ और न्याय के क्षेत्र में जीत मिल सकती है।

### कर सकते हैं ये शुभ काम

इस पर्व पर सूर्योदय से पहले उठकर तीर्थ या पवित्र नदियों के पानी से नहाकर पीपल पूजा करने का महत्व बताया है। इस दिन चांदी या तांबे के लोटे में पानी भरकर उसमें कच्चा दूध मिलाना चाहिए।

तिल और चावल भी डालने चाहिए। फिर इस लोटे का पूरा पानी पीपल की जड़ में चढ़ाकर पितरों को प्रणाम करना चाहिए। इसके बाद पेड़ की परिक्रमा करें और घी का दीपक लगाने के बाद प्रणाम कर के लौट आएं।

### भाद्रपद अमावस्या महत्व-

- भाद्रपद अमावस्या के दिन स्नान दान से व्यक्ति को न सिर्फ पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि पितरों का भी आशीर्वाद मिलता है।

- भाद्रपद अमावस्या के दिन पितरों की पूजा से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा से घर में हमेशा सुख शांति बनी रहती है। कहा जाता है इस दिन सुबह साढ़े ग्यारह (11:30 ए एम) बजे से श्राद्ध कर्म, पिंडदान आदि करना शुभ माना गया है।

- भाद्रपद अमावस्या को स्नान के बाद पितरों को काले तिल, अक्षत फूल से तर्पण देना चाहिए। कहते हैं इससे पितृ तृप्त हो जाते हैं और इसी के साथ उनके आशीष स्वरूप घर में कोई भी व्यक्ति बीमारी की चपेट में नहीं आता।

- आपको बता दें कि इस साल भाद्रपद अमावस्या के दिन शनिवार पड़ रहा है। ऐसे में यह शनि अमावस्या भी कहलाएगी। तो अगर इस दिन काली उड़द, काला तिल, सरसों के तेल आदि का दान किया जाए तो शनि दोष से मुक्ति मिल जाती है।

# गणपति उत्सव के दौरान घर में दिख जाए चूहा तो मिलते हैं ये शुभ और अशुभ संकेत

31 अगस्त 2022 से गणपति उत्सव चालू हो रहे हैं। जी हाँ और इस उत्सव के दौरान श्री गणेश जी के भक्त अपने-अपने घरों में गणेश प्रतिमा की स्थापना करते हैं। केवल यही नहीं बल्कि इस दौरान भक्त गणेश जी की अपनी श्रद्धा अनुसार कई दिनों तक सेवा भी करते हैं और कुछ लोग तो पूरे 11 दिनों तक गणपति को अपने घर पर ही स्थापित करके रखते हैं। आप सभी जानते ही होंगे श्री गणेश भगवान चूहे की सवारी करते हैं और चूहे आमतौर पर घरों में मिल ही जाते हैं। हालांकि, गणेश उत्सव के दौरान अगर चूहा घर पर दिख जाए, तो क्या संकेत मिलते है यह आज हम आपको बताने जा रहे हैं।



**गणेश चतुर्थी के दिन चूहा देखने का मतलब? -** गणेश चतुर्थी के दिन अगर आपको चूहा घर पर नजर आ जाए, तो उसे मारने की जगह आपको घर से भगाने के उपाय करने चाहिए। घर में चूहे की उपस्थिति परिवार के सदस्यों की बुद्धि भ्रष्ट होने का संकेत देती है।

**घर से बाहर जाता हुआ चूहा-** गणेश चतुर्थी के दिन चूहा घर से बाहर जाते हुए दिखे, तो इसे शुभ संकेत मानें क्योंकि चूहा अपने साथ घर की सारी दरिद्रता भी ले जाता है और घर में सुख समृद्धि आती है।

**सुबह चूहा देखना-** अगर आपको आंख खोलते ही सुबह-सुबह चूहा दिख जाए तो यह संकेत है कि उस दिन आपका कोई बहुत ही जरूरी काम बिगड़ने वाला है।

**सफेद चूहा दिखे तो-** अगर आपको सफेद चूहा दिख जाए, तो यह शुभ होता है। सफेद चूहे को सकारात्मक माना गया है और इससे घर में आ रहे संकट दूर होते हैं।

**मरा हुआ चूहा देखना-** सुबह-सुबह आपको घर पर ही मरा हुआ चूहा मिल जाए, तो यह भी अशुभ है। इसका मतलब है भगवान गणपति आपसे रुष्ट हैं।

**पैर पर चूहा चढ़ना-** अगर आपके पैरों पर चूहा चढ़ जाए तो इसे शुभ माना जाता है। जी दरअसल ऐसा कहा जाता है कि इससे व्यक्ति की बुद्धी तेज होती है और वह जो भी निणर्य लेता है, वह बहुत ही लाभकारी साबित होते हैं। हालाँकि पैर पर चूहा चढ़कर यदि काट ले, तो यह अशुभ संकेत है।

# एक दुकानवाले ने संत को समझाया जब तक मन में बुराइयां रहेंगी, तब तक भगवान की कृपा नहीं मिलेगी

अमीर हो या गरीब, महिला हो या पुरुष, हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से भक्ति करता है, लेकिन मनोकामनाएं कुछ ही लोगों की पूरी हो पाती हैं। इसकी वजह से मन में बसीं बुराइयां। जब तक मन से बुराइयां खत्म नहीं होंगी, तब तक मन पवित्र नहीं होगा और न ही भक्ति में मन लगेगा। पूजा करते समय भी मन में इधर-उधर की बातें चलती रहेंगी। इसलिए भक्ति का आनंद लेना चाहते हैं तो सबसे पहले हमें अपने मन को पवित्र बनाना चाहिए। ये बात एक लोक कथा से समझ सकते हैं। जानिए ये कथा...



किसी गांव में एक संत घर-घर जाकर भिक्षा मांग रहे थे। घूमते-घूमते संत एक दुकान पर पहुंच गए। दुकानदार से भिक्षा मांगने के लिए संत उसके पास पहुंचे। दुकान में बहुत सारे छोटे-बड़े डिब्बों रखे हुए थे। दुकान की सजावट बहुत अच्छी थी। संत उसकी दुकान देखकर बहुत प्रभावित हुए।

दुकानदार ने संत को बताया खाली डिब्बे में राम हैं

संत ने दुकानदार से पूछा कि भाई तुमने इतने सारे डिब्बों में क्या-क्या भर रखा है। दुकानदार ने जवाब दिया कि घर के लिए जरूरी सभी चीजें हैं, किराने का सामान है, मसाले और अन्य चीजें हैं।

संत ने एक डिब्बे की ओर इशारा करते हुए पूछा कि भाई उस डिब्बे में क्या है? दुकानदार ने कहा कि उसमें तो लाल मिर्च है। संत ने दूसरे डिब्बे के बारे में पूछा तो दुकानदार ने बताया कि उसमें नमक है।

इस तरह संत ने दुकानदार से कई डिब्बों के बारे में पूछ लिया। दुकानदार संत के सम्मान में उनके सभी सवालों का जवाब दे रहा था। तभी संत ने अलग रखे हुए एक डिब्बे के बारे में पूछा कि उसमें क्या है, इसे अलग क्यों रखा है?

दुकानदार बोला कि उसमें राम हैं। इसलिए अलग रखा है।

ये बात सुनकर संत हैरान हो गए। उन्होंने सोचा कि डिब्बे में राम कैसे हो सकते हैं? संत ने ये बात दुकानदार से पूछी।

जब तक मन में बुराइयां रहेंगी, उसमें भगवान का वास नहीं हो सकता

दुकानदार ने कहा कि जिस डिब्बे में कुछ नहीं होता है यानी जो डिब्बा खाली होता है, उसके लिए हम यही कहते हैं कि उसमें राम हैं। हम डिब्बे का खाली नहीं कहते हैं।

ये बात सुनते ही संत आश्चर्यचकित हो गए कि इस दुकान वाले ने कितनी बड़ी और गहरी बात कह दी है। जिस बात को समझने के लिए मैं इधर-उधर भटक रहा हूं, वह बात इतनी आसानी से इस व्यक्ति ने समझा दी है।

संत ने सोचा कि मैं तो भगवान की कृपा के लिए कब से भक्ति कर रहा हूं, दर-दर भटक रहा हूं, लेकिन मैं बात नहीं समझ पा रहा था कि मुझे भगवान की कृपा क्यों नहीं मिल रही है। जब तक मेरे मन में बुराइयां हैं, मेरा मन फालतू बातों से भरा हुआ है, तब तक मुझे भगवान की कृपा नहीं मिल सकती। भक्ति का आनंद लेने के लिए सबसे पहले मुझे मेरे मन को खाली करना होगा, तभी उसमें भगवान आ सकेंगे।

प्रसंग का संदेश ये है कि अधिकतर लोगों के मन में गुस्सा, लालच, मोह, घमंड, दूसरों के लिए जलन और गलत विचार जैसी बुराइयां हैं, तब तक हमारा मन भक्ति में लग ही नहीं पाएगा। भक्ति में मन लगाना चाहते हैं तो हमें सबसे पहले इन बुराइयों को खत्म करना होगा। जब मन शांत और पवित्र हो जाएगा तो भक्ति में आनंद भी मिलेगा और भगवान की कृपा भी मिल जाएगी।

# घर की इन जगहों पर रख दें फिटकरी दिखाएगा अनोखा चमत्कार

फिटकरी का इस्तेमाल कई घरों में किया जाता है। हालाँकि ज्योतिष शास्त्र में भी फिटकरी को बहुत महत्व दिया गया है। आपको बता दें कि फिटकरी को सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत माना जाता है और वास्तु में भी फिटकरी को लेकर कई टिप्स बताई गई हैं। हालाँकि फिटकरी को अलग-अलग स्थान पर रखने के अलग-अलग फायदे होते हैं। आज हम आपको उन्ही के बारे में बताने जा रहे है।



**बुरा सपना आता है तो-** अगर आपको या आपके बच्चे को सोते वक्त बुरा सपना (क्या आपको भी आता है बार-बार बुरा सपना?) आता है और नींद टूट जाती है, तो फिटकरी को काले या गहरे नीले रंग के कपड़े में बांध कर रात में सोने से पूर्व तकिया के नीचे रख दें।

**पैसा नहीं टिक रहा है तो-** अगर लाख कोशिश के बाद भी आपके पास पैसा नहीं टिकता है, तो 1 लाल कपड़े में फिटकरी का छोटा सा टुकड़ा रख कर पर्स या तिजोरी में रख लें। जी हाँ क्योंकि ऐसा करने से लाभ होगा और आपके घर में पैसा ही पैसा होगा।

**पति-पत्नी में झगड़े होते हैं तो- अगर पति-**पत्नी के बीच झगड़े हो रहे हैं या रिश्ते में प्रेम कम हो गया है, तो बेडरूम की खिड़की पर एक कपड़े में फिटकरी को बांधकर टांग देना चाहिए। कहा जाता है ऐसा करने से कमरे के अंदर मौजूद सारी नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती है। इसी के साथ पति-पत्नी के बीच एक बार फिर से करीबियां आना शुरू हो जाती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि फिटकरी को हर हफ्ते बदलते रहें।

# श्री गणेश को भूल से भी न अर्पित करें तुलसी

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणपति उत्सव मनाया जाता है। जी दरअसल इस दिन घर-घर में बप्पा की स्थापना की जाती है।यह पर्व 10 दिनों तक चलता है और गणेश उत्सव हर साल बड़े ही धूम धाम से मनाया जाता है। आप सभी जानते ही होंगे हिंदू धर्म में गौरी पुत्र भगवान श्री गणेश को सुख, समृद्धि, वैभव, विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है गणेश जी बुद्धि के भी देवता माने जाते हैं और किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले भगवान गणेश की पूजा जरूर की जाती है। ऐसी मान्यता है कि विधि पूर्वक भगवान गणेश की पूजा करने से वो भक्तों पर प्रसन्न होते हैं और सभी कष्टों को हर लेते हैं। आपको बता दें कि गणेश उत्सव के दौरान लोग गणपति बप्पा को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह की चीजें अर्पित करते हैं, हालांकि कुछ ऐसी चीजें भी हैं, जिन्हें भगवान गणेश की पूजा में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि इन चीजों को चढ़ाने से गणपति बप्पा नाराज हो जाते हैं। इस लिस्ट में शामिल है तुलसी की पत्तियां। आइए बताते हैं इसे क्यों नहीं चढ़ाना चाहिए?



गणेश जी को न चढ़ाएं तुलसी की पत्तियां- पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, एक बार गणेशजी गंगा नदी के किनारे तपस्या कर रहे थे। इसी कालावधि में धर्मात्मज की कन्या तुलसी विवाह की इच्छा लेकर तीर्थ यात्रा पर निकली। देवी तुलसी सभी तीर्थस्थलों का भ्रमण करते हुए गंगा के तट पर पहुंचीं। वहां पर देवी तुलसी ने देखा कि गणेश जी तपस्या में लीन थे। तपस्या में लीन भगवान गणेश रत्न जटित सिंहासन पर विराजमान थे। उनके समस्त अंगों पर चंदन लगा हुआ था। उनके गले में पारिजात पुष्पों के साथ स्वर्ण-मणि रत्नों के अनेक हार पड़े थे।

साथ ही उन्होंने सुगन्धित चंदन की माला धारण कर रखी थी। उनकी छवि बड़ी मनमोहक लग रही थी। देवी तुलसी गणेश जी के इस सुंदर स्वरूप पर मोहित हो गईं और उनके मन में श्री गणेश से विवाह करने की इच्छा जाग्रत हुई। तुलसी ने विवाह की इच्छा से उनका ध्यान भंग किया। वहीं गणेश जी ने स्वयं को ब्रह्मचारी बताकर तुलसी के विवाह प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। विवाह प्रस्ताव ठुकराने पर तुलसी ने रुष्ट होकर गणेशजी को शाप दिया कि उनके एक नहीं बल्कि दो-दो विवाह होंगे।



# 'मुन्नी' का सेक्सी अवतार, नशे में धुत होकर कई बार कर चुकी हैं हंगामा

छैंया-छैंया और मुन्नी बदनाम हुई जैसे गानों में अपने दिलकश डांस से सभी को अपना दीवाना बना देने वाली मलाइका अरोड़ा अपनी दिलकश अदाओं के लिए जानी जाती हैं. उनको देखकर आज भी कोई नहीं कह सकता कि वो 47 साल की हैं. मलाइका 23 अक्टूबर 1973 को पैदा हुई थी. शादी से पहले वो मॉडलिंग और एक्टिंग करती थी लेकिन शादी के बाद उन्होंने कम कर दिया. सलमान खान की फिल्म दबंग ने उनके एक आइटम सांग ने धमाल मचा दिया और यह गाना मील का पत्थल साबित हुआ. 1998 में उनकी शादी अरबाज खान के साथ हुई थी, लेकिन अनबन के चलते दोनों अलग हो गए. अर्जुन कपूर और मलाइका अपने रिश्ते पर अब खुलेआम बात करते हैं. सूत्रों के मुताबिक डायरेक्टर करण जौहर की पार्टी में मलाइका ने इतनी शराब पी ली थी कि वे चल तक नहीं पा रही थीं. ऐसे में जब सोनम कपूर ने संभालने की कोशिश की तो दोनों के बीच बहस हो गई थी. मलाइका के जन्मदिन के मौके पर बॉलीवुड सितारों की महफिल लगी थी, जिसमें अर्जुन कपूर, करीना कपूर, करिश्मा कपूर, अनन्या पांडे, तारा सुतारिया से लेकर कई मशहूर सितारे शामिल थे.

बता दें कि मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अर्जुन और उनके रिश्तों को लेकर इंडस्ट्री में चर्चा होती रहती है. दोनों को अक्सर हर इवेंट पर साथ देखा जाता है. यही नहीं इस कपल की शादी को लेकर भी फैंस अक्सर कयास लगाते रहते हैं. लेकिन इस पर मुहर कब लगेगी ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा.

# आमिर-अक्षय पर भारी पड़े विजय देवरकोंडा के पंच

## 'लाइगर' ने पहले दिन कमाए 27 करोड़ से अधिक



**विजय देवरकोंडा** की मोस्ट अवेटिड फिल्म लाइगर सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. बीते दिनों में बॉक्स ऑफिस पर घुटने टेक चुकी फिल्मों के बीच लाइगर उम्मीद की किरण बनकर आई है. इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. उम्मीद की जा रही थी कि काफी अरसे से एक अदद हिट फिल्म को तरस रहे बॉक्स ऑफिस का सूखा खत्म होगा और हो भी कुछ ऐसा ही रहा है. 'लाइगर' की कमाई इतनी जबरदस्त है कि इसने आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' और अक्षय कुमार की 'रक्षाबंधन' के ओपनिंग डे के कलेक्शन को मिलकर भी दोनों से काफी बेहतर बिजनेस किया है. चलिए जानते हैं कि आखिर लगाइगर ने पहले दिन कितनी कमाई की है.

कोईमोई की रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म पहले दिन सभी भाषाओं में 27 से 29 करोड़ के बीच का बिजनेस किया है, हालांकि ये फाइनल रिर्पोट नहीं है. हालांकि फिल्म ने हिन्दी बेल्ट में कुछ खास कलेक्शन नहीं किया है और महज 2.50 करोड़ तक की कमाई की है. वहीं तेलुगु में फिल्म का कलेक्शन 24.5 करोड़ के आसपास रहने की उम्मीद है. वैसे फिल्म के खराब रिव्यू मेकर्स की टेंशन बढ़ा रहे होंगे, अभी शनिवार और रविवार का वक्त बचा हुआ है. ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि 'लाइगर' अपनी इस ओपनिंग डे की बढ़त को कितने दिन तक कायम रख पाती है.

बता दें कि इस पैन इंडिया फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ ने किया है और इसे धर्मा प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले निर्मित किया गया है. धर्मा प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म लाइगर से विजय बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं जबकि अनन्या पांडे इस फिल्म के जरिए तेलेगु सिनेमा में कदम रख रही हैं. इस फिल्म में विजय एक बॉक्सर के रोल में हैं, फिल्म में एक्शन से लेकर रोमांस तक की जबरदस्त डोज है. फिल्म में बाहुबली की माता शिवगामी देवी का रोल करने वाली राम्या कृष्णन ने भी लीड रोल निभाया है।

# 16 साल की उम्र में ऐसी दिखती थीं अनुष्का शर्मा, थ्रोबैक फोटो शेयर कर खुद को ही किया ट्रोल



बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस और क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा की सोशल मीडिया पर एक थ्रोबैक फोटो सामने आई है, जिसमें एक्ट्रेस काफी यंग नजर आ रही हैं. ये फोटो उस समय की है, जब अनुष्का की उम्र 16 साल थी. अपनी किशोरावस्था में ली गई तस्वीर शेयर करते हुए अनुष्का ने खुद को ट्रोल किया है. फोटो को उनकी एक दोस्त ने कनिका करविंकोप ने इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर किया है. बताया जा रहा है कि ये अनुष्का की ये फोटो साल 2044 में गोवा में ली गई थी. फोटो में अनुष्का ने टॉप और डेनिम जींस पहने नजर आ रही हैं. अनुष्का शर्मा की ये फोटो उस समय ली गई जब उनकी उम्र 16 वर्ष थी. उस टाइम लड़कियों में लंबी पतली आईब्रो का ट्रेंड था, जिसे अनुष्का ने भी फॉलो किया था. कनिका ने उनकी और अनुष्का की भौंहों का मजाक उड़ाया और तस्वीर को कैप्शन दिया, 'लोल! अनुष्का देखो मुझे क्या मिला. हमारी भौंहें... हाहाहा. गोवा, 2004?' अनुष्का ने अपनी भौंहों के बारे में अपने दोस्त के कैप्शन से भी सहमति जताई और इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कैप्शन के साथ रीपोस्ट किया और फोटो पर 'हाहाहा' लिखा.

# 'नो एन्ट्री' के 17 साल पूरे होने पर लारा दत्ता ने शेयर किया फैन्स के लिए इमोशनल मैसेज



अनीज बेमजी की कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर मूवी 'नो एंट्री'ने शुक्रवार को अपने बेमिसाल 17 साल पूरे हो गए हैं और फिल्म और फिल्म दर्शकों के बीच आज इसकी दिलचस्पी बरकरार है. शानदार निर्देशन, शानदार अभिनय, दमदार डायलॉग्स और प्रभावी सिनेमैटोग्राफी के अलावा नो एंट्री ड्रामा का एक प्रमुख आकर्षण एक्ट्रेस लारा दत्ता का रोले "काजल" उपयुक्त कास्टिंग है. 'नो एंट्री' के 17 साल पूरे होने का लारा दत्ता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कू (Koo) पर अपने फेन्स के लिए एक इमोशनल मैसेज भी शेयर किया है.

बेहतरीन अदाकारा लारा दत्ता फिल्म नो एंट्री के 17 साल पूरे होने पर पर अपने फेन्स के लिए एक इमोशनल मैसेज शेयर करते हुए लिखा कि ये फिल्म और उसमें उनका निभाया हुआ काजल का रोल उनके लिए बेहद ख़ास है और बहुत ही दिल के करीब भी है. बतौर एक्ट्रेस यह उनकी पहली कॉमेडी फिल्म भी थी.

**देखिए लाला दत्ता का इमोशनल पोस्ट**

बता दें, इस फिल्म में लारा दत्ता के के साथ बॉलीवुड की के जाने माने अभिनेता सलमान खान, फरदीन खान, अनिल कपूर, एशा देओल, बिपाशा बासु, बोमन ईरानी ने भी स्क्रीन शेयर किया था. और इस फिल्म के हिट होने के बाद लारा दत्ता ने कॉमेडी के बाद कई बिग बैनर वाली कॉमेडी रोल्स के ऑफर भी आये और कई फिल्मों का वह हिस्सा भी रही है.

नो एंट्री का आ रहा है सीक्वल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इवेंट में सलमान और इस फिल्म के निर्माता निर्देशक अनीस ने बताया कि "नो एन्ट्री" का जल्द बनने जा रहा है सीक्वल. इस फिल्म की शूटिंग वह जल्द शुरू करने जा रहे है. इसी के साथ साथ बताया जा रहा है कि सलमान इस फिल्म के लिए काफी एक्ससिटेड और सीरियस भी है.

# कार्तिक आर्यन को देख इमोशनल हुई फैन : एक्टर ने गले लगाकर कराया चुप, फैंस कर रहे जमकर तारीफ

**बॉलीवुड एक्टर** कार्तिक आर्यन का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में कार्तिक अपनी एक फैन के लिए ऑटोग्राफ साइन करते हुए नजर आ रहे है। फैन उन्हें देखकर इमोशनल हो जाती है, जिसके बाद कार्तिक उसे हग करते हुए भी दिख रहे हैं। फैंस का कार्तिक का यह स्वीट इंटरेक्शन काफी पसंद आ रहा है। फैंस एक्टर की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'दयालु व्यक्ति की असली पर्सनैलिटी।' दूसरे ने लिखा, 'आप कितने अच्छे इंसान हैं।' पहले भी ऐसे कई फैन मोमेंट कार्तिक के साथ हो चुके हैं। भूल भुलैया 2 के प्रमोशन के दौरान भी उन्होंने एक रोते हुए फैन को चुप कराया था। एक्टर की आखिरी रिलीज फिल्म भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। इन दिनों कार्तिक अपनी अपकमिंग फिल्म शहजादा की शूटिंग में बिजी हैं।




# केके की बेटी तमारा और बेटे नकुल ने पब्लिक में पहली बार गाया गाना, बेटी ने लिखा इमोशल नोट कहा- काश हमारे साथ होते पापा





लेजेंड सिंगर केके की बेटी तमारा और बेटे नकुल ने पहली बार पब्लिक कॉन्सर्ट में गाना गाया। दरअसल 23 अगस्त को केके की पहली बर्थ एनिवर्सरी थी, जिस मौके पर केके ट्रिब्यूट देते हुए कॉन्सर्ट ऑर्गनाइज किया गया था। इस कॉन्सर्ट में केके के बेटे नकुल और तमारा दोनों ने पहली बार पब्लिक कॉन्सर्ट में पहली बार परफॉर्म किया।

केके की बेटी तमारा ने इंस्टाग्राम पर बीती रात हुए कॉन्सर्ट की फोटोज अपने इस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की और जिसमें वो शान, अरमान मलिक, ध्वनि भानुशाली, बेनी दयाल और पापोन के साथ स्टेज शेयर करती नजर आईं। तमारा ने पोस्ट के साथ बेहद इमोशनल कैप्शन लिखा- मेरा पहला कॉन्सर्ट बेहद अमेजिंक था। उन आर्टिस्ट्स को शुक्रिया जिन्होंने हमें ज्वाइन किया साथ ही मेरा स्पेशल थैंक्स शान अंकल को जिन्होंने कॉन्सर्ट को और भी खास बनाया। सभी को शुक्रिया जिन्होंने हमेशा मुझे सपोर्ट और मोटिवेट किया। इमोशनल नोट में आगे तमारा ने लिखा कि डैड यकीनन हमें देखकर मुस्कुरा रहे होंगे। मैं सोचती हूं की काश पापा हमारे साथ होते। तमारा की पोस्ट पर फैंस ने खूब प्यार बरसाया। एक यूजर ने कमेंट में लिखा- आपको और नकुल को परफॉर्म करते देखकर बहुत खुशी हुई। अभी और भी कई अवसर आएंगे, आपकी आवाज बेहद खास है। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि मैंने आपके कई इंटरव्यूज देखें हैं। आप बहुत शाई नेचर की हैं, इसके बावजूद आपने बड़ी ही खूबसूरती से गाना गाया है।

# साथिया गाने पर रकुल प्रीत के साथ अक्षय कुमार ने शेयर किया क्यूट वीडियो

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार जल्द ही क्राइम थ्रिलर फिल्म कटपुतली में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो एक पुलिस वाले के रोले में नजर आएंगे। हाल ही में इस क्राइम थ्रिलर फिल्म का पहला गाना साथिया का टीजर रिलीज हुआ है। इसी बीच अक्षय अपनी फिल्म की को- स्टार रकुल प्रीत के साथ एक क्यूट वीडियो शेयर किया हैं। जिसमे दोनों रोमांटिक कपल की तरह दिखाई दे रहे हैं। बता दें, कटपुतली अगले महीने 2 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# दो स्मॉल टाउन आउटसाइडर जिन्होंने अपनी शर्तों पर नाम बनाया : विवेक अग्निहोत्री



डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर कार्तिक आर्यन के साथ कुछ फोटोज शेयर कर उनकी तारीफ की है। अब इन फोटोज को देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं और कयास लगा रहे हैं कि शायद विवेक की अगली फिल्म में कार्तिक नजर आ सकते हैं। फोटोज में कार्तिक ने व्हाइट टी-शर्ट के साथ चेक शर्ट पहन रखी है। वहीं विवेक ब्लैक टी-शर्ट में नजर आ रहे हैं।

**विवेक ने की कार्तिक की तारीफ**

विवेक ने इन फोटोज को शेयर करते हुए लिखा, 'ग्वालियर के दो स्मॉल टाउन, मिडिल क्लास और आउटसाइडर जिन्होंने अपनी शर्तों पर नाम बनाया।' उन्होंने आगे लिखा, 'अगर आप एक यंग इंडियन हैं, तो डाउन टू अर्थ, जड़ों से जुड़े और बेहद टैलेंटेड कार्तिक आर्यन से प्रेरणा लें।'

दिल्ली फाइल्स में नजर आ सकते हैं कार्तिक?

वहीं यूजर्स इस फोटो पर कमेंट कर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे उम्मीद है कि कुछ बड़ा होने वाला है।' दूसरे ने लिखा, 'एक फ्रेम में दो ब्लॉकबस्टर सुपरस्टार।' वहीं कुछ लोगों को लग रहा है कि कार्तिक, विवेक की अगली फिल्म 'दिल्ली फाइल्स' में नजर आने वाले हैं।

**विवेक ने कुछ महीने पहले किया था 'दिल्ली फाइल्स' का एलान**

विवेक ने इस साल की शुरुआत में, अपनी अगली फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' की अनाउंसमेंट की थी। विवेक ने अपने पोस्ट में लिखा था, 'मैं उन सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने 'कश्मीर फाइल्स' को बनाया है। पिछले चार सालों में हमने इस फिल्म के लिए पूरी ईमानदारी से मेहनत की, हो सकता है कि मैंने आपकी टाइम लाइन को खराब किया हो। लेकिन कश्मीरी हिंदुओं के साथ हुए नरसंहार और अन्याय को बताना भी जरूरी था। मेरे लिए अब अपनी नई फिल्म पर काम करने का वक्त है।'

# बतौर म्यूजिक कंपोजर अमिताभ बच्चन करेंगे ऑफिशियल डेब्यू

**फिल्ममेकर आर** बाल्की की फिल्म 'चुप' का पोस्टर रिलीज कर फिल्म कीत रिलीज डेट की अनाउंसमेंट की गई है। यह फिल्म आर बाल्की की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म होगी। बजट के मामले में नहीं बल्कि विचारों के पैमाने पर बड़ी है। रोमांटिक साइकोपैथ थ्रिलर 23 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्ममेकर को इस कहानी का ख्याल चीनी कम फिल्म के बाद आया था और फिर सालों बाद उन्होंने इस कहानी को लिखने का फैसला किया।

**अमिताभ बच्चन का बतौर म्यूजिक कंपोजर ऑफिशियल डेब्यू**

आर बाल्की ने इस बारे में बात करते हुए कहा, ₹चुप मेरे लिए कई कारणों से स्पेशल है। मेरे लिए सबसे बड़ा कारण यह है कि इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन बतौर म्यूजिक कंपोजर ऑफिशियल डेब्यू करेंगे। अमित जी ने चुप फिल्म को देखते ही अपने पियानो पर एक ओरिजिनल मेलॉडी बजाई। अपनी फीलिंग्स को एक्सप्रेस करने का यह उनका तरीका था। उन्होंने इस कंपोजिशन को फिल्म को गिफ्ट कर दिया। यह फिल्म का एंड टाइटल ट्रैक होगा। मुझे नहीं लगता कोई एक्टर बच्चन जी को उनकी सेंसिटिविटी में हरा सकता है।₹

**सनी देओल के साथ पूजा भट्ट भी होंगी फिल्म का हिस्सा**



आर बाल्की की निर्देशित फिल्म को राकेश झुनझुनवाला, अनिल नायडू, डॉ जयंतीलाल गड़ा और गौरी शिंदे ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म की ओरिजिनल स्टोरी को आर बाल्की ने लिखा है। स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स राजा सेन और ऋषि विरमानी ने आर बाल्की के साथ मिलकर लिखे हैं। फिल्म की स्टार कास्ट में सनी देओल, दुलकर सलमान, श्रेया धनवंतरी और पूजा भट्ट लीड रोल में हैं।

**23 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म**

डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियोज) की प्रोड्यूस की गई फिल्म को पेन मरुधर द्वारा पूरे इंडिया में डिसट्रिब्यूट किया जाएगा। फिल्म का म्यूजिक एस डी बर्मन, अमित त्रिवेदी, स्नेहा खानवलकर और अमन पंत ने डायरेक्ट करेंगे। प्रणब कपाड़िया और अनिरुद्ध शर्मा फिल्म के को-प्रोड्यूसर्स हैं। इस फिल्म को 23 सितंबर को रिलीज किया जाएगा।






# भारत-पाकिस्तान के वो यादगार मुकाबले जब पत्थरबाजी के बीच जीती इंडिया

**क्रिकेट, एशिया** कप और भारत-पाकिस्तान का मैच यानी रोमांच का ट्रिपल डोज। 28 अगस्त को दुबई में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। सोशल मीडिया हो या फिर गली-मोहल्ला... इस मैच की हर जगह चर्चा है। वजह एक ही है, जब-जब ये दोनों टीमें भिड़ती हैं, तब-तब कुछ ऐसे वाकये होते हैं जो यादगार बन जाते हैं। तो इस मुकाबले से पहले हम आपको उन वाकयों के बारे में ही बता रहे हैं, जो यादगार बन गए...




**चेतन शर्मा का आखिरी ओवर, आखिरी बॉल पर मियांदाद का सिक्स**

साल 1986, जगह यूएई का शारजाह और ट्रॉफी एशिया कप... हालांकि तब इसका नाम ऑस्ट्रेलेशिया कप रखा गया था भारत ने पहले बैटिंग की और 246 का टारगेट दिया। 7 विकेट भी गिरा लिए, लेकिन जावेद मियांदाद दीवार बनकर खड़े हो गए। शतक भी मारा। अब बारी थी आखिरी ओवर की, जो चेतन शर्मा को सौंपा गया।

आखिरी बॉलः एक गेंद पर 4 रन चाहिए थे। चेतन शर्मा ने फुलटॉस फेंकी और मियांदाद ने लेग साइड पर सिक्स जड़कर पाकिस्तान को मैच जिता दिया।

**सबा करीम और राजेश चौहान ने पथराव के बीच जीत दिलाई**

साल था 1997। भारत, पाकिस्तान के दौरे पर था। पहले वन डे में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। कराची के नेशनल स्टेडियम में 30 सितंबर 1997 को दूसरा मुकाबला खेला गया। शाहिद अफरीदी ने 72 रन और इंजमाम उल हक ने 74 रन की शानदार पारी खेली। अचानक स्टेडियम में बैठे दर्शकों ने हंगामा शुरू कर दिया। भीड़ बेकाबू हो गई और पथराव करने लगी। भारतीय टीम मैदान से बाहर चली गई। तब तक पाकिस्तान ने 47.2 ओवर में चार विकेट पर 265 रन बनाए थे और उसकी पारी को यहीं समाप्त मान लिया गया।

कुछ देर बाद मैच दोबारा शुरू हुआ। भारत को 47 ओवर में 266 रन बनाने थे। सचिन और गांगुली ने मिलकर 71 रन की तेज शुरुआत दी। सचिन 21 रन बनाकर आउट हो गए। गांगुली (89) और विनोद कांबली (53) ने 98 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद अजहर (6) और अजय जडेजा (8) जल्दी आउट हो गए। हालांकि रॉबिन सिंह (नॉटआउट 31 रन), सबा करीम (26 रन) ने 62 रन की साझेदारी करके भारत को जीत के दरवाजे तक पहुंचा दिया।

सकलैन की फॉर्म और चौहान की बैटिंग को देखते हुए यह लक्ष्य काफी कठिन लग रहा था, लेकिन चौहान ने सकलैन की दूसरी गेंद पर मिड विकेट पर शानदार छक्का लगाकर टारगेट को आसान कर दिया, फिर तीसरी गेंद पर भारत को एक अविश्वसनीय जीत दिला दी।

**24 साल पहले लगे एक चौके ने दिलाई थी भारतीय टीम को जीत**

24 साल पहले 1998 में ढाका में इंडिपेंडेंस कप का बेस्ट ऑफ थ्री फाइनल का तीसरा मैच खेला जा रहा था। भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। पाकिस्तान की तरफ से एजाज अहमद और सईद अनवर की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 230 रन जोड़ दिए और भारतीय टीम बैकफुट पर आ गई। PAK टीम ने 48 ओवर में 5 विकेट खोकर 314 रन बनाए थे।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की। तेंदुलकर और गांगुली ने सिर्फ 8 ओवर में 71 रन जोड़ दिए, लेकिन शाहिद अफरीदी की गेंद पर तेंदुलकर आउट हो गए। उनका साथ देने आए रॉबिन सिंह ने भी 82 रन जोड़े, लेकिन उनके आउट होते ही विकेट की झड़ी लग गई। एक के बाद एक भारतीय बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट गए। 48 ओवर के मैच में भारतीय टीम ने 47 ओवर खत्म होने तक 7 विकेट खोकर 306 रन बना लिए थे।

आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 9 रन चाहिए थे और क्रीज़ पर ऋषिकेश कानिटकर और जवागल श्रीनाथ थे। इस बीच सकलैन मुश्ताक अंतिम ओवर लेकर आए। पहली गेंद पर कानिटकर ने एक रन लिया और श्रीनाथ क्रीज पर आ गए। दूसरी और तीसरी गेंद पर भी श्रीनाथ ने दो-दो रन चुराए। इस दौरान वह बड़ा शॉट लगाना चाहते थे और पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उनके कैच भी छोड़ दिए। चौथी गेंद पर श्रीनाथ ने एक रन लिया। अब जीत के लिए दो गेंद पर 3 रन चाहिए थे। सकलैन ने कानिटकर के पैरों के पास गेंद डाली और उन्होंने बल्ला घुमाया और मिड-विकेट पर शानदार चौका जड़ टीम इंडिया को जीत दिला दी।

**पहला टी-20 वर्ल्ड कप, पहला मैच बॉल-आउट से जीता भारत**

2007 में पहला टी-20 वर्ल्ड कप खेला गया था। ये वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका में हो रहा था। इसमें भारत और पाकिस्तान पहले लीग मैच में और फिर फाइनल में भिड़े। लीग मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141 रन बनाए। यह स्कोर काफी नहीं था। अच्छी गेंदबाजी की बदौलत इंडिया ने पाकिस्तान को 141 पर ही रोक दिया। इसके बाद मैच का नतीजा बॉल-आउट से निकला।

**नए कप्तान धोनी ने भारत को बनाया वर्ल्ड चैंपियन**

2007 टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप मैच के बाद दोनों टीमों की भिड़ंत एक बार फिर फाइनल में हुई थी। मैच में टॉस जीतकर भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने 54 गेंदों पर 75 रनों की धमाकेदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 8 चौके और दो छक्के लगाए। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 16 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 157 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बहुत ही खराब रही। पाकिस्तान ने 77 रन पर अपने 6 विकेट गंवा दिए, लेकिन मिस्बाह उल हक मैच आखिरी ओवर तक ले गए। इस ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 13 रन चाहिए थे, लेकिन मिस्बाह 43 रन बनाकर आउट हो गए और भारत ने 5 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम इंडिया पहले टी-20 वर्ल्ड कप की विजेता भी बनी।

# चिकन-मटन नहीं खाते थे कई भारतीय खिलाड़ी, अफरीदी ने दाल-सब्जी बनवाकर जीत लिया था दिल





भले ही आज शाहीद अफरीदी और भारतीय खिलाड़ियों के बीच संबंध अच्छे न हो, लेकिन एक दौर ऐसा भी था जब इनकी आपस में दोस्ती हुआ करती थी। 2006 में भारत ने जब पाकिस्तान का दौरा किया था, तब अफरीदी ने पूरी टीम को अपने कराची वाले घर में दावत के लिए बुलाया था। डिनर पार्टी में उन्होंने चिकन-मटन टिक्के जैसी कईं लजीज नॉनवेज डिशेज बनवाईं थीं। जब खाना परोसा जा रहा था, तो कुछ भारतीय खिलाड़ियों असहज नजर आए।

दरअसल, भारतीय टीम में कुछ खिलाड़ी शाकाहारी थे, जिन्हें चिकन-मटन खाना तो दूर सूंघने से भी परहेज था। बस फिर क्या था, जैसे ही ये बात अफरीदी के कान तक पहुंची, उन्होंने तुरंत दाल और सब्जी बनवाई। तब कही जाकर हमारे शाकाहारी खिलाड़ियों की भूख दूर हुई। अफरीदी ने कई साल बाद इस किस्से को याद करते हुए कहा था, 'मेहमानों की खानों की आदत न जानना, बतौर मेजबान मेरे लिए शर्मनाक था।'

27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप का दूसरा मैच भारत-पाकिस्तान के बीच होना है। UAE चौथी बार टूर्नामेंट की मेजबानी जा रहा है। फाइनल 11 सितंबर को खेला जाएगा। भारत दूसरी बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगा। उसने 2016 और 2018 में पिछले दोनों एशिया कप टाइटल जीते थे। 1988, 1990/91 और 1995 में लगातार चैंपियन बन चुका है।

दूसरी ओर पाकिस्तान का मौजूदा टी-20 फॉर्म जबरदस्त है। वह सेकेंड हाईएस्ट रैंक एशियन टीम है। दुनिया में तीसरी रैंकिंग रखती है। साथ ही साथ दुबई और शारजाह में खूब क्रिकेट भी खेली है। ऐसे में दोनों टीम के बीच जबरदस्त टक्कर की उम्मीद है।

# इंडिया वर्सेस पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता पर बोले वीरेंद्र सहवाग

## मैदान पर चाहे जो हो, वहां से बाहर हम बड़े-छोटे



क्रिकेट में जब भी प्रतिद्वंद्विता की बात होती है, तब भारत बनाम पाकिस्तान मैच का जिक्र जरूर होता है। जब दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलने उतरती हैं, तो पूरी दुनिया को एक हाई वोल्टेज मैच की उम्मीद होती है। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग खुद पाकिस्तान के खिलाफ काफी मैच खेल चुके हैं। वीरू ने पाकिस्तान में भी मैच खेले हैं और मुल्तान टेस्ट में तो तिहरा शतक भी ठोका है। वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों में प्रतिद्वंद्विता मैदान तक ही सीमित रहती है और मैदान के बाहर सब बदल जाता है।भाई जैसे'

स्टार स्पोर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर सहवाग ने कहा, 'मुझे जो लगता है कि जब भारत और पाकिस्तान की टीमें मैदान पर होती हैं, तो यह मुश्किल मैच होता है। हर कोई अपना बेस्ट देता है। अगर कोई इंडिया से है, तो वह अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए खेलता है और अगर कोई पाकिस्तान से है, तो वह भी यही करता है। जब हम मैच खत्म करते हैं और होटल लौटते हैं, तो हम साथ में समय बिताते हैं। हमारे बीच काफी प्यार रहता है।'

सहवाग ने आगे कहा, 'कुछ लोग कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है, या फिर भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि ऐसा कुछ भी नहीं है। आप मैदान पर टक्कर देखते हैं, लेकिन मैदान से बाहर हम दोस्त हैं, हम ऐसे बर्ताव करते हैं, जैसे बड़े-छोटे भाई आपस में करते हैं।'

# सिर्फ बाबर आजम नहीं, अगर जीतना है तो इन पाकिस्तानी बल्लेबाजों को भी निपटाना होगा

**27 अगस्त** से एशिया कप का आगाज हो जाएगा। एशिया कप में सिर्फ वो ही टीमें खेलती हैं, जो एशिया की होती है। दूसरे दिन यानी 28 अगस्त को भारत-पाकिस्तान की टक्कर है। इस ग्रुप ए में इन दो टीम के अलावा हॉन्गकॉन्ग तीसरी टीम है। वैसे तो इस टूर्नामेंट में भारत का पाकिस्तान पर दबदबा रहता है, लेकिन बीते साल वर्ल्ड टी-20 में जिस तरह पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था, उसे देखते ही टीम इंडिया दबाव में होगी। सिर्फ पाक कप्तान बाबर आजम नहीं बल्कि इन 4 बल्लेबाजों से भी टीम इंडिया को बचकर रहना होगा।

किसी भी बॉलर के खिलाफ अटैकिंग अप्रोच रखने वाले फखर जब अपना पिछला टी-20 मैच खेलने उतरे थे तो वह पहली ही गेंद पर खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए थे, लेकिन टी-20 इंटरनेशनल करियर में 130 से ज्यादा का इनका स्ट्राइक रेट इनकी अहमियत बताता है। भारत के खिलाफ वह चैंपियंस ट्रॉफी में मैच विजेता साबित हुए थे।




**हैदर अली**

इस युवा बल्लेबाज को टी-20 फॉर्मेट का स्पेशलिस्ट कहा जा रहा है। अपने 21 टी-20I मैचों के छोटे करियर में ही हैदर ने बाबर और रिजवान के बाद टीम को सबसे ज्यादा योगदान दिया है। हैदर ऐसे बल्लेबाज हैं जो अपने स्ट्राइकिंग पावर से भारतीय गेंदबाजों को चौंका सकते हैं।

**इफ्तिखार अहमद**

एक शानदार ऑलराउंडर जो पारी के आखिरी ओवरों में बल्ले के साथ विपक्षी खेमे में खलबली पैदा करने की ताकत रखता है। इन्हें मैच फिनिश करने आता है और इस कारण ही ये टीम में अपनी जगह बनाते हैं। इनके नाम ज्यादा मैच नहीं हैं लेकिन इनके खेल की परिपक्वता इन्हें एक अनुभवी बल्लेबाज बनाता है।

**आसिफ अली**

बड़े शॉट्स लगाने में माहिर आसिफ कहते हैं कि वह हर रोज प्रैक्टिस में 130 से 150 सिक्स लगाते हैं, ताकि मैच में कम से कम 5 से 6 सिक्स तो लगा ही सकें। यह उनका बड़बोलापन नहीं है। इस 30 साल के बल्लेबाज ने अकेले दम पाकिस्तान को कई मैच जिताए भी हैं।

# खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली को आई अपने 'कप्तान' धोनी की याद, भावुक हो गए



स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली सोशल मीडिया पर महेंद्र सिंह धोनी को लेकर हुए भावुक हो गए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कप्तानों के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए खास मैसेज लिखा है। कोहली ने उस समय को याद किया जब वह धोनी के साथ उपकप्तान थे। कोहली की माने तो एमएसडी का डिप्टी होना उनके करियर का सबसे रोमांचक दौर था और यह उनके दिल में एक 'विशेष' जगह होगी।

एक महीने का ब्रेक लेने के बाद यहां एशिया कप के लिए टीम में वापसी कर रहे कोहली ने ट्वीट किया 'धोनी का भरोसेमंद डिप्टी बनना मेरे करियर का सबसे सुखद और रोमांचक दौर था। हमारी साझेदारी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। '

33 साल के कोहली, 2014 में टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभालने से पहले सभी प्रारूपों में धोनी के लंबे समय तक डिप्टी थे। कोहली 2017 में तीनों प्रारूपों में कप्तान बने। कोहली ने जर्सी नंबरों का विशेष उल्लेख '7' और '18' के रूप में '25' के साथ किया, जिस दिन 25 अगस्त को उन्होंने भावनात्मक संदेश लिखा था।

ट्वीट के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर साझा की वह मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2016 टी-20 विश्व कप मैच की थी, जहां कोहली ने 51 गेंदों में नाबाद 82 रन बनाकर मेजबान टीम को छह विकेट से जीत दिलाई। भारत एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 28 अगस्त को कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले के साथ करेगा। अगर कोहली इस मैच में खेलते हैं तो यह उनका 100वां टी-20 इंटरनेशनल भी होगा।

# आपकी तरह एक हाथ से छक्का लगाऊं... मैच से पहले अफरीदी और भारतीय प्लेयर्स की बातचीत तो सुनिए

जब बात राजनीतिक संबंधों की आती है, तो भारत और पाकिस्तान 'दोस्त' तो कतई नहीं होते। मगर जैसे मामला क्रिकेट के मैदान तक पहुंचता है तो चीजें कहीं अधिक सुधर जाती है। 27 अगस्त से दुबई कप 2022 का आगाज हो रहा है। भारत-पाकिस्तान दोनों टीमें दुबई में 28 अगस्त को एक-दूसरे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मैच से पहले कुछ भारतीय खिलाड़ी अभ्यास सत्र के दौरान घायल शाहीन अफरीदी से मिले।

एशिया कप से बाहर होने के बावजूद शाहीन ने पाकिस्तानी टीम का साथ नहीं छोड़ा। वह यहीं रहेंगे। प्रैक्टिस सेशन के दौरान शाहीन मैदान के किनारे पर बैठे थे, क्योंकि उनकी टीम के बाकी सदस्य नेट्स में कड़ी मेहनत कर रहे थे। तभी भारतीय क्रिकेट टीम भी प्रैक्टिस करने पहुंची और शाहीन अफरीदी को देखकर, मेन इन ब्लूज खुद को उनसे बातचीत करने से रोक नहीं पाई। विराट कोहली, युजवेंद्र चहल, ऋषभ पंत और केएल राहुल को बाएं हाथ के चोटिल तेज गेंदबाज के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसे देखकर लगता है कि खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प बातचीत हुई। ऋषभ पंत अपने चिरपरिचित अंदाज में शाहीन से बतकही कर रहे थे।



युजवेंद्र चहल ने जब अफरीदी से पूछा उन्हें चोट कैसे लगी, तो अफरीदी ने बताया कि वह टी-20 वर्ल्ड कप से पहले तक ठीक हो जाएंगे। इस दौरान अफरीदी पंत से कहते हैं, 'यार मैं सोच रहा हूं बल्लेबाजी करना शुरू कर दूं। एक हाथ से छक्के लगाऊंगा।' इसपर पंत ने कहा, 'उसमें ज्यादा एफर्ट लगेगा। तेज गेंदबाज हो तो आपको एफर्ट तो लगाना पड़ेगा सर।' इसके बाद अफरीदी ने कहा, 'मैच तो नहीं खेल पाऊंगा, लेकिन आऊंगा देखने।'

**कैसे चोटिल हुए थे अफरीदी?**

अफरीदी को पिछले महीने गाले में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान फील्डिंग करते समय दाहिने घुटने में चोट लगी थी। यह चोट अब तक ठीक नहीं हुई है। शाहीन एशिया कप के दौरान टीम के ही साथ रहेंगे, क्योंकि इस दौरान फिजियो उनपर पैनी नजर रख सकते हैं। अफरीदी की जगह पाकिस्तान के उभरते तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन को स्क्वॉड में जगह मिली है।

# अलग हुए सारा तेंदुलकर और क्रिकेटर शुभमन गिल





सारा तेंदुलकर और इंडियन क्रिकेट टीम के ओपनर बैट्समैन शुभमन गिल अलग हो गए हैं। दोनों के ब्रेकअप की खबरें सुर्खियों में हैं। ऐसे कयास इसलिए लगाए जा रहे हैं क्योंकि अब शुभमन गिल और सारा ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। हालांकि सारा शुभमन की बहन को अभी भी फॉलो कर रही हैं, ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स अंदाजा लगा रहे हैं कि यह कपल अलग हो गया है।शुभमन गिल और सारा तेंदुलकर की डेटिंग की खबरें सालों से सुर्खियों में रही हैं। दोनों ने कभी भी डेटिंग की खबरों को कंफर्म नहीं किया, लेकिन सोशल मीडिया पर दोनों एक दूसरे की फोटोज पर कमेंट करते नजर आए। इतना ही नहीं शुभमन ने जब भी क्रिकेट फील्ड पर या लाइफ में कुछ भी हासिल किया, तब-तब सारा ने उन्हें अप्रिशिएट किया। यही वजह थी कि कपल हमेशा की चर्चा का विषय रहा है। आईपीएल खेलों पर पहली बार किया गया नोटिस। जिम्बॉम्बे टूर के बाद सोशल मीडिया कपल हुआ ट्रेंड।

# राहुल द्रविड़ के साथ विराट कोहली की नहीं बन पातीः दानिश कनेरिया



भारतीय टीम एशिया कप के लिए तैयार है. रविवार को वह इस टूर्नामेंट में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी. इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने विराट कोहली की कप्तानी और राहुल द्रविड़ की कोचिंग पर अपनी राय रखी है. उन्होंने कहा कि द्रविड़ से पहले जब रवि शास्त्री इस टीम के कोच थे और विराट कप्तान तो दोनों की जुगलबंदी टीम के लिए कमाल कर रही थी. लेकिन द्रविड़ के कोच बनते ही विराट ने कप्तानी छोड़ दी. कनेरिया इसे भारतीय टीम के लिए सही फैसला मानते हैं क्योंकि उनके मुताबिक राहुल द्रविड़ और विराट कोहली की कोच और कप्तान के रूप में जुगलबंदी चल नहीं पाती. उन्होंने कहा कि विराट और शास्त्री एक नजरिए से सोचने वाले दो व्यक्ति थे, जो बस यह सोचते थे कि जो करना है तो करना है, जबकि द्रविड़ के साथ ऐसा नहीं है. राहुल द्रविड़ प्रक्रिया पर अधिक फोकस देने वाले कोच हैं.



## हफ्ते में 40 घंटे काम करेंगे चिली के कर्मचारी, भारत में अगर लागू हुआ नया लेबर कोड तो हफ्ते में 3 दिन आराम



नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। दुनियाभर के कई देश सरकारी और निजी कर्मचारियों की छुट्टियां बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। भारत में अगर नया लेबर कोड लागू हुआ तो कर्मचारियों को सप्ताह में 48 घंटे काम करना होगा। नए कोड के मुताबिक कर्मचारियों को लगातार चार दिन ऑफिस में 12-12 घंटे काम करना होगा। इस 12 घंटे के दौरान उन्हें दिन में दो बार आधे-आधे घंटे की छुट्टी मिलेगी, लेकिन अच्छी बात यह कि चार दिन 12-12 घंटे काम करने के बाद कर्मचारियों को तीन दिन की लम्बी छुट्टी भी मिलेगी। लेकिन, चिली के राष्ट्रपति ने नई योजना पेश की है। इसके मुताबिक, कर्मचारियों को अब सप्ताह में 40 घंटे तक ही काम करना होगा। दरअसल, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक की ओर से कहा गया कि उन्होंने एक विधेयक पारित करने के प्रयासों को फिर से शुरू कर दिया है, जो देश में काम के घंटे कम करेगा। इस विधेयक के अनुसार, काम करने के घंटों को 45 की बजाय 40 कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, इस पर काम काफी पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन पिछली सरकार की वजह से इसमें देरी हुई।

# शेयर बाजार ने बढ़त गंवाई, सेंसेक्स 310 अंक टूटा, निफ्टी 17550 के नीचे

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को सपाट ढंग से कारोबार हुआ पर वायदा कारोबार के एक्सपायरी के दिन बाजार अंत में अपनी शुरुआती बढ़त गंवा बैठा। इस दौरान सेंसेक्स अपने दिन के उच्चतम स्तर से 710 अंक नीचे लुढ़का। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स पिछले दिन के मुकाबले 310.71 अंक (0.53%) लुढ़क कर 58,774.72 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी बुधवार के मुकाबले 82.50 अंक गिरकर 17,522.45 अंकों पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबार में बजाज फाइनेंस के शेयर 2% तक लुढ़के जबकि एक्सिस बैंक के शेयरों में 1% तक की कमी आई। इससे पहले, अगस्त वायदा सीरीज के एक्सपायरी के दिन भारतीय बाजार में हरियाली दिखी। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स हरे निशान में खुले। सेंसेक्स लगभग 250 अंक ऊपर खुला। निफ्टी में भी 80 अंकों की बढ़त आई। सेंसेक्स फिलहाल 59,362.14 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी 17,687.25 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। शुरुआती कारोबार में भारती एयरटेल और टाटा स्टील के शेयरों में एक-एक प्रतिशत तक का उछाल आया। इससे पहले ग्लोबल मार्केट से गुरुवार को बाजार के लिए अच्छे संकेत मिले।



अमेरिकी बाजारों में तीन दिन की गिरावट थमी। डाऊ जोंस 60 अंक तो नैसडैक 50 अंक ऊपर बंद हुआ। आज से शुरू होने वाली जैक्सन होल बैठक पर भी बाजार की नजर बनी रही। SGX निफ्टी में मजबूती नजर आई। यह 70 अंकों की बढ़त के साथ 17,700 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। जापान का निक्केई 150 अंक ऊपर ट्रेड किया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को भारतीय बाजार में नकद में 23 करोड़ रुपये की खरीदारी की जबकि, इस दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने नकद में 322 करोड़ रुपये की बिकवाली की। भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले सपाट ढंग से 79.82 के लेवल पर खुला। पिछले कारोबारी दिन यह 79.8075 के स्तर पर बंद हुआ था। कच्चा तेल 102 अमेरिकी डॉलर के भाव पर पहुंच गया। यह तीन हफ्तों के उच्चतम स्तर पर है।

# बलि चढ़ेंगे 37500 पेड़, पर्यावरण विशेषज्ञों ने तैयार की सर्वे रिपोर्ट, भूमि अधिग्रहित

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली-देहरादून ग्रीन फील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर के निर्माण में 37500 हजार पेड़ बाधा बन रहे हैं। इनमें 461 संरक्षित वन क्षेत्र, 689 ग्राम पंचायतों और अन्य सरकारी विभागों के हैं। अन्य पेड़ जिन किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है, उनके हैं। यह पेड़ हटेंगे, तभी इस कॉरिडोर का निर्माण शुरू हो पाएगा। दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के पर्यावरण विशेषज्ञों की टीम मनीष चौधरी व राघव कुमार, वन विभाग के कार्यवाहक वन क्षेत्राधिकारी रविकांत चौधरी ने विभिन्न स्थलों पर खड़े पेड़ों का निरीक्षण किया। टीम में शामिल मनीष चौधरी ने बताया कि बागपत में बड़ौत-अमीनगर सराय मार्ग, बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग, बडौत-मेरठ मार्ग, गांगनौली बिजली घर के अलावा शामली, सहारनपुर सहित अन्य जगहों का निरीक्षण कर



रिपोर्ट सौंप दी है। पेड़ हटाने और दूसरी जगह लगाने और नए पौधे लगाने का पूरा खर्च एनएचएआई उठाएगी। समझौते के तहत नए पौधों का रखरखाव भी एनएचएआई के जिम्मे होगा। दिल्ली-देहरादून ग्रीन फील्ड इकनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण की शुरूआत मार्च 2021 में हुई थी। इसमें ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से दिल्ली यूपी बॉर्डर तक करीब 17 किमी लंबी छह लेन की एलिवेटेड रोड का निर्माण होना है। हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, शामली, यमुनानगर, बागपत, मेरठ व बड़ौत को जोड़ने के लिए सात इंटरचेंज बनेंगे। दिल्ली-देहरादून ग्रीन फील्ड इकनॉमिक कॉरिडोर के लिए बागपत के 27 गांवों, मुजफ्फरनगर के सात और शामली के 22 गांवों, सहारनपुर के 25 गांवों की 1100 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया है। यह जमीन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से सहारनपुर तक है। इसमें बागपत की 350 हेक्टेयर जमीन शामिल है। डीएफओ हेमंत सेठ ने बताया कि सर्वे कर पेड़ों के छपान की सूची दे दी है, उसको क्रॉस चेक करने के लिए विभागीय टीम लगी है। किसानों के निजी पेड़ों के कटान के लिए कुछ किसानों को छोड़कर अधिकांश किसानों को संतोषजनक मुआवजा प्राप्त हो चुका है। क्रॉस चेक रिपोर्ट जल्द ही मिलने वाली है, जिसके बाद निर्माण के लिए बाधक बने पेड़ों को हटाया जाएगा।

## मंडी भाव: मूंगफली और सोयाबीन रिफाइंड में 40 रुपये की तेजी

### अरहर के रेट में कमी, मसूर दाल सस्ती

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बुधवार को सोयाबीन तेल को छोड़कर लगभग सभी तेल-तिलहनों की कीमतें पूर्वस्तर पर बंद हुईं। जबकि, इंदौर के खाद्य तेल बाजार में बुधवार को मूंगफली तेल 40 रुपये और सोयाबीन रिफाइंड तेल के भाव में रुपये प्रति 10 किलोग्राम की तेजी हुई। वहीं, संयोगिता गंज अनाज मंडी में बुधवार को तुअर (अरहर) के भाव में 50 रुपये प्रति क्विंटल की कमी हुई। मंडी में कर्नाटक से नई मूंग आई जो 6400 रुपये प्रति क्विंटल बिकी। मसूर की दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती बिकी। सरसों तिलहन - 7,225-7,275 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 7,070 - 7,195 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,500 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड तेल 2,745 - 2,935 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 14,500 रुपये प्रति क्विंटल।



सरसों पक्की घानी- 2,300-2,390 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 2,330-2,445 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 17,000-18,500 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 13,400 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 13,150 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,700 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 10,400 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,000 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 12,400 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 11,300 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,950-6,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज 5,750- 5,800 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का) 4,010 रुपये प्रति क्विंटल।

## केंद्रीय कैबिनेट ने गेहूं और मैसलिन आटे के निर्यात पर पाबंदी को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमिटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स ने आटे के निर्यात पर बड़ा फैसला लिया है। कमिटी ने अपनी बैठक में गेहूं और मैसलिन आटे के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने को अपनी मंजूरी दे दी है। बता दें कि वर्ष 2021-22 में भारत ने 24 करोड़ 65.7 लाख डॉलर के गेहूं के आटे का एक्सपोर्ट किया था। बीते मई महीने में भीषण गर्मी के दौरान गेहूं के उत्पादन से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए सरकार ने इसकी बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन



की पूरी दुनिया में आटे के निर्यात में 25% की हिस्सेदारी है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच जारी जंग से वहां से आटे का निर्यात नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर इस जंग के कारण दुनियाभर की सप्लाई लाइन भी प्रभावित है। इन कारणों के ग्लोबल मार्केट में गेहूं के भाव बढ़े हुए हैं। इस स्थिति में कारोबारी आटे के निर्यात में अधिक दिलचस्पी लेते हैं जिससे देश में गेहूं और आटे की कीमतें बढ़ने का खतरा पैदा हो सकता है।

# कंपनियों का सुगर फ्री के नाम पर धोखा

## आर्टिफिशियल स्वीटनर्स दे सकते हैं डायरिया

### वजन घटाने में भी नहीं है कारगर

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। देश में रक्षा बंधन के साथ त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। हर साल रक्षा बंधन से लेकर नए साल तक पूरा देश अलग-अलग त्योहारों के साथ जश्न मनाता है और इसका सबसे जरूरी हिस्सा होता है...मुंह मीठा कराना। लेकिन पोस्ट कोविड दौर में जब लोगों को सेहत की चिंता पहले से ज्यादा है तो मीठे पर कंट्रोल करना भी जरूरी हो गया है। सेहत की यही चिंता लो सुगर और सुगर फ्री मिठाइयों का बड़ा बाजार तैयार करती है। भारत में फूड प्रोडक्ट्स का बाजार करीब 60 हजार करोड़ का है और इसमें



शुगर-फ्री प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 500 करोड़ से ज्यादा की है। यह हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है।

सुगर फ्री ऐसे लेबल हैं जो सेहत की फिक्र करने वाले मिष्ठान प्रेमियों के बीच खासे लोकप्रिय हैं। लेकिन अगर आप सिर्फ यह लेबल्स देखकर यह मान लेते हैं कि यह मिठाइयां या प्रोडक्ट्स आपका कैलोरी लेवल नहीं बढ़ाएंगी या शुगर को नियंत्रित रखेंगी तो संभल जाइए। पैकेज्ड उत्पादों के सिर्फ लेबल ही नहीं उन पर दिए गए पोषण संबंधी जानकारी को भी ध्यान से देखिए।

एफएसएसएआई कहता है कि कम चीनी का क्लेम वही प्रोडक्ट कर सकते हैं जिनमें प्रति 100 ग्राम वजन में शुगर की मात्रा .5 ग्राम से कम हो। चीनी मुक्त होने के लिए प्रति 100 ग्राम वजन में शुगर की मात्रा 0.5 ग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। कैसे कंपनियां इन नियमों का उल्लंघन करती हैं और इन मानकों के पालन के लिए शुगर के जो विकल्प इस्तेमाल होते हैं वो सेहत पर खतरनाक असर डालते हैं।

# अदानी- एनडीटीवी डील में प्रणय रॉय की गुगली

## बोले-एसईबीआई के ऑर्डर की वजह से नहीं बेच सकते शेयर

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। अडानी-एनडीटीवी मामले में गुरुवार (25,अगस्त) को एक नया मोड़ आया। एनडीटीवी ने शेयर मार्किट को यह जानकारी दी कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आदेश के चलते फिलहाल प्रवर्तक प्रणय रॉय और राधिका रॉय अडानी ग्रुप को हिस्सेदारी नहीं बेच सकते हैं। एनडीटीवी ने अपने बयान में कहा कि सेबी ने 27 नवंबर, 2020 को एक आदेश जारी



किया था, जिसमें कंपनी के संस्थापक और प्रवर्तक प्रणय रॉय एवं राधिका रॉय पर शेयर बाजार में किसी तरह की शेयर की खरीद बिक्री पर 2 साल के लिए प्रतिबंध लगाया है और यह 26 नवंबर, 2022 को खत्म होगा। बता दें, मंगलवार (23 अगस्त, 2022) को अडानी ग्रुप ने वीसीपीएल से एनडीटीवी की प्रवर्तक कंपनी आरआरपीआर का अधिग्रहण कर लिया था, जिसके पास कंपनी का 29.18 फीसदी हिस्सा है। प्रणय रॉय और राधिका रॉय ने करीब 10 साल पहले वीसीपीएल से आईसीआईसीआई बैंक का लोन चुकने के लिए 400 करोड़ रुपए का लोन लिया था और इसके बदले वीसीपीएल को अधिकार दिया था कि वह एनडीटीवी में मौजूद आरआरपीआर की हिस्सेदारी का कभी भी अधिग्रहण कर सकता है। इस डील के बाद अडानी ग्रुप मीडिया कंपनी एएमएनएल ने बयान जारी कर कहा था कि आरआरपीआर, एनडीटीवी की प्रवर्तक कंपनी है। कंपनी के पास मौजूदा समय में एनडीटीबी में 29.18 फीसदी हिस्सेदारी है। एएमएनएल के सीईओ संजय पुगलिया ने कहा कि एनडीटीवी समाचारों में अग्रणी होने के साथ-साथ देश के सभी जेनर्स और ज्योग्राफी में अच्छी मौजूदगी है। कंपनी का डिजिटल प्लेटफॉर्म और ब्रॉडकास्ट हमारे विजन के प्रसार के लिए एकदम उपयुक्त है। इससे पहले अडानी समूह ने इस साल की शुरुआत में क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड में अल्पमत हिस्सेदारी खरीदी थी। इस डील पर एनडीटीवी ने कहा था कि वीसीपीएल ने जिस अधिकार का प्रयोग कर अडानी ग्रुप को हिस्सेदारी बेची है।

# सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव, 52000 के करीब पहुंचा गोल्ड का भाव, 18 कैरेट गोल्ड में कितना सोना?

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। सर्राफा बाजारों में गुरुवार को सोने-चांदी के हाजिर भाव में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आज 24 कैरेट सोना 51958 रुपये पर खुला, जो बुधवार के बंद रेट से 328 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा है।

वहीं, चांदी 561 रुपये चढ़कर 55785 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4296 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 20223 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 51750 रुपये पर पहुंच गई है। जबकि, 22 कैरेट 47594, 18 कैरेट 38969 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 30395 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर



का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1558 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 53516 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा यानी 5351 रुपये जोड़ने के बाद सोने का भाव 58868 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है।

जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 57458 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 63204 रुपये में देगा। 24 कैरेट का सोना 22 या 18 कैरेट सोने से बहुत अधिक महंगा होता है। यह इतना मुलायम और लचीला होता है कि इससे गहने नहीं बनाए जा सकते। इसके अलावा 24 कैरेट गोल्ड का इस्तेमाल सिक्कों व बार बनाने और इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल डिवाइसेज में उपयोग किया जाता है। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 58632 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 49021 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 53924 रुपये का पड़ेगा। जहां तक 22 कैरेट सोने की बात है तो इसका अधिकतर उपयोग आभूषण बनाने में किया जाता है। क्योंकि, इस गोल्ड की बनी ज्वेलरी ज्यादा मजबूत बनती हैं। इसे 91.67 फीसद शुद्ध सोने के तौर पर जाना जाता है। इसमें दूसरी धातुएं जैसे ल्विर, जिंक, निकल और दूसरी मिश्रित धातुएं होती हैं। मिश्रित धातुओं के होने से यह कठोर बनता है और इसलिए इसे ज्वैलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 40138 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 44151 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट सोने में 75 फीसद गोल्ड और 25 फीसद दूसरी धातुओं जैसे तांबा, चांदी मिला होता है। ऐसे सोने को स्टोन स्टडेड गहने बनाने और दूसरी डायमंड जुलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह 24 और 22 कैरेट के मुकाबले सस्ता व ज्यादा मजबूत होता है। इसका रंग हल्का पीला होता है। अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 31306 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34437 रुपये का पड़ेगा। बता दें 14 कैरेट के सोने में 58.1

फीसद शुद्ध सोना और बाकी दूसरी धातुओं का मिश्रण होता है। हालांकि, इसका भारत में ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

## एनएमडीसी और फिक्की द्वारा भारतीय खनिज और धातु उद्योग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित, भविष्य की राह पर चर्चा



नई दिल्ली, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत की प्रमुख खनन कंपनी एनएमडीसी ने फिक्की के सहयोग से 'ट्रांजिशन टूवर्ड्स 2030 एंड विजन 2047' विषय पर भारतीय खनिज और धातु उद्योग पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन 23 अगस्त और 24 अगस्त को ताज पैलेस, डिप्लोमेटिक एन्क्लेव, नई दिल्ली में किया, जिसका समापन सत्र आज संपन्न हुआ। फग्गन सिंह कुलस्ते, इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। संजय कुमार सिंह, आईएएस, सचिव, इस्पात मंत्रालय; सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी; अरुण चावला, महानिदेशक, फिक्की; श्री कुंदन कुमार, सलाहकार, नीति आयोग; डॉ. इला पटनायक ,आदित्य बिड़ला समूह की मुख्य अर्थशास्त्री और श्री सुनील दुग्गल , वेदांता समूह के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। अमिताभ मुखर्जी, निदेशक (वित्त) और दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), एनएमडीसी सम्मेलन में दोनो दिन उपस्थित रहे। फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने समापन संबोधन में कहा, " भारत को अपने खनिज और धातु क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभिनव तरीकों और साधनों का पता लगाने के लिए सम्मेलन एक अच्छा माध्यम है।

ये विचार-विमर्श 2030 की ओर बढने और विजन 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। संजय कुमार सिंह,आईएएस ने कहा कि " हमें अपने आप से पूछना चाहिए कि अब से 25 वर्ष बाद हम इस्पात क्षेत्र में क्या रुझान और अनुमान देखते हैं और अब से हम अपनी प्रति व्यक्ति खपत बढ़ाकर उद्योग के उसी विकास पथ पर चलें। एनएमडीसी के लिए भविष्य की राह पर टिप्पणी करते हुए, सुमित देब , सीएमडी , एनएमडीसी ने कहा, "लोहे और इस्पात की मांग बढ़ रही है और अगले कुछ वर्षों में इसके अधिक तेज होने की आशा है। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी पहले से कहीं अधिक तेजी से आगे बढ़ती है, विनिर्माण उद्योग को अपने विकास को बनाए रखने के लिए कच्चे माल की आवश्यकता होगी, जिसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र के लिए विशाल अवसर हैं। वेदांता समूह के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ सुनील दुग्गल, वृहद आर्थिक परिप्रेक्ष्य पर जानकारी देते हुए आदित्य बिड़ला समूह की मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. इला पटनायक, नीति आयोग के सलाहकार कुंदन कुमार ने अमृत काल की ओर बढ़ने के साथ कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में उद्योग विजन 2047, वैश्विक खनिज और धातु उद्योगों परिदृश्य, नए युग के खनिजः मांग-आपूर्ति-व्यापार परिदृश्य, तकनीकी नवाचार और भारतीय खनिज और धातु क्षेत्र में विकास को सुगम बनाने वाले सक्षम कारकों पर अंतर्दृष्टि शामिल थी।

## केंद्रीय समिति ने किया भाकृअनुप-रा. मां. अनु केंद्र का राजभाषाई निरीक्षण



हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप-रा मां अनु केंद्र, हैदराबाद का राजभाषाई निरीक्षण संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा कार्यान्वयन कार्यों का प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, श्रीमती रंजन बेन भट्ट, सांसद लोकसभा सुशील कुमार गुप्ता, राज्यसभा सांसद, संगीता यादव, सांसद राज्यसभा एवं सचिवालय समिति के पदाधिकारियों के साथ डॉ. एसबी बारबुद्धे, निदेशक, डॉ. एसआर यादव, सहायक निदेशक राजभाषा, डॉ लक्ष्मण आर चटलोड, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी राजभाषा, डॉ. एआर सेन, डॉ. योगेश गाडेकर, डॉ. रितुपर्णा बनर्जी, वैज्ञानिक एवं डॉ संजीव गुप्ता सहा. उपमहानिदेशक, ओपी जोशी, स. मु.त. अ. भा कृ अनु प नई दिल्ली की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।समिति ने इस संस्थान के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संस्थान का यह पहला राजभाषा निरिक्षण था जो पूर्णतः सफल रहा।

# संसदीय स्थायी समिति ने सीएसआर पर बीडीएल की पहल की समीक्षा की

हैदराबाद, 25 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सांसद प्रतापराव जाधव की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास और पंचायतीराज पर संसदीय स्थायी समिति ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल की समीक्षा की। एनपी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी), पी. राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन), एन. श्रीनिवासुलु, निदेशक (वित्त) और बीडीएल के मानव संसाधन विभाग के



अधिकारी उपस्थित थे। समिति ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीएल द्वारा की जा रही पहलों पर संतोष व्यक्त किया।



# छतों तक पहुंचा बाढ़ का पानी, चंबल ने तोड़ा रिकॉर्ड

## एक की मौत, 16 जिलों में अलर्ट, सीएम हवाई सर्वे के बाद शेल्टर होम पहुंचे




जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में मानसून की रफ्तार कम पड़ी है। बारिश का यह ब्रेक सुकून देने वाला है, लेकिन, प्रदेश के 10 शहरों में अब भी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। झालावाड़, कोटा, बूंदी, बारां, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, जालोर, सिरोही और टोंक में हालात ये है कि यहां के बांध पूरी तरह से भर चुके हैं। बांधों से रोजाना पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी जलस्तर कम नहीं हो रहा है। ऐसे में अब और बारिश बड़ा संकट खड़ा कर सकती है। वहीं, धौलपुर में चंबल खतरे के निशान से करीब 15 मीटर ऊपर बह रही है। यहां नदी का लेवल 26 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 146.15 मीटर पर पहुंच गया है। वहीं, गुरुवार को धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युवक की मौत भी हो गई। उधर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सीएम अशोक गहलोत ने आज हवाई सर्वे किया। सुबह करीब 11.30 बजे कोटा पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने बूंदी के प्रभावित एरिया का सर्वे किया। इसके बाद वे कोटा पहुंचे और एयरपोर्ट पर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, हेल्थ मिनिस्टर परसादी लाल से उन्होंने स्थिति पर बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कोटा का भी हवाई सर्वेक्षण कर शेल्टर होम में रह रहे बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी इन जिलों का हवाई सर्वे किया था। इन जिलों में 10 हजार से ज्यादा लोग बुरी तरह प्रभावित होने का अनुमान है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक सही आंकड़ा नहीं बताया गया है। इसके साथ ही गुरुवार को भी 16 जिलों में बारिश का अलर्ट है। कोटा, झालावाड़ और धौलपुर में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां एनडीआरएफ ने पिछले 24 घंटे में करीब 6 हजार लोगों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। वहीं राजस्थान में मानसून इस बार रिकॉर्ड तो तोड़ चुका है। प्रदेश में पूरे बरसाती सीजन में 428.65 एमएम बारिश होती है, लेकिन अब तक 582.74 एमएम हो चुकी है। 716 छोटे-बड़े बांधों में करीब अस्सी फीसदी पानी आ चुका है।

# कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की खबरों पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लिया यह बड़ा निर्णय



जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की खबरें जोर पकड़ रही है। खुद गहलोत इस तरह की बातों को मीडिया की उपज बता रहे हैं, लेकिन जानकार सूत्र कह रहे हैं कि सोनिया, राहुल और प्रियंका चाहते हैं कि गहलोत के हाथ में राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान हो। इन सबके बीच सीएम ने बड़ा निर्णय किया है। सरकार ने मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों की धोखाधड़ी से लोगों को बचाने के लिए राजस्थान अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी नियम, 2022 को मंजूरी दी है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राजस्थान अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी नियम, 2022 निवेशकों के हित में प्रावधानों को अधिक कठोर करने तथा इन सोसायटियों पर अधिक नियंत्रण करने के लिए एक्ट के तहत राज्य सरकारों को शक्तियां प्रदान करने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। गहलोत की इस मंजूरी से मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों की धोखाधड़ी से राज्य के लाखों लोगों की मेहनत की कमाई के गबन पर रोक लगाने के साथ ही, इन सोसायटियों पर सख्त कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान की जा सकेगी।

आपको बता दें कि सीएम अशोक गहलोत ने 2021-22 के बजट में मल्टी स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों के निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए 5 सदस्य विजिलेंस समिति बनाने की घोषणा की थी, जिसका कुछ समय बाद सरकार ने गठन कर दिया था। यह कमेटी वर्ष में 2 बार इन क्रेडिट सोसायटी और उनकी बुक ऑफ अकाउंट का निरीक्षण करवाना सुनिश्चित कर रही है।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर मंत्री ममता भूपेश ने किया गहलोत के बयान का समर्थन



दौसा में कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर मंत्री ममता भूपेश ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान का समर्थन किया है। मंत्री भूपेश ने कहा कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनना चाहिए। वो पीएम मोदी से मुकाबला कर रहे हैं।

दौसा, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान से लेकर दिल्ली तक इन दिनों सियासी हलचलें तेज है। सूबे के मुखिया अशोक गहलोत भी इन दिनों जमकर दिल्ली का पगफेरा लगा रहे हैं और कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर जमकर कयासबाजी लगाई जा रही है। इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बार बार कह रहे हैं कि राहुल गांधी को अध्यक्ष पद संभालना चाहिए। इसी बीच दौसा के सिकराय से विधायक और राजस्थान सरकार में महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने मुख्यमंत्री गहलोत के बयान का समर्थन किया है। दरअसल मंत्री ममता भूपेश आज दौसा के दौरे पर रही। जहां उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि हम सब की मंशा है राहुल गांधी एक बार फिर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।

मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि राहुल गांधी लगातार पीएम नरेंद्र मोदी की गलत नीतियों ओर तानाशाही सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे हैं अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और हम सब की आवाज बन रहे हैं भूपेश ने कहा सोनिया गांधी और राहुल गांधी कांग्रेस को लगातार मजबूती दे रहे हैं और हम सब की मंशा है कि राहुल गांधी कांग्रेस की कमान संभाले।

वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की चर्चाओं पर मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि यह केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि कौन अध्यक्ष बनेगा। लेकिन हम यही चाहते हैं कि राहुल गांधी जिस तरीके से केंद्र सरकार की गलत नीतियों का मुकाबला कर देश की जनता के साथ खड़े हैं और उसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। ऐसे में उनको अध्यक्ष बनना चाहिए।

# फर्जी इनकम टैक्स ऑफिसर बन व्यापारी के घर घुसे

## लाखों की नकदी व सोना लूटा

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के नागतलाई इलाके में पांच अज्ञात लोगों ने बुधवार को एक आटा व्यापारी व उसके परिवार वालों को बंधक बनाकर 50 लाख रुपए नकद और करीब 45 लाख रुपए मूल्य का एक किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

नकली अधिकारी बन घर में घुसे गलता गेट थाने के थानाधिकारी मुकेश कुमार खरदिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि पांच अज्ञात लोग बुधवार शाम को आयकर (आईटी) अधिकारी बनकर व्यापारी के घर में घुसे। उस समय व्यापारी की पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू सहित पूरा परिवार घर में मौजूद था।

**व्यापारी के पोते पर ताना बंदूक**

पुलिस ने कहा कि लुटेरों ने व्यापारी सत्यनारायण तांबी के पोते को बंदूक के बल पर अपने कब्जे में ले लिया और अलमारी की चाबी मांगी। थानाधिकारी ने कहा कि हमने आसपास के स्थानों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज ले लिए हैं और अपराधियों को खोजा जा रहा है। अपराधियों ने योजना को अंजाम देने से पहले व्यापारी के बारे में पूरी जानकारी जुटाई थी। प्राथमिकी के अनुसार, 50 लाख रुपये नकदी और 45 लाख रुपये का सोना लूटा गया है।

**डकैत सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर उठा ले गए**

पुलिस ने कहा कि डकैत व्यापारी के आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर अपने साथ ले गए। फोरेंसिक टीम ने बुधवार देर रात मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और शहर की सीमाओं को सील कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। व्यापारी के आवास के पीछे दो दुकानें और एक गोदाम भी है।

यह घटना तब हुई जब 6 मजदूर और दो लिपिक कार्यस्थल से चले गए। पुलिस ने कहा कि मजदूरों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# घर में सो रही महिला को कुल्हाड़ी से काटा

## खेत पर जाकर की बेटे की हत्या, पड़ोसी ने की खौफनाक वारदात

उदयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर में दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। जिले के एक गांव में पड़ोसी युवक ने गुरुवार को मां-बेटे की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक ने सनक के चलते दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया है। उधर, पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले के लसाड़िया थाना इलाके के टटाकिया गांव से दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह केसरी बाई और उसका बेटा लोगरलाल घर के आंगन में सो रहे थे। सुबह छह बजे के करीब लोगरलाल अपने खेत पर चला गया। इस दौरान उसके पड़ोस में रहने वाला मेघराज घर आया और फिर कुल्हाड़ी से बार कर केसरी बाई की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी खेत पर काम कर रहे केसरी बाई के बेटे लोगरलाल के पास पहुंचा और उस पर भी हमला कर दिया। आरोपी ने उस पर कुल्हाड़ी से तब तक वार किए जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। इधर, दोहरे हत्याकांड की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मोर्चरी भेजा। वहीं केस दर्ज कर आरोपी युवक को हिरसात में ले लिया है। अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने सनक में वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर ही हत्या के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# सवा करोड़ की डकैती: तकिए की खोल में सामान समेटकर ले गए बदमाश

## टोका तो बोले- जान प्यारी नहीं है क्या?



जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में इनकम टैक्स अधिकारी बनकर आए 5 डकैतों ने आटा व्यापारी के परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट की। बदमाशों ने 10 लोगों को पिस्टल के दम पर बंधक बना लिया और आधे घंटे तक घर खंगालते रहे।

फिर वे करीब 60 लाख रुपए की नकदी और डेढ़ किलो सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। यह वारदात गलता गेट थाना इलाके में सूरजपोल अनाज मंडी रोड पर बुधवार रात हुई। बदमाशों का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

पुलिस के अनुसार व्यापारी सत्यनारायण तांबी के घर पर मां मोही देवी (90), पत्नी संतोष, बेटा जीतेंद्र, दो पुत्रवधू रितु और प्रियंका और तीन बच्चे श्रेयांश, केशव, समर्थ थे। बुधवार शाम करीब साढ़े 7 बजे बदमाश इनकम टैक्स अधिकारी बनकर घर में घुसे थे। डकैतों ने सभी परिजनों के मुंह पर टेप लगा दी। इसी बीच, व्यापारी सत्यनारायण और बेटा हेमराज घर पहुंच गए। बदमाशों ने उन्हें भी बंधक बना लिया। इसके बाद 15 साल के पोते केशव के सिर पर पिस्टल लगाकर अलमारियों के बारे में पूछा और नहीं बताने पर परिजनों को गोली मारने की धमकी दी। डर के कारण पोते ने बदमाशों को अलमारियों के बारे में बता दिया। लूटपाट मचाने के बाद बदमाश फरार हो गए। तब परिवार ने चिल्लाना शुरू किया, आवाज सुनकर उनके पड़ोसी आए। पड़ोसियों ने परिवार को छुड़ाकर पुलिस को सूचना दी।

बदमाश अपने साथ घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की लग्जरी कार के आधार पर नाकाबंदी कराई, लेकिन गुरुवार सुबह तक पुलिस के हाथ खाली हैं। देर रात मौके पर एफएसएल टीम भी पहुंची और सबूत जुटाए।

पुलिस ने दिल्ली रोड पर निकलने वाले मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं। अंदेशा है कि बदमाश वारदात के बाद दिल्ली रोड की तरफ भागे हैं। पुलिस के हाथ घटना से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी की फुटेज लगी है। इसमें तीन बदमाश वारदात के बाद निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के इनपुट, डकैतों के वाहन और हुलिए के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। पिस्टल के दम पर डकैत बिजनेसमैन के परिजनों को डराते रहे। पोते केशव को गोली मारने की धमकी दी, इसलिए उसने सब बता दिया। पीड़ित सत्यनारायण का कहना है कि डकैत करीब डेढ़ किलो सोने के जेवर और 60 लाख ले गए हैं। वह आटा और बेसन के थोक विक्रेता हैं।

घर में घुसे डकैतों को परिवार के हर सदस्य के मूवमेंट की जानकारी थी। दुकान से कारोबारी का घर मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर है। बदमाश रैकी करते रहे। वे इतने बेखौफ थे कि उन्होंने नकाब नहीं पहन रखा था।

# 2 सेकेंड में भरभराकर गिरी 2 मंजिला दुकान

## जयपुर में कटिंग के लिए कुर्सी पर बैठा था बच्चा, अचानक हिलने लगी बिल्डिंग

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में देर रात करीब 8.30 बजे 2 मंजिला दुकान 2 सेकेंड में ढह गई। हादसे के वक्त दुकान में 3 लोग मौजूद थे। गनीमत रही कि वे 5 मिनट पहले ही बाहर निकल गए। दरअसल, दुकान हिलने लगी थी। इसके बाद तीनों भागकर बाहर आ गए थे। घटना मानसरोवर के पृथ्वीराज नगर की है। यहां बेसमेंट की खुदाई के वक्त हादसा हुआ। दुकान में नीचे सैलून चल रहा था और ऊपर ड्राइ फ्रूट की पैकिंग का काम। सैलून चलाने वाले विष्णु सैनी ने बताया कि पास में दो दुकानों की जमीन खाली पड़ी है। उसमें 10 फीट गहरा बेसमेंट खोद दिया गया। बेसमेंट खुदवाने वाले गोपाल सैनी को मैंने मना भी किया था कि इतनी गहराई में बेसमेंट न खोदें। दुकान गिरने का खतरा रहेगा, लेकिन वह नहीं माना।

# एसएफआई - एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में भिड़ंत, पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई के आरोप

जोधपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जिले के जेएनवीयू छात्र संघ चुनावों को लेकर गुरूवार को कैंप्स में प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी। सुबह से ही छात्र प्रत्याशियों ने कैंप्स में जाकर छात्र-छात्राओं से अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इसी कड़ी में आज एसएफआई और एनएसयूआई के प्रत्याशियों और समर्थकों के साथ कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में प्रचार के लिए पहुंचे। जहां एक बारगी एनएसयूआई, एसएफआई कार्यकर्ता आमने सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल खराब होता देख मौके पर तैनात पुलिस जाब्ते ने एसएफआई, एनएसयूआई कार्यकर्ता से समझाइश की। लेकिन वह नहीं माने। माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने डंडे फटकारे और मौके से दोनों पक्षों के समर्थकों का खदेड़ दिया। इसके बाद आक्रोशित छात्र और तत्कालीन छात्र संघ अध्यक्ष ने पुलिस पर शांति पूर्वक प्रचार करते हुए भी कार्यकर्ता पर डंडे मारने पर कड़ी आपत्ति की। उनका आरोप था को एनएसयूआई के कार्यकर्ता को हटाने की बजाय उल्टे धांति पूर्व प्रचार कर रहे, एसएफआई कार्यकर्ता के साथ डंडे फस्टाकरना यह बताता हैं कि प्रशासन पक्षपात कर रही हैं।

## दो महीने बाद होनी थी शादी, भाई ने सीने में उतारा चाकू, हुई मौत

कोटा, 25 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के विज्ञान नगर थाना इलाके में रिश्तों का कत्ल कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दिनदहाडे एक भाई ने दूसरे भाई पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात सिटी मॉल के सामने फ्लाईओवर के नीचे हुई। जहां पर फ्रूट का ठेला लगाने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना में मृतक सुफेल के पिता और भाई भी घायल हो गए।

# बेटी के लिए वोट मांगने कॉलेज पहुंची मां

## राजस्थानी गानों पर डांस कर मांगा समर्थन, बॉक्सर विजेंदर सिंह भी मांग रहे वोट




जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। प्रदेश में चल रहे छात्रसंघ चुनावों में उम्मीदवार इस बार नए-नए तरीके अपना रहे हैं। कॉलेज की राजनीति में गांव की महिलाओं की भी एंट्री हो गई है। महिलाएं अपने उम्मीदवार के लिए डांस कर वोट मांग रही है। वहीं प्रत्याशी फेसबुक हो या इंस्टाग्राम पर रील बनाकर डाल रहे हैं। नारों में भी स्टूडेंट की एक अलग ही क्रिएटिविटी देखने को मिली। वहीं सेलिब्रिटीज भी अपने कैंडिडेट का प्रमोशन करते हुए दिखे। आइये आपको भी कॉलेज कैंपस में प्रचार के इन अनोखे रंगों से रूबरू करवाते हैं।

**महारानी कॉलेज- गांव की महिलाओं की एंट्री**

पूरा कैंपस चुनावी माहौल में रंगा हुआ है। प्रत्याशियों के परिवार भी अपने बच्चों के समर्थन में वोट मांगने कैंपस में पहुंच रहे हैं। अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अर्चना मीणा का परिवार भी कॉलेज पहुंचा। अर्चना और उनके समर्थकों ने सिर पर साफा बांधा हुआ था। जमवारामगढ़ व दौसा से आई उनकी रिश्तेदार महिलाएं लहंगा-लुगड़ी पहने हुए थी। उन्होंने ठेठ राजस्थानी गीतों पर डांस कर अर्चना के लिए वोट मांगे। कैंपस में नारेबाजी के बीच मारवाड़ी गीतों की मिठास घुल गई। चारों ओर लड़कियों की भीड़ लग गई। अर्चना और उनके समर्थकों ने भी ठुमके लगाए। महारानी की पास आउट स्टूडेंट भी शामिल हुई। अर्चना के समर्थकों ने बताया कि इस मनोरंजन से भरी रैली के पीछे का उद्देश्य राजस्थानी कल्चर को दिखाना व कल्चर को बढ़ावा देना था। जहां महिलाओं ने लुगड़ी पहनकर राजस्थानी लोक गीत गाए और साथ मे डांस करके गांव के कल्चर को दर्शाया।

# पानी के मटके वाले ऐंगल में कितनी सच्चाई?

## जालोर में बच्चे की मौत हुई है, इस आधार पर जांच हो: एससी कमीशन



जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के जालौर जिले में शिक्षक द्वारा छात्र की पिटाई के मौत के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जालौर में स्कूली बच्चे की पिटाई से मौत के मामले पर आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने कहां की जालोर में अनुसूचित जाति के बच्चे की मौत हुई है। ये मामला एट्रोसिटी एक्ट का है। उसी के आधार पर इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। अलग-अलग तरह की बात मुझसे भी कही जा रही है। कोई कह रहा है घड़े में पानी पीने की वजह से बच्चे की पिटाई हुई लेकिन हम यह कहते हैं कि घटना पानी पीने की वजह से हुई या किसी अन्य कारण से। राज्य सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वहां एक अनुसूचित जाति के बच्चे की मौत हुई है। किसी भी कानून में बच्चे को पीटने के अधिकार नहीं है। एक नहीं 6 अस्पताल बदले गए बच्चे के इलाज के लिए गए। यह साफ बताता है कि किस तरीके से बच्चे की पिटाई की गई। यह एक अनुसूचित जाति के बच्चे की मौत का मामला है और उसी के आधार पर पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। ना कि इस बात पर कि उसने पानी घड़े से पिया या नहीं।

**विजय सांपला बोले- सभी विभागों में खामियां**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने प्रदेश में दो दिन तक अनुसूचित जाति के अधिकारों को लेकर समीक्षा की। जयपुर में मीडिया से बात की। समीक्षा के बाद एससी कमिशन ने इस बात को माना कि प्रदेश में लगभग सभी विभागों में अनुसूचित जाति को जो लाभ और अधिकार मिलना चाहिए था वह नहीं मिला है। हर विभाग में खामियां है। अध्यक्ष विजय सांपला ने कहा कि आयोग ने अपनी पूरी टीम के साथ 2 दिन तक जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ में समीक्षा बैठक की है। 2 दिन की समीक्षा बैठक के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि अनुसूचित जाति को जो लाभ या उनके जो अधिकार हैं वह राजस्थान में नहीं मिल पा रहे हैं। सरकारी योजनाएं, अत्याचार निवारण संबधी एक्ट, केंद्र की योजना का लाभ इन सभी ने कमी मिली है। आयोग ने कहा कि मुख्य सचिव ने आश्वस्त किया है कि जो खामियां आयोग को मिली है। उन्हें अगले 3 महीने में दुरुस्त कर लिया जाएगा।

आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि देश में आज भी अनुसूचित जाति के लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। छुआछूत अभी भी हो रही है। राजस्थान में भी छुआछूत के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कई जिलों में इस तरह की घटनाएं ज्यादा है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी बच्चों के साथ इस तरह का भेदभाव नहीं हो इसके लिए एडवाइजरी जारी की गई है। टीचर्स को ट्रेनिंग के वक्त ही एक शपथ पत्र देना होगा जिसमें कि वह इस बात को लेकर आश्वस्त करेगी कि स्कूल में सभी बच्चों को समानता के साथ व्यवहार करेगा। उन्होंने कहा कि टीचर को पता होना चाहिए किस समरसता के खिलाफ प्रकरण हुआ तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने कहा कि जब स्टेट एक है और स्टेट के लिए नियम कानून भी एक तरह के हैं तो फिर कुछ जिलों में अनुसूचित जाति को उनके अधिकारों से क्यों छीना जा रहा है? विजय सांपला ने कहा कि समीक्षा में यह बात सामने आई कि टीएसपी एरिया एरिया में अनुसूचित जाति को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है।

# जयपुर रेलवे यार्ड के बाहर महिला से गैंगरेप

जयपुर, 25 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में 35 साल की एक महिला ने अपने साथ गैंगरेप का आरोप लगाया है।

पुलिस ने बताया है कि महिला का आरोप है कि जयपुर रेलवे यार्ड के नजदीक बुधवार की रात उनके साथ गैंगरेप किया गया है। पुलिस ने कहा है कि इस मामले में पीड़िता के पति ने रेलवे पुलिस के साथ शिकायत दर्ज करवाई है। उनका आरोप है कि वो लोग दिल्ली जा रहे थे, और अभी ट्रेन आने में कुछ समय बाकी था। उनकी पत्नी खाने का सामान लाने के लिए गई थीं।

इस दौरान एक युवक ने ट्रेन में रिजर्वेशन दिलवाने की बात कहकर उनकी पत्नी से संपर्क साधा। रिजर्वेशन दिलवाने का झांसा देकर वो उन्हें रेल यार्ड के समीप एक सुनसान जगह पर ले गया। वहां पहले से 3-4 लोग मौजूद थे। आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म किया। दूसरे लोगों ने भी महिला के साथ दुष्कर्म किया।

बताया जा रहा है कि पीड़िता महाराष्ट्र की रहने वाली हैं और छह महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी। उनके पति जयपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा है कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (डी) के तहत केस दर्ज किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# अहंकार पतन का द्वार : साध्वी त्रिशला कुमारी

## पर्युषण महापर्व का तीसरा दिन सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया




हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आचार्य श्री महाश्रमणजी की विदुषी सुशिष्या कार्य साध्वी श्री त्रिशला कुमारी जी के पावन सान्निध्य में पर्युषण महापर्व के तीसरा दिन सामायिक दिवस के रूप में आयोजित किया गया। सामायिक दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में स्थानीय तेयुप के तत्वाधान में 'अभिनव सामायिक' का आयोजन किया गया। तेयुप अध्यक्ष वीरेंद्र घोषल ने आगन्तुकों का स्वागत किया। साध्वी सम्प्रति प्रभा जी ने त्रिपदी वंदना ध्यानयोग आदि के प्रयोग करवाये। कार्यक्रम का शुभारंभ बिकानेर गंगाशहर चोखला के भाई-बहनों के मंगल संज्ञान से हुआ। साध्वी रश्मिप्रभा जी ने सामायिक की महत्ता को उजागर करते हुए अपने सारगर्भित विचारों की प्रस्तुति दी। भव परम्परा से गुजरते महावीर के जीवन को बहुत ही रोचक व आकर्षक शैली में प्रस्तुत करते हुए साध्वी श्री त्रिशला कुमारी जी ने कहा कि अहंकार हथौड़ा है और विनम्रता चाबी है। हथौड़ा ताले को तोड़ता है और चाबी ताले को खोलती है। ताले पर हथौड़ा लगने से ताला बेकार हो जाता है।

ताले मे चाबी लगने से वो हमारी सुरक्षा का साधन बन जाती है। हमें हथौड़ा बनना है या चाबी ये हमारे पर निर्भर है। साध्वी श्री जी ने बताया कि कैसे भगवान महावीर की आत्मा ने तीसरे भव में अहंकार करके नीचगौत्र का बंध कर लिया। अभिनव सामायिक के इस कार्यक्रम में तेयुप हैदराबाद अध्यक्ष विरेंद्र घोषल ने पधारे हुए सभी संस्थाओं के पदाधिकारी गण, अभातेयुप सदस्य, टीम तेयुप, एवम श्रावक श्राविकाओं का स्वागत किया। अभातेयुप सदस्य अभिनंदन नाहटा, मनीष पटावरी, पुर्व अध्यक्ष लक्ष्मीपत बैद, राजेंद्र बोथरा, नवीन सुराणा, श्रवण कोठारी, राहुल श्यामसुखा, प्रवीण श्यामसुखा, सेवा प्रकोष्ठ प्रेम बेंगानी, उपाध्यक्ष विनोद दुगड़, प्रमोद भंडारी, मंत्री नीरज सुराणा, सह मंत्री नवीन लुनिया, मनीष बुच्चा, संगठन मंत्री निर्मल दुगड़, कोषाध्यक्ष राहुल गोलछा व समस्त युवा शक्ति उपस्थित रही। तेरापंथ सभा, महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति आदि सभी सहयोगी संस्थाओं ने साथ मिलकर अभिनव सामायिक के इस महत्वपूर्ण उपक्रम को सफलतम बनाया।

## श्री आई माताजी का 607वें अवतरण दिवस व 8वाँ वार्षिकोत्सव 29 को

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज शमशाबाद पैदा शाहपुर तांडा स्थित श्री आई माता मंदिर में श्रीआई माताजी का अवतरण दिवस को मनाने के लिए आमसभा बुलाई गई जिसमें सर्वसम्मति से श्री आई माताजी के 607वें अवतरण दिवस अर्थात सीरवी समाज शमशाबाद बडेर का 8वाँ वार्षिकोत्सव भादवा सुदी बीज महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत अध्यक्ष आशाराम गहलोत एवं सचिव भूराराम परिहार ने सीरवी समाज शमशाबाद बडेर के समस्त स्वजातीय बंधुओं एवं धर्म प्रेमी सज्जनों से सादर अनुरोध किया गया कि रविवार 28 अगस्त शाम 7:15 बजे माताजी की पूजा अर्चना और आरती, 7:30 से भोजन प्रसाद, 9:15 से विशाल भजन संध्या सुप्रसिद्ध गायक भजन कलाकार विशनारामजी सुथार एंड पार्टी (पटाऊ) बालोतरा भजन गायक के द्वारा संपूर्ण रात्रि भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दी जाएगीं। मध्य रात्रि 11:30 बजे से बोलियों का कार्यक्रम होगा। सोमवार, 29 अगस्त को सुबह 9:15 बजे से बोली दाताओं द्वारा माताजी की विशेष पूजा अर्चना आरती होगी, 10:30 से बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, सभी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा, 11:30 से धर्म सभा में अतिथियों का स्वागत और मुख्य अतिथि एम. के. सिंह, डीआईजी, सीआईएसएफ (सीएसएओ) एयरपोर्ट, शमशाबाद एवं विशेष अतिथि हरजीराम काग (अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना के प्रांतीय अध्यक्ष) सचिव द्वारा आम सभा को संबोधित करना कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी सीरवी समाज शमशाबाद के मिडिया प्रभारी भीकाराम उर्फ भूपेन्द्र काग ने दी।

## मंत्री व जिलाधीश ने किया कलेक्टेट परिसर का निरीक्षण



निर्मल, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। न, पर्यावरण, न्याय एवं कानून विभाग मंत्री अल्लोला इंद्रकरन रेड्डी, जिला प्रशासक मुशर्रफ फारूकी, अपर कलेक्टर हेमंत बोरकड़े, रामबाबू, नगर अध्यक्ष ईश्वर ने जिला एकीकृत कलेक्टर कार्यालय भवन परिसर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री ने अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ पूरे नए कलेक्टेट परिसर का दौरा किया. कलेक्टर के कक्ष, अपर समाहर्ता, बैठक हॉल और सरकारी विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। बाद में उन्होंने भवन परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण, बागवानी, अप्रोच रोड और अन्य कार्यों की जानकारी ली। वहां निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ करने और उसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को तीन महीने के भीतर भवन का निर्माण पूरा कर उद्घाटन समारोह के लिए तैयार करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में आर एंड बी विभाग के अधिकारी अशोक, सिंचाई अधिकारी रामा राव, इंजीनियरों, कर्मचारियों और अन्य ने भाग लिया।

## अभा सीरवी महासभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत समारोह व प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना प्रान्त की कार्यकारिणी के जुलाई महीने में चुनाव हुए, जिसमें अध्यक्ष हरजीराम काग व सचिव सोहनलाल हाम्बड़, उपाध्यक्ष प्रथम हुकमाराम सेपटा, उपाध्यक्ष द्वितीय माणकचंद गेहलोत, सहसचिव गिरधारीलाल काग व कोषाध्यक्ष प्रभुराम हाम्बड़ चुने गये व पूरी कार्यकरणी का गठन किया गया। उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना के प्रान्तीय अध्यक्ष हरजीराम काग द्वारा दी गई। उसके उपलक्ष्य में सीरवी समाज बडेर, शमशाबाद द्वारा स्वागत समारोह व राजस्थानी प्रवासी सम्मेलन शमशाबाद बडेर में रखा गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुप में अखिल भारतीय सीरवी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पाली लोकसभा के वर्तमान सांसद पी.पी. चौधरी पधार रहे है। मंगलवार 30 अगस्त को अपराह्न 3 बजे शमशाबाद बडेर शापुर टांडा में रखा गया है। सीरवी समाज बडेर, शमशाबाद ने सभी राजस्थानी समाज के बन्धुओं व माताओं बहिनों से अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## मां संतोषी द्वारा भाग्यनगर में भागवत कथा 10 नवंबर से



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। समस्त डालमिया परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आगामी 10 नवंबर से 16 नवंबर तक गोशामहल पुलिस ग्राऊंड में आयोजित कीया जाएगा। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर माँ संतोषी माताजी" हरिद्वार, व्यासपीठ पर विराजित होकर अपनी अमृतवाणी द्वारा कथा पीयुष का रसास्वादन करायेंगी। भागवत कथा के भव्य आयोजन हेतु एक सभा आज डालमिया कार्यालय, गोलीगुड़ा चमन में की गई। शिव कुमार डालमिया ने बताया कि भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से साय 6.30 बजे तक होगी। कथा के प्रभा में सुप्रसिद्ध भजन सम्राट जयपुर निवासी विजय कुमार भजन प्रस्तुत करेंगे। 10 नवंबर को प्रातः गोशामहल हनुमान मंदिर से कलश यात्रा के साथ भागवत को गाजे बाजे के साथ गोशामाहल ग्राउंड ले जाया जाएगा। प्रतिदिन भागवत कथा के पश्चात सभी भक्तों के लिया प्रसाद भोजन की व्यवस्था रहेगी। सभा में शिव कुमार डालमिया, प्रमोद कुमार डालमिया, पवन कुमार डालमिया, मनोज कुमार डालमिया, शशिकांत अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, दिलीप कुमार, दिनेश बडे गाँव वाले (मिट्ठू भाई),हरिशडागा ने अपने विचार रखे। भागवत कथा को व्यस्थित करने हेतु श्याम अग्रवाल, आशीष, अंकूर, नकुल, निपुण, आशुतोष, ऋषभ, सिद्धार्थ, सोहम,गौरव, ऋष्णा, वैजयन्ती डालमिया, पूजा डालामया, अल्का डालमिया, उमा, प्रियंका, सोनिया, मीनू, रुचिका, श्रुति डालमिया आदि अपनी सेवा प्रदान करेंगे।

## साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें अधिकारी व कर्मचारी : राकेश जायसवाल



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जामबाग संभाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने अपने क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर मिल रही शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए घर-घर जाकर कचरा संग्रहण के संबंध में नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में संभाग के जीएचएमसी अधिकारी व कर्मचारियों के साथ वार्ड स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।

उन्होंने कहा कि हर दिन प्रातः काल में सभी क्षेत्र स्वच्छता बनाये रखेने के लिए कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि जैसे मेरे क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त संध्या, सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत रेड्डी, पर्यावरण विशेषज्ञ चंद्रशेखर, स्वच्छता पर्यवेक्षक अशोक कुमार द्वारा इसमें स्वच्छता क्षेत्र सहायकों ने भाग लिया। इसमें जीएचएमसी गोशामहल सर्कल-14 के साथ रामकृष्ण, राजू यादव, विशाल, नरसिंह, जगपति, रवि आदि ने भाग लिया।



**पू.साध्वी लक्ष्यलीनाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा की निश्रा में काचीगुडा स्थित श्री अचलगच्छ जैन संघ संचालित जिनेश्वरधाम में पर्युषण महापर्व के अवसर पर निकाली गयी कल्पसूत्र (पोथाजी) के वरघोडा में उपस्थित लाभार्थी ज्योति खुशाल हरिया परिवार। साथ मं हैं रमणीक नागडा, रतिलाल छेडा, हेमांग मोमाया, अनीश छेडा, रिद्धीश जागरीदार, दिनेश गोसर, प्रेमचंद छेडा, मणिलाल सावला, प्रवीण काराणी, कीर्ति संघवी एवं अन्य।**

## सीरवी समाज ट्रस्ट शेरीलिंगमपल्ली का नवाँ वार्षिकोत्सव 29 को

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगपल्ली स्थित पी.जे.आर इन्केलेव श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सान्निध्य में श्री आईमाताजी के 607वें अवतरण दिवस व नवाँ वार्षिकोत्सव के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम भव्यरुप से आयोजित किये जाएंगे। अध्यक्ष मनोज वरपा व विनोद गेहलोत ने बताया कि रविवार 28 अगस्त प्रात: वेला में श्री आईमाताजी मंदिर को विशेष फूलों व लाईटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगारकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे भंवर सीरवी एंड पार्टी श्री आईमाँ के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज को प्रात: 9.15 बजे पूजा-अर्चना, गणेश वंदना व महाआरती के पश्चात् समाज बन्धु माई के चरणों मे श्रीफल भेंटकर श्रद्धा के पुष्प अर्पित करेंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष द्वारा सभा की अध्यक्षता, पधारे अतिथियों का सम्मान, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय एवं सचिव महोदय द्वारा कार्यो का विवरण, अध्यक्ष द्वारा सम्बोधन भाषण, पधारे समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। महाआरती के पश्चात् कार्यक्रम का समापन्न होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे अध्यक्ष मनोज वरपा, हनुमानराम चोयल, विनोद गेहलोत, महिला अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत, शांति पंवार, कविता परमार, पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सभी सदस्य पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेंगे।

## एक शाम गौमाता के नाम का विशाल जागरण आज

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी स्थित श्री आई माताजी मंदिर बडेर प्रांगण में श्री गोपाल गौ सेवा समिति सदाशिवपेट द्वारा आयोजित एक शाम गौमाता के नाम का भव्य विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौ सेवा समिति के अध्यक्ष मेघराज लोया और सचिव पीताराम चौयल ने बताया की एक शाम गौमाता के नाम का जागरण में मुख्य भजन सम्राट एंव गौभक्त ओमजी मुंडेल व मुकेशजी वैष्णव द्वारा गौमाता के भजनों की बौछार करेंगे। कार्यक्रम के तहत मंदिर परिसर में गजमागति लाइटों की रोशनी से और पंडाल में फूलों द्वारा मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया और उन्होंने बताया की भक्तों के वाहनों की पार्किंग वेवस्था के लिए टीमों का अलग अलग गठन किया गया है और पधारे हुए सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी की वेवस्था मंदिर के पास गौकुल गार्डन फंक्शन हॉल किया जाएगा।

## विनोद कुमार ने करीमनगर में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का वितरण शुरू किया



करीमनगर, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीएस योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष बी. विनोद कुमार ने शुक्रवार को करीमनगर कस्बे में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के वितरण का शुभारंभ किया। आगामी गणेश उत्सव के लिए मिट्टी की मूर्तियों की पूजा करके पर्यावरण की रक्षा के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए, विनोद कुमार ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से पूरे करीमनगर संसदीय क्षेत्र में 10,000 मिट्टी की मूर्तियों को वितरित करने का निर्णय लिया है।

अभियान के तहत विनोद कुमार ने करीमनगर के मेयर वाई. सुनील राव और एमएलसी पाडी कौशिक रेड्डी के साथ शुक्रवार को यहां प्रतिमा मल्टीप्लेक्स में आयोजित एक कार्यक्रम में मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का वितरण शुरू किया। मिट्टी की मूर्तियों के अलावा, डीआरडीओ द्वारा मक्के के आटे से बने बायोडिग्रेडेबल स्टार्च बैग भी वितरित किए गए। प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) और प्लास्टिक बैग से बनी मूर्तियों को हतोत्साहित करने के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करने वाला एक पोस्टर भी जारी किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विनोद कुमार ने बताया कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के निर्देशों का पालन करते हुए तेलंगाना राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पिछले पांच महीनों के दौरान कई लाख मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं तैयार कर रहा है। उन्हें त्योहार के लिए लोगों को वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम के अधिकारी और अन्य लोग भी लोगों को मिट्टी की मूर्तियों का नि:शुल्क वितरण करेंगे.

उन्होंने लोगों से पीओपी मूर्तियों और प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग को हतोत्साहित करने की अपील करते हुए जनता को केवल कपड़े के थैले और स्टार्च बैग ले जाने की सलाह दी, जो बहुत जल्द बाजार में उपलब्ध कराए जाएंगे। टीआरएस नेता एडा शंकर रेड्डी, नगरसेवक गुग्गिला जयश्री, गंडे माधवी, गंता कल्याणी, वाला रमण राव, कमसाला श्रीनिवास, बंडारी वेणु, इलेंद्र यादव, बुची रेड्डी और अन्य भी उपस्थित थे।




**नगर पधारे भाजपा सांसद नरेंद्र खीचड़ का हिन्दू सेवा संघ कार्यालय में स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिन्दू सेवा संघ अध्यक्ष एवं मोदी विचार मंच के चेयरमैन प्रमोद मोदी ने सांसद से हैदराबाद से झुंझुनूं के लिए रेल सेवा प्रतिदिन करने के आग्रह किया। सांसद ने आश्वासन दिया कि वे रेल मंत्री से मिलकर इस संदर्भ में बात करेंगे।**



**मदनूर में स्थानीय किसानों द्वारा बड़ी भक्ति भाव से पोला त्यौहार मनाया गया। इस समय इस त्योहार के आयोजक राजू पटेल, स्थानीय सरपंच सुरेश दरासवार, उप सरपंच विट्ठल के साथ किसान व गांव के लोग उपस्थित थे।**

## इंटर सीपीएसयू टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, विद्युत मंत्रालय, सरकार के सहयोग से पावरग्रिड भारत सरकार द्वारा आज लाल बहादुर शास्त्री इंडोर स्टेडियम, एबिड्स में 25वें इंटर सीपीएसयू (सेंट्रल पावर सेक्टर अंडरटेकिंग्स) टेबल टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। यह टुर्नामेंट 28 अगस्त तक आयोजन होगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राजेश श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (दक्षिणी क्षेत्र- I), विशिष्ट अतिथि सुश्री निकहत बानो, तेलंगाना की टीटी खिलाड़ी और तेलंगाना टेबल टेनिस संघ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी केके माहेश्वरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत, उपाध्यक्ष टूर्नामेंट निदेशक सहित पावरग्रिड के अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए राजेश श्रीवास्तव ने सभी बिजली क्षेत्र के खिलाड़ियों का स्वागत किया और टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बधाई दी और इस अवसर पर सम्मानित अतिथि और हैदराबाद में टूर्नामेंट आयोजित करने के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए तेलंगाना टीटी एसोसिएशन को धन्यवाद दिया। सुश्री निखत बानो ने शुभकामनाएं दीं और उन्हें टूर्नामेंट में खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संगठनों से खिलाड़ियों और खेलों में उनकी उपलब्धि को पहचानने का भी आग्रह किया ताकि संगठनों को और अधिक सम्मान दिलाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके और उनका समर्थन किया जा सके।

## तेलंगाना वैष्णव समाज का आठवां वार्षिकोत्सव व हरियाली सावन की सैर कल

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दम्माईगुडा स्थित श्री वैष्णवधाम राम मंदिर में तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल पदाधिकारियों व समाज बन्धुओं के सानिध्य में हरियाली सावन की सैर एवं आठवां वार्षिकोत्सव रविवार 28 अगस्त प्राईड रिसोर्ट घटकेसर मे भव्यरुप से आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष विष्णु रामावत व संतोष टीलावत ने संयुक्तरुप से बताया कि आठवां वार्षिकोत्सव व सावन की सैर घटकेसर स्थित प्राईड रिसोर्ट मे मनाने के लिए आम मीटिंग आयोजितकर विचार-विमर्श किया गया। आठ वर्ष पूर्ण होने की खुशी मे समाज बन्धुओं के लिए अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, इनडोर-आउटडोर गेम, वॉटर गेम, खेल-कूद, महिलाओं के लिए गेम, समाज के मेधावी छात्रों व समाज के भामाशाहों एवं कार्यक्रम मे पधारे अतिथियों का विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

अवसर पर कोषाध्यक्ष पिछले साल का लेखा-जोखा प्रस्तुतकर समाज को मजबूत व नयी ऊंचाईयों की ओर ले जाने के लिए नयी कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज के कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। सभा में विशेषरुप से समाज के महासंरक्षक भंवरलाल अग्रावत, मोतीलाल, जगदीशप्रसाद, बाबुलाल, संतोषकुमार टीलावत, ओमप्रकाश, जेठुदास, सीताराम, नन्दकिशोर, महिला अध्यक्षा निर्मलादेवी, विशेष सहयोगी रेखा रामावत, पदाधिकारी व समाज बन्धु उपस्थित रहे।

## हिंदी महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान आज

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी महाविद्यालय में शनिवार 27 अगस्त को प्रातः 11 बजे नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने बताया कि प्रो. एस. जीलानी, भूतपूर्व सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दक्षिणांचल एवं निदेशक, डिस्टेंस वर्चुअल लर्निंग, हैदराबाद विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान देंगे। उन्होने बताया कि इस व्याख्यान में सभी आमंत्रित हैं






**बोग्गुलकुंटा के अम्मावरी मंदिर में आयोजित अन्नदान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोशामहल के वरिष्ठ टीआरएस नेता एम. आनंद कुमार गौड़ ने भाग लिया। मंदिर समिति ने लगभग 1500 लोगों के लिए प्रसाद का आयोजन किया। अन्नदान कार्यक्रम में राजू यादव, पृथ्वीराज यादव, सतीश, टिल्लू, शेखर, वेणु, कृष्णा, गोपी, वेंकटेश, चित्ती, राजू यादव, चित्ती यादव, प्रकाश यादव आदि ने भी भाग लिया।**

## अतिरिक्त एसपी ने कोत्तागुडेम के ओएसडी के रूप में कार्यभार संभाला



कोत्तागुडेम, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी. साई मनोहर ने शुक्रवार को यहां विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद ओएसडी ने पूर्व वारंगल जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. विनीत मनोहर से शिष्टाचार भेंट की। मनोहर को पहले 1996 बैच में पुलिस उप निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था और बाद में 2007 में पुलिस निरीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया था। उन्होंने करीमनगर जिले के कई पुलिस थानों में अपनी सेवाएं दीं। 2013 में उन्हें डीएसपी के रूप में पदोन्नत किया गया और हैदराबाद और महबूबनगर जिलों में काम किया। राज्य सरकार ने हाल ही में उन्हें एडिशनल एसपी बनाया है।

# सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास

## विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल में देश को पहला पदक दिलाया




टोक्यो, 26 अगस्त (एजेंसियां)। जापान की राजधानी टोक्यो में भारत के सात्विकसाईराज रेड्डी और चिराग शेट्टी ने कमाल किया है। भारतीय जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में अपना पदक पक्का कर लिया है। ये पहली भारतीय जोड़ी है, जिसने पुरुष युगल में पदक पक्का किया है। विश्व में सातवीं रैंकिंग वाले सात्विक-चिराग ने विश्व की नंबर दो जोड़ी टकुरो होकी और युगो कोबायशी को क्वार्टर फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया है। भारतीय जोड़ी ने इस मुकाबले में जापानी जोड़ी को 24-22 15-21 21-14 के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है और अपना पदक पक्का कर लिया है।

इसी महीने की शुरुआत में देश के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली जोड़ी ने इस मुकाबले में कमाल का प्रदर्शन किया। एक घंटे 15 मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने जापानी जोड़ी को उनके घरेलू मैदान पर हरा दिया। इस टूर्नामेंट में इन दोनों से पहले कोई भी जोड़ी पुरुष युगल में पदक नहीं जीत पाई थी। हालांकि, महिला युगल में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने 2011 में जरूर देश को पदक दिलाया था। अब इस भारत को इस प्रतियोगिता में दूसरा पदक मिला है।

### संघर्ष के दम पर जीता मुकाबला

इस मैच में शुरुआत से ही दोनों जोड़ियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। अंत में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 24-22 के अंतर से अपने नाम किया। दूसरे गेम में जापानी जोड़ी ने बेहतरीन वापसी की और 21-15 के अंतर से यह गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम के बाद लग रहा था कि भारतीय जोड़ी वापसी नहीं कर पाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सात्विक-चिराग ने तीसरा गेम 21-14 के अंतर से जीत लिया और अपना पदक पक्का कर लिया।

इससे पहले, एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी को तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान के खिलाफ पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों ने इस टूर्नामेंट में कई सनसनीखेज जीत हासिल की थी। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की जोड़ी ने 30 मिनट से भी कम समय में 8-21, 14-21 के अंतर से हरा दिया। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय जोड़ी का सफर खत्म हो गया।

भारतीय जोड़ी ने इससे पहले दूसरे दौर में डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन को मात दी थी।

## दलीप ट्रॉफी में वेस्ट जोन की कप्तानी करेंगे अजिंक्य रहाणे

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे 8 से 25 सितंबर तक तमिलनाडु में होने वाली दलीप ट्रॉफी में वेस्ट जोन की कप्तानी करेंगे। कमर की चोट से उबर रहे रहाणे दलीप ट्रॉफी के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। वेस्ट जोन की टीम में पृथ्वी शॉ और शार्दुल ठाकुर जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के अलावा यशस्वी जायसवाल, शम्स मुलानी, हार्दिक तमोर और तनुश कोटियन जैसे उभरते सितारों को भी शामिल किया गया है।

इनके अलावा सौराष्ट्र से, अनुभवी जयदेव उनादकट को भी चुना गया है, जबकि राहुल त्रिपाठी, जिन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है, को भी वेस्ट जोन की टीम में शामिल किया गया है। सेंटर जोन ने भी अपनी टीम की घोषणा की और मध्य प्रदेश की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम के अधिकांश सितारे टीम में हैं, जिनमें यश दुबे, शुभम शर्मा, कुमार कार्तिकेय के साथ-साथ ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर भी शामिल हैं।

# आईसीसी ने स्मृति मंधाना को अपनी '100 प्रतिशत क्रिकेट सुपरस्टार' सूची में शामिल किया



दुबई, 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना शुक्रवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की '100 प्रतिशत क्रिकेट सुपरस्टार' सूची में युवा सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा के साथ शामिल हो गई हैं।

शैफाली वर्मा, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, वेस्ट इंडीज की हैली मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्डट '100 प्रतिशत क्रिकेट सुपरस्टार' टीम महिला खिलाड़ीं बनीं।

26 साल की मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने के करीब हैं। उन्होंने खुद को दुनिया भर में सबसे पूर्ण प्रारूप वाली खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित किया है। मंधाना ने 74 एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिसमें 42.52 की औसत से 2,892 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। टी20 क्रिकेट में, उनके नाम 92 मैचों में 2,192 रन हैं, जिसमें 16 अर्धशतक शामिल हैं। मंधाना ने चार टेस्ट भी खेले हैं और इस प्रारूप में एक शतक और दो अर्धशतक जड़े हैं।

मंधाना भारतीय महिला क्रिकेट में एक कप्तान के रूप में भी उभरी हैं। उनकी निरंतरता ने उन्हें 2021 आईसीसी महिला क्रिकेटर आफ द ईयर के रूप में नामित किया है, जबकि आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिंग में वह क्रमशः एक दिवसीय और टी20 में बल्लेबाजों के लिए 10वें और चौथे स्थान पर हैं।

## एशिया कप का आगाज कल से

# 6 टीम 15 दिन में खेलेंगी 13 मुकाबले, 11 सितंबर को फाइनल

दुबई, 26 अगस्त (एजेंसियां)। चार साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एशिया कप का आयोजन किया जा रहा है। 27 अगस्त से क्रिकेट के इस महासंग्राम का आगाज होगा। पहला मुकाबला अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। फाइनल 11 सितंबर को होगा। आइए, आपको इस मेगा टूर्नामेंट के बारे में वह सब कुछ बताते हैं जिन्हें जानने के बाद एशिया कप को लेकर आपके रोमांच में और भी इजाफा होगा।




**सबसे पहले एशिया कप का इतिहास**

एशिया कप की शुरुआत साल 1984 में हुई थी। पहली बार ये टूर्नामेंट यूएई में खेला गया था। टीम इंडिया पहली बार इस मेगा टूर्नामेंट की चैंपियन बनी थी। अब तक कुल 14 बार इसका आयोजन हो चुका है। जिसमें सबसे ज्यादा 7 बार भारत ने ट्रॉफी अपने नाम की है। वहीं, श्रीलंका ने 5 बार ये ट्रॉफी जीती है।

**कितनी बार टी-20 फॉर्मेट में आयोजित हुआ है एशिया कप?**

साल 2016 में सिर्फ एक बार टी-20 फॉर्मेट में एशिया कप का आयोजन बांग्लादेश में किया गया था। टी-20 वर्ल्ड कप 2016 की तैयारी को देखते हुए इस एशिया कप को टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था। इस एशिया कप में टीम इंडिया ने फाइनल में बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया था। इस साल भी टी-20 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में उसकी ही तैयारी के लिए एशिया कप का आयोजन टी-20 फॉर्मेट में किया जा रहा है।

**कौन होगा होस्ट?**

एशिया कप का आयोजन यूएई में किया जा रहा है, लेकिन इसका होस्ट श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड होगा। पहले श्रीलंका में ही इसका आयोजन होना था, लेकिन श्रीलंका के राजनीतिक और आर्थिक हालात खराब होने कारण इसे यूएई में शिफ्ट कर दिया गया।

**एशिया कप का सबसे सफल खिलाड़ी कौन है?**

एशिया कप के सबसे सफल खिलाड़ियों की बात करें तो श्रीलंका के सनथ जयसूर्या ने 25 मैचों में 1220 रन बनाए हैं। वहीं, श्रीलंका के ही लसिथ मलिंगा सिर्फ 14 मैचों में 20.55 की औसत से कुल 29 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं।

**कितनी टीमें भाग लेंगी?**

एशिया कप 2022 में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टीमों को 3-3 के दो ग्रुप में बांटा गया है। पूरे टूर्नामेंट में 13 मैच खेले जाएंगे।

**ग्रुप 1:** भारत, पाकिस्तान और हांगकांग

**ग्रुप 2:** श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश

**कौन सी टीमें जीत सकती हैं एशिया कप?**

भारत, पाकिस्तान की टीम इस मेगा टूर्नामेंट को जीतने की सबसे बड़ी दावेदार है। 2018 में जब आखिरी बार ये टूर्नामेंट खेला गया था, तब टीम इंडिया चैंपियन बनी थी। पाकिस्तान की टीम भी इस बार मजबूत लग रही है। टीम के पास बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं, टीम इंडिया के पास विराट कोहली, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी किसी मैच का पासा पलट सकते हैं।

**एशिया कप में कितनी बार भिड़े हैं भारत-पाकिस्तान?**

भारत और पाकिस्तान 1984 से 2018 तक एशिया कप में एक-दूसरे के खिलाफ 14 बार खेल चुके हैं। एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। बाकी के 13 मैचों में भारत ने 8 बार और पाकिस्तान ने 5 मैच जीते हैं।

**कहां देख सकते हैं मुकाबला?**

स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के पास एशिया कप 2022 के प्रसारण अधिकार हैं। टूर्नामेंट के सभी मैचों का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स के विभिन्न चैनलों पर किया जाएगा। टूर्नामेंट की लाइव स्ट्रीमिंग हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर होगी। वहीं, हर मैच की पल-पल की जानकारी आपको दैनिक भास्कर ऐप पर भी मिलेगी।

## दुबई में अफगानिस्तान ने जीते हैं भारत से ज्यादा टी20 मैच

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2022 के मुकाबले 27 अगस्त से शुरू होने हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाना है। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इसी मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच से भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला भी शाम 7:30 बजे से खेला जाना है। इस टी20 टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और हॉन्गकॉन्ग की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अब तक 75 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इनमें से सबसे ज्यादा मैच पाकिस्तान ने खेले और जीते हैं। भारत ने इस मैदान पर कुल 4 मैच खेले हैं। इसमें से उसे 2 में ही जीत हासिल हुई है। इस तरह उसका इस मैदान पर सक्सेस रेट 50% है। हालांकि, टीम इंडिया का इस मैदान पर सक्सेस रेट पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों से कम है, जबकि हॉन्गकॉन्ग के बराबर है।

## प्रो कबड्डी लीग का नौवां सीजन 7 अक्टूबर से शुरू



मुंबई, 26 अगस्त (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कहा कि प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का नौवां सीजन सात अक्टूबर से शुरू होकर दिसंबर के मध्य तक चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगिता का लीग चरण बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में होगा।

दबंग दिल्ली केसी गत चैंपियन के रूप में प्रतियोगिता में प्रवेश करेगी, जिसने पीकेएल का आठवां सीजन जीता था, यह उनका पहला खिताब था जबकि पटना पाइरेट्स उपविजेता रहा था। प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, मशाल स्पोर्ट्स ने कबड्डी के स्वदेशी खेल को खेल प्रशंसकों की दुनिया में ले जाने के टदृष्टिकण के साथ वीवो प्रो कबड्डी लीग की यात्रा शुरू की। हम इस लक्ष्य में प्रभावशाली सफलता हासिल करना जारी रखेंगे, जैसा कि इस साल की शुरूआत में वीवो पीकेएल सीजन 8 द्वारा सिद्ध किया गया था जो एक व्यापक बायो-बबल में आयोजित हुआ था। गोस्वामी ने कहा कि लीग का नौवां सीजन प्रशंसकों को तीनों स्थल शहरों के स्टेडियमों में प्रवेश करने की अनुमति देगा। पीकेएल का आठवां सीजन व्हाइटफील्ड, बेंगलुरु स्थित शेरेटन ग्रैंड होटल और कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था।

लीग के आयोजकों ने कहा कि आने वाले हफ्तों में पीकेएल के सीजन नौ के लिए मैचों की जल्द घोषणा की जाएगी।

# मुहम्मद अली-स्टीफन करी से हुई सेरेना विलियम्स की तुलना

*दिग्गज बोले-सेरेना ने दुनिया भर की महिलाओं और लड़कियों को प्रेरित किया*




न्यूयॉर्क, 26 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी स्टार सेरेना विलियम्स टेनिस से संन्यास लेने वाली हैं। 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना इसका ऐलान कर चुकी हैं वे जल्द की कोर्ट को अलविदा कह सकती हैं। न्यूयार्क में 29 अगस्त से शुरू हो रहा साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है।

ऐसे में टेनिस के पूर्व दिग्गजों ने सेरेना की तारीफ करते हुए उनकी तुलना महान मुक्केबाज मुहम्मद अली से की है। रिटायर्ड अमेरिकी टेनिस स्टार जॉन मैकनरो और क्रिस एवर्ट ने कहा कि मुहम्मद अली की तरह ही सेरेना विलियम्स भी खेल के महानतम दिग्गजों में से एक हैं। यूएस ओपन के लिए ईएसपीएन पर कमेंट्री की जिम्मेदारी संभालने से पहले एवर्ट ने 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना की सराहना की। 18 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन एवर्ट ने कहा, 'उनका इस खेल पर काफी प्रभाव है। वे खेल में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आईं और उन्होंने दुनियाभर में लड़कियों और महिलाओं को खेलने के लिए प्रेरित किया। यह बताता है कि वे कितनी बड़ी स्टार हैं। जो चीज मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह यह है कि उन्होंने किस तरह टेनिस कोर्ट के बाहर भी असर डाला। उन्होंने युवा महिलाओं को अपनी ताकत में विश्वास रखने, अपने मन की बात कहने, निडर होने के लिए प्रेरित किया।'

एवर्ट ने विलियम्स को दूसरों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा, 'वे कोर्ट से बाहर बहुत प्रेरणादायक रही हैं। कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड, उनकी ताकत, उसकी मानसिक दृढ़ता जाहिर है, लेकिन उनकी निडरता ने मुझे वास्तव में प्रभावित किया है। उन्होंने टेनिस या जीवन में कभी कोई सीमा निर्धारित नहीं की है।' जब इस साल के यूएस ओपन की बात आई, तो एवर्ट ने चेतावनी दी 'उन्हें कम मत समझो' लेकिन स्वीकार किया, दूसरे सप्ताह तक पहुंचना उनके लिए कठिन होने वाला है। जबकि मैकेनरो ने कहा, 'कुछ भी हो सकता है।'

**सेरेना ऑल टाइम ग्रेट प्लेयर : मैकनरो**

4 बार के यूएस ओपन चैंपियन मैकनरो ने सेरेना को सर्वकालीन महान खिलाड़ी का दर्जा दिया। उन्होंने कहा, 'सेरेना के बारे में आपको बस इतना कहना है कि उन्होंने खुद को उस स्थान पर पहुंचाया है, जहां बिली जीन किंग, मुहम्मद अली, माइकल जॉर्डन, टॉम ब्रैडी हैं।' मैकेनरो ने सेरेना की तुलना एनबीए के स्टीफन करी से की।

## कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में नहीं खेलने से निराश था : विवेक सागर प्रसाद

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद घुटने की चोट के कारण बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच में नहीं खेल सके थे। भारतीय टीम ने यह मुकाबला 7-0 से गंवा दिया था, जिसके बाद टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विवेक ने कहा, "मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में नहीं खेलने से निराश था। इतने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी बात होती है। फाइनल में पहुंचने के लिए एक अच्छा अभियान खेलना और फिर चोट के कारण फाइनल से बाहर होना मेरे लिए निराशाजनक था।"

उन्होंने कहा, मैं वास्तव में उस दिन अपनी टीम के लिए मैदान में रहना चाहता था। हालांकि, स्पोर्ट्स में ऐसा होता है। इसलिए, केवल एक चीज जो हम अभी कर सकते हैं, वह है आगे बढ़ना। विवेक का यह दूसरा राष्ट्रमंडल खेल था। 2018 में, गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेल में विवेक टीम के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

# हितों का टकराव : नीता अंबानी, सौरव गांगुली और विराट कोहली के खिलाफ मामले वापस

## एक ही शख्स ने की थी 21 शिकायतें




नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी से हितों के टकराव के मामले में लिखित जवाब मांगे जाने के 15 दिन बाद संजीव गुप्ता ने अपनी सभी शिकायतें वापस ले ली हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बीसीसीआई के आचरण अधिकारी और लोकपाल विनीत सरन से उनकी ओर से दायर सभी 21 लंबित मामलों को वापस लेने का अनुरोध किया।

अपनी शिकायत में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सदस्य गुप्ता ने कहा था कि नीता अंबानी आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस टीम की मालिक हैं। वह अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की निदेशक हैं। इसकी सहायक कंपनी वायाकॉम 18 ने आईपीएल मीडिया अधिकार हासिल किए हैं। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार यह हितों का टकराव है। ऐसे में सरन ने नीता अंबानी से दो सितंबर तक लिखित जवाब मांगा था। हालांकि, 21 अगस्त को गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को ईमेल किया। बीसीसीआई के आचरण अधिकारी और लोकपाल के अलावा मीडिया को भी यह कॉफी भेजा। उन्होंने अपने ईमेल में 20 अगस्त की एक घटना का हवाला दिया और कहा कि उन्होंने अपने "स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा" के लिए यह कदम उठाया।

संजीव गुप्ता ने जो मेल लिखा उसकी एक कॉफी इंडियन एक्सप्रेस के पास है। उसमें उन्होंने कहा, " 20 अगस्त 2022 को हुई घटना से मेरे स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ा है। इसके कारण मुझे अपनी स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए कानून, सुप्रीम कोर्ट के फैसले, लोढ़ा समिति की सुधार और बीसीसीआई संविधान को लेकर 6 और ½ साल के निस्वार्थ काम को छोड़ना पड़ रहा है। मजबूरी में मैंने अपनी लंबे समय से लंबित 21 तथ्यात्मक शिकायतों को वापस ले लिया है।"

**अंबानी के मामले की सुनवाई होगी या नहीं?**

संजीव गुप्ता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के अनुपालन न होने पर मामला उठाने से उन्हें रोकने के लिए अपमानित किया गया। उन्हें धमकी दी गई और उत्पीड़न भी हुआ। बीसीसीआई के एथिक्स ऑफिसर विनीत सरन को एक टेक्स्ट मैसेज भेजा गया, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या बीसीसीआई ने उनकी शिकायतों को स्वीकार कर लिया है? अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अंबानी के मामले की सुनवाई होगी या नहीं? संपर्क करने पर बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने गुप्ता के ईमेल से जुड़ी किसी भी बात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**विराट कोहली और एमएस धोनी का भी नाम**

जुलाई 2020 से दायर गुप्ता की लंबित 21 शिकायतों में 'हितों के टकराव' से लेकर 'बीसीसीआई के संविधान के उल्लंघन' तक का मामला उठाया गया था। इनमें विराट कोहली और एमएस धोनी का भी नाम था। इसके अलावा बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली पर चार शिकायतें, कोषाध्यक्ष अरुण धूमल पर दो, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और नीता अंबानी पर एक मामले थे।

# भारतीय रेलवे में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है दमरे : महाप्रबंधक

## 74वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न





हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन की अध्यक्षता में 74 वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक शुक्रवार को रेलवे ऑफिसर्स क्लब, सिकंदराबाद में आयोजित की गई। बैठक में संसद सदस्य, खम्मम नामा नागेश्वर राव समेत 41 जेडआरयूसीसी सदस्यों ने भाग लिया। जेडआरयूसीसी सदस्यों में राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य, छह मंडलों के डीआरयूसीसी (मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति) से निर्वाचित सदस्य, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वाणिज्य और व्यापार संघों के प्रधान चैंबर, पंजीकृत यात्री संघ, रेल मंत्री के विशेष रुचि वर्ग के तहत नामांकित सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर बोलते हुए श्री जैन ने कहा कि दक्षिण मध्य रेलवे पांच प्रदर्शन दक्षता शील्ड (2021-22) के साथ भारतीय रेलवे में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला है। उन्होंने कहा कि ज़ोन यात्री और माल यातायात खंडों में कई परिवर्तनकारी पहल कर रहा है। परिणामस्वरूप, ज़ोन ने अप्रैल-जुलाई 2022 के दौरान 43.5 मिलियन टन का प्रारंभिक माल लदान दर्ज किया है, जिससे 4048 करोड़ रुपए माल ढुलाई राजस्व में मिला है। यात्री मोर्चे पर, ज़ोन ने चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों यानी 2022-2023 के दौरान 1617 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करते हुए 78 मिलियन यात्रियों को वहन किया है। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि अंचल ने बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। इस संबंध में, जोन ने अकानापेट-मेदक नई लाइन परियोजना, भद्राचलम-सत्तुपल्ली नई लाइन परियोजना, सिकंदराबाद-महबूबनगर डबल लाइन परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जबकि गूटी-धर्मावरम दोहरीकरण परियोजना अंतिम चरण में है। मिशन विद्युतीकरण की दिशा में, ज़ोन ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 770 किमी का रिकॉर्ड विद्युतीकरण पूरा किया है, जो कि भारतीय रेलवे में किसी भी क्षेत्र द्वारा सबसे अच्छा प्रदर्शन है। महाप्रबंधक ने बताया कि जोन ने यात्रा करने वाली जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए 719 विशेष ट्रेनों का संचालन किया है और अतिरिक्त यात्रा सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न वर्गों के 5385 अतिरिक्त डिब्बों को नियमित ट्रेनों में जोड़ा गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि ट्रेन संचालन की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, कवच-आईआर की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली- को एससीआर रेल नेटवर्क के 1,454 किलोमीटर तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेल उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए, पहले चरण में निर्भया फंड के तहत दक्षिण मध्य रेलवे के 76 स्टेशनों पर वीडियो निगरानी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिसमें जोन के प्रमुख रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

श्री जैन ने बताया कि जोन ने तिरुपति और नेल्लोर रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया है। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए भी टेंडर जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर यात्री सुविधाओं का प्रावधान जोन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरे जोन में क्रमशः 51 स्टेशनों और 21 स्टेशनों पर 124 लिफ्ट और 66 एस्केलेटर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, महाप्रबंधक ने बताया कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को काफी बढ़ावा दिया गया है। क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में कैशलेस सुविधा शुरू की गई है, इसके अलावा, यूटीएस मोबाइल ऐप और एटीवीएम सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने जेडआरयूसीसी सदस्यों को आश्वासन दिया कि बैठक के दौरान व्यक्त किए गए उनके सुझावों और विचारों पर यात्री सुविधाओं और सेवाओं में सुधार के लिए योजना तैयार करते समय उचित विचार किया जाएगा। जेडआरयूसीसी के सदस्य चिन्नी गंगाधर राव को बैठक के दौरान राष्ट्रीय रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (एनआरयूसीसी) में दक्षिण मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया। बैठक में उप महाप्रबंधक (सामान्य) और सचिव जेडआरयूसीसी मुत्याला नायडू ने प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# तेलंगाना में बंडी संजय की पदयात्रा को रोकने की अपील

### सिंगल-जज बेंच के आदेश के खिलाफ अपील दायर

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश के एक दिन बाद, राज्य भाजपा प्रमुख बंडी संजय ने शुक्रवार को जनगांव जिले में अपनी प्रजा संग्राम यात्रा फिर से शुरू कर दी, जबकि राज्य सरकार ने पदयात्रा को रोकने के लिए अदालत में अपील दायर की है।

एकल-न्यायाधीश पीठ ने गुरुवार को पुलिस आदेश को निलंबित कर दिया जिसमें भाजपा को तुरंत पदयात्रा रोकने का निर्देश दिया गया था। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सरकार ने सिंगल-जज बेंच के आदेश के खिलाफ अपील दायर की है। सरकार का तर्क है कि पदयात्रा जारी रखने से शांति भंग हो सकती है। इसने अपील पर तत्काल सुनवाई की मांग की है। इस बीच, तीन दिनों के अंतराल के बाद, संजय ने स्टेशन घनपुर निर्वाचन क्षेत्र में पदयात्रा फिर से शुरू की। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक भी हैं। उन्होंने जनगांव जिले में यात्रा फिर से शुरू की जहां मंगलवार को उनकी गिरफ्तारी के बाद इसे रोक दिया गया। उच्च न्यायालय ने वर्धन्नापेट एसीपी द्वारा जारी नोटिस को निलंबित कर दिया, जिसमें जनगांव जिले में तनाव की स्थिति को देखते हुए भाजपा को तुरंत पदयात्रा रोकने के लिए कहा गया था। एसीपी ने कहा कि जिले में यात्रा की अनुमति नहीं है और नेताओं को चेतावनी दी कि अगर वे पदयात्रा जारी रखते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा ने नोटिस को अदालत में चुनौती दी थी, जिसने इसे असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था। पुलिस ने नोटिस में कहा था कि पदयात्रा के नाम पर भाजपा नेता भड़काऊ बयान दे रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने यह भी कहा कि धर्म दीक्षा के नाम पर अन्य जिलों से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं को लामबंद किया जा रहा है। पदयात्रा 27 अगस्त को वारंगल में एक जनसभा के साथ समाप्त होगी जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा संबोधित करेंगे। संजय ने टीआरएस सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए 2 अगस्त को तीसरे चरण की पदयात्रा शुरू की थी। यात्रा के तीसरे चरण में पांच जिलों- यादाद्री-भुवनगिरी, नलगोंडा, जंगों, हामनकोंडा और वारंगल में 325 किलोमीटर की दूरी तय की गई है।











> 25 सितंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच उप्पल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 मैच होना है। मैच, अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था की सूचना के लिए एचसीए अध्यक्ष मोहम्मद अजरुद्दीन और सचिव विजयानंद ने सीपी रचकोंडा महेश भागवत से आज मुलाकाता की। इस दौरान उन्होंने विशिष्ट सेवाओं के लिए सीपी को उनके राष्ट्रपति पदक के लिए सम्मानित किया।

## बच्चे ने मां को पीटने वाले पिता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

राजन्ना-सिरसिला, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक दिलचस्प घटना में, एक नौ वर्षीय लड़के ने पुलिस से संपर्क कर अपने पिता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जो अपनी मां को बार-बार नशे की हालत में पीटता था। अंबेडकरनगर स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ रहे सुनकपाका भरत ने लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करके सुबह मुस्ताबाद थाने में जाकर पुलिस से अपने पिता बालकृष्ण को सलाह देने का अनुरोध किया, जो अक्सर अपनी मां दीपिका को नशे की हालत में पीट रहे थे।

एसआई वेंकटेश्वरलू ने पूछताछ की तो लड़के ने बताया कि उसके पिता शराब के नशे में अपनी मां से अक्सर झगड़ते रहते थे और बात गंभीर होने पर मारपीट करते थे।

बालकृष्ण अपनी मां के बचाव में जाने पर अपनी बहन के साथ-साथ उसकी भी पिटाई करते हैं। लड़के ने एसआई से अपने पिता को काउंसलिंग देने की गुहार लगाई। लड़के के अनुरोध के आधार पर, एसआई वेंकटेश्वरलू ने जोड़े को पुलिस स्टेशन बुलाया और उन्हें बिना किसी झगड़े के शांतिपूर्ण जीवन जीने की सलाह दी। एसआई ने बिना किसी डर के उनके पास जाने के लिए लड़के की सराहना की और लोगों से कहा कि अगर उन्हें कोई समस्या है तो पुलिस से संपर्क करें।

# आंप्र 2027 तक प्लास्टिक मुक्त राज्य बनेगा : जगन

## प्रदेश सरकार ने विनाइल के बैनरों पर लगाया प्रतिबंध



विशाखापट्टनम, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश की सरकार ने प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को राज्यभर में विनाइल के बैनर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। मुख्यमंत्री वाई.एस.जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए इसके बजाय कपड़े के बैनर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यहां यूएस बेस्ड पार्लेज फॉर ओशन्स के साथ साझेदारी में बड़े पैमाने पर समुद्र तट की सफाई का कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास 2027 तक आंध्र प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाना है। विनाइल बैनर पर प्रतिबंध इस दिशा में पहला कदम है। हालांकि उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए कपड़े के बैनर का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया।

जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि मंदिर नगर तिरुमाला-तिरुपति में प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं क्योंकि लोग कपड़े की थैलियों का इस्तेमाल करने लगे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार ने 'पार्ले फॉर ओशन्स एंड ग्लोबल अलायंस फॉर सस्टेनेबल प्लेनेट' समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। महासागरों के लिए पार्ले ने समुद्र तट की सफाई अभियान का नेतृत्व किया जिसे दुनिया में इस तरह का सबसे बड़ा अभ्यास माना जाता है। विशाखापत्तनम से भीमिली तक बंगाल की खाड़ी के साथ 23 किलोमीटर की दूरी पर 72 टन प्लास्टिक कचरे को साफ किया।

## 35,980 छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स में प्रशिक्षित किया गया : सीएम

विशाखापत्तनम, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने शुक्रवार को राज्य में माइक्रोसॉफ्ट के माध्यम से 35,980 छात्रों के लिए सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण पूरा करना एक गर्व का क्षण बताया, जो देश में अपनी तरह का पहला है। आंध्र विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह हॉल में सुबह माइक्रोसॉफ्ट प्रमाणन प्रस्तुति कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 1.62 लाख उम्मीदवारों को 40 सॉफ्ट स्किल कोर्स में प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक प्रत्येक छात्र पर 25,000 से 50,000 रुपये खर्च किए हैं, जो अब तक इस कार्यक्रम के तहत छात्रों पर बोझ डाले बिना लगभग 32 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि सॉफ्ट स्किल से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.